

शेयर बाजार में तीन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा-12



ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता में किया रोड शो, मांगा जनसमर्थन-12



जस्टिस स्वर्णकांता की अदालत में पेश होने से केजरीवाल का इन्कार-13



हमें ब्रेक चाहिए और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी : ऋषभ पंत-14

आज का मौसम
38.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.48


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी 06:52 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 28 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 25, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए, 100% निर्यात को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच



एफटीए के दौरान उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मंत्री टॉड मैक्ले।

## दोनों देशों ने किए हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया ऐतिहासिक क्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- किसानों, युवाओं और एमएसएमई को होगा बड़ा लाभ, श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को ''पीढ़ियों में एक बार'' होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारतीय निर्यात को न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके लिए न्यूजीलैंड की संसद की मंजूरी लेनी जरूरी होगी, जबकि भारत में इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल स्वीकृति देता है। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों के भीतर 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की प्रतिबद्धता जताई है। इससे पहले यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में भी 100 अरब डॉलर का निवेश वादा किया गया था। यह करार पांच वर्षों में द्विपक्षीय वस्तु एवं सेवा व्यापार को दोगुना कर पांच



अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह एफटीए किसानों, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई, कारीगरों, स्टार्टअप एवं नवाचार करने वालों को लाभ पहुंचाएगा तथा कृषि, विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करेगा। मोदी ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड की 20 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे दोनों देशों के लिए अधिक समृद्ध और गतिशील भविष्य का रास्ता खुलेगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे ''पीढ़ियों में एक बार'' होने वाला समझौता करार देते हुए कहा कि इससे निर्यातकों को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक अभूतपूर्व पहुंच मिलेगी।वर्तमान में यह आंकड़ा करीब 2.4 अरब डॉलर है। इस समझौते के तहत भारत के वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे निर्यातों को न्यूजीलैंड में पूर्ण शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। पहले न्यूजीलैंड इन पर 10 प्रतिशत तक शुल्क लगाता था।

### भारत ने न्यूजीलैंड के लिए 70% शुल्क श्रेणियों पर दी रियायत

दूसरी तरफ, भारत ने न्यूजीलैंड के लिए लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों पर रियायत दी है, जो द्विपक्षीय व्यापार के 95 प्रतिशत मूल्य को कवर करती हैं। हालांकि कुछ उत्पादों को समझौते के दायरे से बाहर भी रखा गया है। इनमें डेयरी (दूध, मलाई, दही, पनीर), पशु उत्पाद (भेड़ के मांस को छोड़कर), कृषि वस्तुएं (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु/वनस्पति वसा एवं तेल, हथियार एवं गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा एवं उससे बने उत्पाद (कैथोड, कार्ट्रिज, रॉड, कॉइल) तथा एल्युमीनियम एवं उससे जुड़े उत्पाद शामिल हैं। दूसरी तरफ, भारत न्यूजीलैंड के कुछ उत्पादों जैसे लकड़ी, कोकिंग कोल, धातु स्क्रैप, भेड़ का मांस और कच्ची खाल को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। वहीं न्यूजीलैंड से आने वाले पेट्रोलियम तेल, वनस्पति तेल और मशीनरी पर शुल्क चरणबद्ध तरीके से कम किए जाएंगे। कुछ उत्पादों जैसे मनुका शहद, सेब और कीवी पर कोटा-आधारित रियायतें दी गई हैं, जिनमें न्यूनतम आयात मूल्य और अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि घरेलू किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 की मौत

**जूबा।** दक्षिण सूडान की राजधानी जूबा के बाहरी इलाके में सोमवार को विमानन कंपनी सेसना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 13 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि खराब मौसम और कम दृश्यता होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया होगा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो लोग केन्या के नागरिक थे, जबकि बाकी 12 दक्षिण सूडान से थे।

### निलंबित डीआईजी भुल्लर और उनसे जुड़े संगठनों पर छापेमारी

**चंडीगढ़।** ईडी ने राज्य पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे जुड़े संगठनों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत सोमवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं। यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है, जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र हैं। देश में रहने वाला कोई भी भारतीय नागरिक, जिसकी आयु 31 जुलाई 2026 तक पांच वर्ष से 18 वर्ष से अधिक न हो, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

# जय श्रीराम पर नहीं होगा प्रतिबंध बंद होगी सड़कों पर इफ्तारी : योगी

## कहा- ममता दीदी जय श्रीराम और हर-हर महादेव बोलने पर हो जाती हैं नाराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नादिया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को टीएमसी की ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने पर 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन सड़कों पर इफ्तारी की दावत जरूर बंद जरूर हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार धार्मिक भावनाओं को लेकर भेदभाव कर रही है।

योगी ने बंगाल के हुगली, नदिया व उत्तर 24 परगना में आखिरी चरण के मतदान से पहले जनसभाओं और रोड शो को संबोधित करते हुए में कहा कि कभी कला, साहित्य और औद्योगिक विकास के लिए पहचाने जाने वाले बंगाल को पिछले 15 वर्षों में टीएमसी शासन ने कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है और जनता



हुगली के धानेखाली क्षेत्र में जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी।

बदलाव चाहती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धार्मिक आयोजनों और परंपराओं पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले जहां दंगे और कर्फ्यू आम बात थे, वहीं अब प्रदेश में शांति और सुरक्षा का माहौल है। अपराधियों में भय और पुलिस का मनोबल ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि गुंडा टैक्स, अवैध वसूली और माफियाराज पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। कहा कि यूपी में निवेश व विकास का माहौल बना है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। प्रदेश में महिलाओं, व्यापारियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसी मॉडल को बंगाल में लागू करने की बात कहते हुए डबल इंजन सरकार को विकास और सुशासन की गारंटी बताया।

- मुख्यमंत्री बोले- 15 वर्षों में टीएमसी ने बंगाल को किया कंगाल, यूपी को बताया सर्वोत्तम

### नादिया और उत्तर 24 परगना में रोड-शो में लगे योगी-योगी के नारे

नदिया के कल्याणी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड-शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सड़कों पर 'वंदे मातरम' और 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे। लोगों ने छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसे जनता के समर्थन का संकेत बताया। वहीं, उत्तर 24 परगना के दमदम में आयोजित रोड-शो में भी भारी भीड़ देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में ''योगी-योगी'' के नारे लगे। उन्होंने जनता का आभार जताते हुए कहा कि राज्य बदलाव के लिए तैयार है।

# ईरान ने परमाणु समझौते के बिना होर्मुज को खोलने का दिया प्रस्ताव

दुबई, एजेंसी

- ईरानी सांसद बोले- पाकिस्तान मध्यस्थ बनने के लायक नहीं, वह अमेरिका के पक्ष में झुका है
- तेहरान के नए प्रस्ताव के बावजूद अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता पर अनिश्चितता



ईरान ने परमाणु समझौता किए बगैर होर्मुज को फिर से खोलने के लिए अमेरिका को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव की जानकारी रखने वाले दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता किए के बिना होर्मुज को खोलने की पेशकश कर रहा है। समझौते को लेकर बंद कमरें में हुई बातचीत के बारे अधिकारियों ने बताया कि ईरान अपने प्रस्ताव में अमेरिका से देश की नाकेबंदी को भी समाप्त करने की मांग कर रहा है।

पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को भेजे गए इस नए प्रस्ताव को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित एक समग्र समझौते के तहत युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जा सके। ट्रंप ने ''फॉक्स न्यूज चैनल'' से कहा, हमारे पास सभी विकल्प मौजूद हैं। अगर वह बात करना चाहते हैं, तो हमारे पास आ सकते हैं, या हमें बुला सकते हैं। वहीं, ईरानी संसद के प्रवक्ता इब्राहिम रजाई ने सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता को लेकर पाकिस्तान की मध्यस्थता पर कड़ी आलोचना करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि ''मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के पास आवश्यक विश्वसनीयता नहीं है। सांसद ने आरोप लगाया कि इस्लामाबाद ''हमेशा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हितों का ध्यान रखता है और अमेरिकियों की इच्छा के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं बोलता। पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान का मानना है कि एक मध्यस्थ को निष्पक्ष होना चाहिए और दोनों पक्षों को असहज सच बोलने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान विफल रहा है। वहीं, पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के समाधान के लिए तेहरान और वाशिंगटन में दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस की यात्रा पर हैं।

### टोगो फ्लैग वाले टैंकर पर ईरान का हमला जहाज में सवार थे 12 भारतीय, बाल-बाल बचे

ईरान ने टोगो के झंडे वाले केमिकल टैंकर पर हमला किया है। इस जहाज पर कुल 12 भारतीय क्रू मेंबर मौजूद थे। यह घटना ओमान के शिनास पोर्ट के बाहर हुई। जहाज उस समय दूसरे जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था तभी ईरान की कोस्ट गार्ड ने उसे रोक लिया और चेतावनी के तौर पर गोली भी चलाई। इसके बाद जहाज को रोककर जांच की गई। शिपिंग मिनिस्ट्री ने साफ कहा कि किसी भी भारतीय को नुकसान नहीं पहुंचा है।

# भाई ने बहन का गला रेतकर की हत्या

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव फरहेदी में बड़े भाई ने बहन की दरांती से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के वक्त परिजन घर में नहीं थे। वापस आने पर बेटी का शव फर्श पर खून से लथपथ देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

फरहेदी गांव निवासी भरत सैनी के घर में उनकी पत्नी कुसुम, बेटा विक्की, भोला और बेटी रीता (17) हैं। रविवार रात को भरत सैनी, कुसुम और भोला एक लगन समरोह में गए



मृतक रीता



आरोपी विक्की

थे। जबकि विक्की और रीता घर पर रह गए थे। लगन समारोह से रात करीब 1 बजे भरत, कुसुम और भोला वापस आए तो घर में बेटी का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। बेटी का शव देखकर चीखपुकार मच गई और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी

- कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव फरहेदी की घटना

ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, सीओ अशोक कुमार सिंह, थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त की गई दरांती भी बरामद कर ली है। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि फरहेदी गांव में भाई ने ही बहन की हत्या की है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी पर भाई ने बहन की हत्या कर दी।

## प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय यूपी दौरा आज से

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार 28 अप्रैल से यूपी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। 28 अप्रैल को पहले दिन अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और 6350 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मोदी 1050 करोड़ की लागत से पूरी हुई 48 से अधिक परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। रेल कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने के लिये दो नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।



- वाराणसी में महिला सम्मेलन को करेंगे संबोधित

विस्तृत प्रदेश पेज पर

# आप के सात सांसद भाजपा में आधिकारिक तौर पर शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने आधिकारिक तौर पर किया स्वीकार
- उच्च सदन में अब आप के सदस्यों की संख्या 3 और भाजपा की 113 हुई

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आप के सात सांसदों का भाजपा सदस्य माने जाने का अनुरोध सोमवार को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया, जिससे उच्च सदन में अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप के सदस्यों की संख्या 10 से घटकर तीन रह गई। इसके साथ ही भाजपा सदस्यों की संख्या बढ़कर 113 हो गई है।

राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता वे सात सांसद हैं जो आम आदमी पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। राज्यसभा की वेबसाइट पर अब इन सातों सांसदों को भाजपा के सदस्यों की सूची में दिखाया गया है। उच्च सदन में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल सात सांसदों में से छह भाजपा के साथ हैं और केवल एक सांसद आम आदमी पार्टी के साथ हैं। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल तीन सांसदों में से दो अब आप के साथ हैं जबकि एक भाजपा के साथ है।

# बंगाल चुनाव : टीएमसी सांसद पर हमला सीआईएसएफ जवान को लगी गोली

कोलकाता, एजेंसी

- बुधवार को दूसरे चरण के मतदान से पूर्व कई जगह हुईं घटनाएं

दक्षिण पश्चिम बंगाल में हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में तौर पर तृणमूल कांग्रेस की एक सांसद पर हमला किया गया और सीआईएसएफ के एक जवान को गोली मार दी गई। राज्य में बुधवार को दूसरे चरण का चुनाव होना है।

हुगली जिले में, आरामबाग की सांसद मिताली बाग ने सोमवार को आरोप लगाया कि जब वह पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी की रैली में शामिल होने जा रही थीं, तब गोघाट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला और दलित जन प्रतिनिधि होने के बावजूद, उन्हें फासीवादी भाजपा द्वारा संरक्षित गुंडों ने निशाना बनाया। भाजपा ने आरोपों का खंडन करते हुए इस घटना को नाटक बताया और इसके बजाय तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर उनके नेता पर हमला करने का आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग ने मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। एक अन्य घटना में, रविवार देर रात उत्तरी 24 परगना के भाटपारा में भाजपा उम्मीदवार पवन सिंह के आवास के बाहर हुई गोलीबारी में सीआईएसएफ का एक जवान घायल हो गया।

### चुनाव बाद 60 दिन तक तैनात रहेंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद 60 और दिन तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव के अंतिम चरण में 'दीदी के गुंडों' से डरे बिना मतदान करने की अपील की। शाह बेहाला में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां 29 अप्रैल को दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होना है। कहा कि वोट जरूर दीजिएगा, गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है।

कवायद

नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई नींव रख रही सरकार

# प्रदेश में महिलाओं के लिए कार्यस्थल होंगे सुरक्षित

- हर जिले में नियमित अंतराल पर आयोजित होंगे 'पॉश' से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,



प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 ('पॉश' एक्ट) के प्रावधानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत सरकारी और निजी संस्थानों के अधिकारी, कर्मचारी, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य, कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। 'पॉश' अधिनियम के तहत कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक आचरण, जो महिला की गरिमा को प्रभावित करता है, को यौन उत्पीड़न माना गया है। दस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जबकि जिला स्तर पर स्थानीय समिति शिकायतों की सुनवाई करती है। शिकायत दर्ज करने की समय-सीमा तीन महीने निर्धारित है जांच 90 दिनों में पूरी करना जरूरी है। कार्यस्थलों पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।इसके अलावा अभियान में कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जा रही है।

### महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर दिया गया जोर

अभियान में 'पॉश' अधिनियम के अलावा कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जा रही है। मातृत्व अवकाश के लाभ, समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य-सुरक्षा प्रावधान, श्रमिक कानूनों के तहत विशेष सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग और बीमा योजनाओं तक पहुंच जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक सशक्तीकरण ही वास्तविक महिला सुरक्षा का आधार है।

## न्यूज ब्रीफ

### गन्ना भरी ट्रैक्टर- टॉली पलटी, किसान की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** ग्राम रठौडा मिलक निवासी होरीलाल पुत्र शिवचरण गंगवार सोमवार को मीरगंज, बरेली से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ने का बीज लेकर आ रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर उनके साथ दो अन्य व्यक्ति भी सवार थे। ग्राम धनेली पूर्वी के ओवर ब्रिज के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में होरीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रॉली में सवार टिंकू उर्फ भगवानदास और लीलाधर निवासी दोसास थाना मीरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक होरीलाल

### दिव्यांगजन विवाह योजना में करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15,000 युवती के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 20,000 तथा युवक-युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में 35,000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। कोई आयकर दाता न हो। स्थाई दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिये। विवाह रजिस्ट्रार के स्तर पर पंजीकृत होना अनिवार्य नहीं है। दंपती प्रदेश का स्थाई निवासी हो या कम से कम पांच वर्ष से उसका अधिवासी हो, जिसके पास पूर्व से कोई जीवित पति या पत्नी न हों और उनके ऊपर महिला उत्पीड़न या अन्य आपराधिक वाद न चल रहा हो यह पात्रता की शर्तें हैं।

### मादक पदार्थ तस्कर चरस के साथ पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार की देर रात गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर मोहम्मद इकबाल निवासी चक्कर की मिलक को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक किलो 93 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश जहां से उसे जिला कारागार भेजा गया है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिली है, पुलिस इसमें लिप्त अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### पोस्ट किया आपत्तिजनक वीडियो, गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को थाना कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वायरल एक वीडियो में आरोपी द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। साथ ही हिंदू धर्म एवं महाभारत युद्ध को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं, जिससे लोगों की भावनाएं आहत होने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने आरोपी कौशर हयात निवासी पीतल नगरी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

#### जामा मस्जिद में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह अबू शावेश का स्वागत

# फिलिस्तीन के लोग कला और सांस्कृतिक रूप से भारत के बहुत करीब

- कहा- भारत ने हमेशा की आर्थिक और चिकित्सा संबंधी मदद
- सौलत लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और इमामबाड़ा का दौरा किया

कार्यालय संवाददाता रामपुर



जामा मस्जिद में राजदूत का स्वागत करते लाइब्रेरी के चेयरमैन व पूर्व मंत्री नवेद मियां।

**अमृत विचार:** फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह अबू शावेश का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। फिलिस्तीन के राजदूत ने कहा कि भारत ने हमेशा ही फिलिस्तीन को सहायता प्रदान की है। भारत से उनके देश के रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं।

उन्होंने सौलत पब्लिक लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और इमामबाड़ा किला का भी दौरा किया। रामपुर दौरे के दौरान सामाजिक व राजनैतिक व्यक्तियों के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग विशेषकर शिया व सुन्नी उलेमा ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रमों में फिलिस्तीन के प्रति हमदर्दी देखने को मिली। राजदूत ने सामाजिक शख्सियत लल्लन खां ठेकेदार के आवास पर बैठक में हिस्सा लिया। शहर इमाम हजरत मौलवी नासिर खां और शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली मोहम्मद नक़वी की राजदूत से लंबी बातचीत हुई। कार्यक्रम में फिलिस्तीनी राजदूत अब्दुल्लाह अबूशावेश ने कहा है कि भारत और फिलिस्तीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से बहुत मजबूत रहे हैं। भारत ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी और यूएन में भी फिलिस्तीन का सपोर्टर रहा है। भारत ने 1996 में गाजा और फिर रामल्लाह में अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोले। समय-समय पर भारत ने फिलिस्तीन की आर्थिक और चिकित्सा संबंधी मदद की है। भारत सरकार वहां एक अस्पताल भी बना रही है। राजदूत ने कहा कि फिलिस्तीन के लोग कला और सांस्कृतिक रूप से भारत के बहुत करीब है। यहां की कई फिल्में फिलिस्तीन में बहुत लोकप्रिय रही हैं। अमिताभ बच्चन व जीनत अमान समेत की कई किरदार पसंद किए जाते हैं।

इस दौरान पूर्व विधायक अफ़रोज़ अली खां, बाबर अली खां, मौलाना अंसार रजा, मौलाना असलम जावेद क़ासमी, अदनान ज़ियाई, काशिफ खां, मौलाना शाह खालिद खान, धर्मेंद्र देव गुप्ता, मौलाना मूसा रजा, मौलाना जमा बाकरी, राजा खां, फिरोज सज्जाद खां, तनवीर भैया, इमरान अजीज, रफी खान, शाहरुख़, हाजी नाजिश खां, अजहर खान, अहतेशाम सहरी, अकबर खां, अब्दुल जब्बार खां, जीशन रजा खां आदि मौजूद रहे।

### अंतराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग दोहराई

उन्होंने नवेद मियां के निमंत्रण पर रामपुर पहुंचे कार्यक्रमों में अपने देश की स्थिति को सामने रखा और अंतराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि गाजा में चल रहे इजरायली युद्ध से फिलिस्तीनी महिलाओं और युवतियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि गाजा में महिलाओं को सबसे अधिक पीड़ा झेलनी पड़ी है। मारे गए लोगों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं, जबकि लगभग दस लाख महिलाओं और लड़कियों को जबरन विस्थापित किया गया है।

### फिलिस्तीन में स्वच्छ पानी और अन्य सुविधाओं की काफी ज्यादा कमी

राजदूत ने कहा कि उनके देश में स्वच्छ पानी और स्वच्छता से संबंधित सुविधाओं तक पहुंच में भारी कमी आई है, जिससे पहले से ही दयनीय जीवन परिस्थितियां और भी बदतर हो गई हैं। रिपोर्ट में महिलाओं पर पड़ने वाले भारी मनोवैज्ञानिक प्रभाव का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें व्यापक आघात और चिंता शामिल है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक आंकड़े न केवल तात्कालिक मानवीय संकट को दर्शाते हैं, बल्कि दूरगामी सामाजिक परिणामों के खतरे को भी उजागर करते हैं। स्थिति के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय ध्यान और ठोस उपायों की आवश्यकता है ताकि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा की जा सके।

### धावक जैनुल आबेदीन को सम्मानित किया

इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर के संयोजक नवेद मियां और सह संयोजक काशिफ खां की आयोजित कार्यक्रम में विश्व रिकॉर्ड होल्डर जैनुल आबेदीन को राजदूत ने सम्मानित किया। उनकी ट्रेडमिल पर दौड़ने में असाधारण सहनशक्ति की प्रशंसा की। काशिफ खां ने बताया कि वे दो बार विश्व रिकॉर्ड धारक और दो बार भारतीय रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। सामाजिक सरोकारों के लिए उनके योगदान को भी सराहा गया।

# सामान्य ज्ञान व तर्कशक्ति ने उलझाया

#### तीन दिवसीय भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन 76 प्रतिशत से अधिक रही अभ्यर्थियों की उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद


हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। • अमृत विचार


होमगार्ड की परीक्षा छूटने पर डिप्टी गंज चौराहा पर लगे जाम में फंसे लोग।

- पहली पाली में 9,466 परीक्षार्थी परीक्षा में हुए शामिल, 2,966 ने छोड़ी
- दूसरी पाली में 9,639 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, 2,793 अनुपस्थित रहे

**अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के तीसरे दिन सोमवार को अभ्यर्थियों की उपस्थिति 76 प्रतिशत से अधिक रही। पहली पाली में पंजीकृत 12,432 में 9,466 अभ्यर्थी उपस्थित रहे,जबकि 2,966 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 9,639 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे जबकि 2,793 अनुपस्थित रहे।

सोमवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा अंतिम दिन 28 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा देकर बाहर आए कुछ छात्रों के चेहरे लटके रहे तो कुछ के चेहरों पर मुस्कान दिखी। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र में होमगार्ड जैसी भर्ती में सवालों का स्तर उच्च भर्ती के जैसा था।

कुछ छात्रों ने परीक्षा में दिए गए सवालों को कठिन बताया। परीक्षा के बाद केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थी एक दूसरे से सवालों पर चर्चा करते दिखाई दिए। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि होमगार्ड की परीक्षा के लिए बनाया प्रश्न पत्र अपेक्षा से अधिक कठिन था। प्रश्नों का स्तर काफी ऊंचा था और कई सवाल घुमावदार थे। 100 अंको की परीक्षा में 100 सवालों को का उत्तर देना था।

परीक्षा बहुविकल्पीय ओएमआर शीट प्रश्न पत्र के उत्तर देने के लिए दी गई थी। निगेटिव मार्किंग न होने के बाद कई छात्र 75 से 80 तक सवालों को हल कर पाए। विशेष रूप से सामान्य ज्ञान और तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझाए रखा।

प्रशासन की ओर से परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई।

### डीएम व एसएसपी ने रेलवे स्टेशन पर देखी व्यवस्था



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए विशेष गाड़ी के संचालन व उसके आने जाने के समय की व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित रेल व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे सुनिश्चित कराएं।

# कोर्ट पहुंचा श्री काली माता मंदिर और जूना अखाड़े का विवाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अधिवक्ता के साथ महंत रामगिरि।

- सात मई को होगी सुनवाई

**अमृत विचार:** लालबाग स्थित काली माता मंदिर और सिद्धपीठ नौ देवी प्राचीन काली मंदिर में गद्दी को लेकर चल रहा विवाद थम नहीं रहा है। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े द्वारा महंतों को हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित करने के बाद भी विवाद है। सोमवार को महंत रामगिरि ने अधिवक्ता राकेश जौहरी के माध्यम से सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में याचिका दी। जिस पर सात मई को सुनवाई होगी।

महंत राम गिरि ने जूना अखाड़े द्वारा नौ अप्रैल को उन्हें महंत से हटाने को गलत प्रक्रिया से ट्रांसफर करना बताया। इसके खिलाफ उन्होंने सिविल कोर्ट मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई को नियम विरुद्ध बताया है। महंत राम गिरि ने कहा कि वह गुरु की उत्तराधिकार परंपरा के अनुसार मंदिर पर महंत हैं। मुकदमे में श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े के पदाधिकारियों अध्यक्ष, सभापति, महंत हरि गिरी सहित महंत महाकाल गिरी और हितेश्वर गिरी के भी नाम शामिल हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश जौहरी ने बताया कि जूना अखाड़े का आदेश पूर्ण रूप से गलत और आधारहीन है। उसकी कोई बाध्यता वादी राम गिरि महाराज पर नहीं है। अधिवक्ता ने बताया कि जिस लेटर के माध्यम से महंत रामगिरि को हटाने की प्रक्रिया की गई वह विधिक रुप से उचित नहीं प्रतीत हो रहा है। काली माता मंदिर श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा वाराणसी से संचालित होती है। उनका कोई आदेश नहीं है। ऐसे में हरिद्वार से जूना अखाड़े को यहां मंदिर के महंत को हटाने का कोई अधिकार नहीं प्राप्त इहोता है। उन्होंने यह भी कहा कि काली माता मंदिर में 400 वर्ष से गुरु शिष्य परंपरा चली आ रही है। इस सिलसिले में वादी महंत रामगिरि को बाकायदा महंत घोषित किया गया था। उसे खारिज नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि सात मई को मामले में सुनवाई नियत है।

# हिन्दू कॉलेज व टीडी जौनपुर के बीच एमओयू

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद


एमओयू के दौरान मौजूद दोनों कॉलेज के प्रोफेसर। • अमृत विचार

- अकादमिक व खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**अमृत विचार:** हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद और टीडी कॉलेज जौनपुर के मध्य शैक्षणिक,शोध एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इससे दोनों संस्थानों के रक्षा एवं स्ट्रैटेजिक अध्ययन विभागों के बीच अकादमिक सहयोग को नई दिशा मिलेगी। विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अवसर बढ़ेंगे।

एमओयू पर हिन्दू कॉलेज की ओर से प्राचार्य प्रो.सत्यव्रत सिंह रावत, विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद सिंह एवं सहायक आचार्य चंद्रजीत यादव ने हस्ताक्षर किए। वहीं टीडी कॉलेज की ओर से प्राचार्य प्रो. राम आसरे सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. शिखा श्रीवास्तव एवं प्रो. हिमांशु सिंह ने समझौते को औपचारिक रूप दिया। इसके अलावा, दोनों महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभागों के बीच भी एक अलग एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य खेल गतिविधियों, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। हिन्दू कॉलेज की ओर से डॉ. पंकज सिंह तथा टीडी कॉलेज की ओर से शेखर सिंह ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि चंद्रजीत यादव और डॉ. जितेंद्र सिंह परमार गवाह के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रो.सुधांशु श्रीवास्तव,आईक्यूएसी संयोजक प्रो.सुदेश सिंह,डॉ.धर्मेंद्र सिंह एवं डॉ. संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को उच्च शिक्षा में सहयोगात्मक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# यूपी ने उत्तराखंड व महाराष्ट्र ने हरियाणा को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मंडलायुक्त अनजानेय कुमार सिंह। • अमृत विचार

- सोनकपुर स्पोर्टस स्टेडियम में शुरू हुई आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता
- कई राज्यों की टीम कर रहीं प्रतिभाग, मंडलायुक्त व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्टस स्टेडियम में सोमवार को आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता ब्लाइंड स्पोर्टस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से कराई जा रही है। सोमवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह ने दृष्टिबाधित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गुब्बारे उड़ाकर किया गया।

पहला मैच उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच खेला गया। उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 237 रन बनाए। अजीत बाबू ने 131 और चंदन कुमार ने 68 रन बनाए। उत्तराखंड की ओर से एक विकेट लेकर देवेन्द्र एकमात्र सफल गेंदबाज रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड की टीम मात्र 148 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई और यूपी ने मैच 89 रन से जीत लिया। उत्तराखंड के लिए सर्वाधिक 56 रन सतेंद्र ने बताए। यूपी की ओर से अजीत और रजत ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। अजीत बाबू मैन आफ द मैच चुने गए।

दूसरा मैच हरियाणा बनाम महाराष्ट्र के बीच खेला गया। हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 95 रन बनाए। आदिल ने 18 और हिमांशु ने 12 रन बनाए। वहीं, महाराष्ट्र की टीम की ओर से प्रशांत जगताप और प्रणव ने दो-दो विकेट लिए। महाराष्ट्र की टीम ने नौ विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रशांत जगताप ने नाबाद 73 रन की पारी खेलकर महाराष्ट्र को जीत दिलाई और मैन द ऑफ द मैच भी चुने गए।

इस अवसर पर ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. अजय पाठक, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक राम विनय कुमार सिंह एवं मुख्य प्रबंधक विवेक गर्ग बैंक आफ बड़ौदा, क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई वरुण यादव, नवनीत कुमार गौर, सीए गौरव गुप्ता सहित कई खेलों के कोच उपस्थित रहे।

# झुलसी महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, टांडा


सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

- परिवार वालों ने मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर लगाया जाम
- महिलाओं ने सड़क पर लेटकर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार:** सप्ताह भर पहले आग झुलसी विवाहिता की सोमवार को दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। रात में विवाहिता के परिवार वालों ने किया मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। कार्रवाई को लेकर सड़क पर लेट गए और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करखेड़ी निवासी रुपकिशोर ने बेटी की शादी लगभग ढाई वर्ष पहले दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के मुवाना निवासी रोहित के साथ की थी। बीते सप्ताह गृह क्लेश के चलते आग से झुलस गई थी, जिसको परिवार वाले उपचार के लिए दिल्ली ले गए थे, जिसने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, सोमवार को परिवार के लोग पोस्टमार्टम के बाद बॉडी को टांडा ले आये और भगतपुर मार्ग पर एम्बुलेंस खड़ी कर ससुराल पक्ष के लोगों पर जलाकर मारने के आरोप के साथ जाम लगाने लगे। पुलिस के समझाने के बावजूद परिवार के लोग हटने को तैयार न थे। घंटो जाम के बाद वह मुरादाबाद बाजपुर मार्ग को जाम करने लगे। यहां परिवार के लोगों ने रोड पर लेटकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई। मामले में पुलिस कर्मी परिवार को कार्रवाई का आश्वासन देते रहे। लेकिन देर रात तक जाम नहीं खोला जा सका।

# बहन को मारने के बाद छत पर जाकर सो गया था विक्की

**फरहेदी कांड**

- घरवालों से आए दिन झगड़ता था आरोपी, बहन से भी कई बार कर चुका है मारपीट
- छेड़छाड़ के मामले में जा चुका है जेल, छोटे भाई पर भी कर चुका है जानलेवा हमला

संवाददाता, कुंदरकी


रीता के रोते बिलखते परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** फरहेदी गांव में रविवार रात भाई विक्की द्वारा अपनी बहन रीता का गला रेत हत्या करने की घटना से क्षेत्र में डर और चिंता का माहौल है। बेखौफ विक्की बहन की हत्या करने के बाद छत पर जाकर सो गया। हर किसी की जुबां पर हत्याकांड की चर्चा है। झगड़ालू प्रवृत्ति का विक्की भाई पर जानलेवा हमला कर चुका है तो छेड़छाड़ के मामले में जेल भी जा चुका है। घर वाले भी उसकी हरकतों से परेशान हो चुके थे। पुलिस विक्की से पूछताछ कर रही है। देखा जा रहा है कि हत्याकांड को उसने अकेले ही अंजाम दिया या कोई और भी उसके साथ था।

रात में लगभग जब एक बजे परिवारवाले घर लौटे तो बेटी का शव देखकर सन्न रह गए। घर में विक्की कहीं दिखाई नहीं दिया। जब उसे तलाश करने लगे तो वह खून से सने कपड़े पहने छत पर सोता मिला। जिसने भी यह वारदात सुनी वह सन्न रह गया। ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में घबरा रहे हैं, विशेषकर महिलाएं। पड़ोसियों का कहना है कि विक्की घर में हमेशा झगड़ा करता रहता था। रीता से छोटे-मोटे विवाद आए दिन होते थे। पिता के साथ भी चीख-चिल्लाकर बात करता। होली के दिन भाई भोला पर जानलेवा हमला कर चुका है। आरोपी विक्की ने खून के रिश्तों को तार-तार कर दिया। हालांकि, उसका कोई विशेष आपराधिक रिकार्ड नहीं है, लेकिन छेड़छाड़ का मामला व एससी-एसटी एक्ट के तहत जेल जा चुका है। ग्रामीणों ने कहा, ''ऐसा लड़का घर में था तो किसी न किसी की जान को खतरा था ही। पिता भी रोते हुए बोले मेरी बेटी को मार डाला, इसे सजा मिले। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी है। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया, घरेलू कलह मुख्य वजह लग रही। पीएम रिपोर्ट व फॉरेंसिक जांच से जल्द खुलासा होगा

**आरोपी के चेहरे पर नहीं दिखी शिकन :** भरत सैनी पत्नी कुसुम, और बेटा भोला के साथ रिश्तेदार के यहां लगन समारोह में गए थे। घर पर उन्होंने बेटी रीता और बड़े बेटे विक्की को छोड़ दिया था। रात करीब 1 बजे वापस आए तो बेटी का शव फर्श पर पड़ा था। रीता का शव देखकर सबकी चीख निकल गई। लोग मौके पर पहुंच गए। विक्की कहीं दिखाई नहीं दिया।

तलाश करने पर विक्की छत पर चारपाई पर लेटा हुआ था। उसके कपड़े और हांथ खून से सने थे। विक्की को देखकर सभी समझ गए इसी ने रीता को मौत के घाट उतारा। उसके चेहरे पर कोई पछतावा या शिकन नहीं थी। पूछने पर इधर उधर की बातें बताता रहा। प्रयुक्त दरांती बरामदगी करा दी। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि रीता की हत्या किस वजह से की है।

### जिसे हिफाजत को छोड़ा, उसी ने ली जान

जिस वक्त भरत सैनी परिवार सहित लगन समारोह में गए, उस वक्त उन्होंने विक्की से कहा कि रीता घर में अकेली है। उसकी देखभाल करना, वह डरे नहीं और परेशान नहीं करना। परिजनों को क्या पता था कि जिस भाई को हिफाजत के लिए छोड़कर जा रहे हैं। वहीं भाई रीता की जान का दुश्मन बन जाएगा। हालांकि गांव के लोगों और परिजनों का कहना है कि विक्की मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है। इसलिए उसने ऐसा कार्य किया है। बताया जाता है कि होली पर भी विक्की ने अपने भाई भोले पर जान लेवा हमला किया था।

## शहर में आज

- सनातन धर्म मंदिर मिलन विहार में बेदी पूजन, नगर यात्रा सुबह 9 :00 बजे
- बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण एवं मध्याह्न भोजन समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक शाम 4 :00 बजे
- यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में सेवा व भोजन वितरण शाम 5 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग छात्रों के वाहन चलाने पर सख्ती, स्कूल प्रबंधन होगा जिम्मेदार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त है। डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर अब नाबालिग छात्र-छात्राओं के स्कूल आने-जाने में स्कूटी और मोटरसाइकिल के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में 20 अप्रैल को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक में सामने आया कि बड़ी संख्या में नाबालिग छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस के दोपहिया वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं, जो न केवल अवैध है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाता है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया था कि जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी नाबालिग छात्र वाहन चलाकर विद्यालय न आए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी थी कि यदि किसी विद्यालय की आकस्मिक जांच में छात्र-छात्राएं बिना लाइसेंस या सुरक्षा मानकों के वाहन चलाते मिले तो संबंधित स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### छविगृह व मल्टीप्लेक्स में प्रचारित करें लू से बचाव की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने एकल छवि गृह डिजिटल और मल्टीप्लेक्स सिनेमा संचालकों को लू के प्रति जागरूकता के लिए जानकारी निशुल्क प्रदर्शित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के हवाले से सहायक आयुक्त राज्य कर खंड एक नोडल अधिकारी मनोरंजन कर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू के लक्षण से संबंधित जारी वीडियो क्लिप्स का नि :शुल्क प्रचार करने के लिए संचालकों से कहा है।

# एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में राजेन्द्र एकेडमी ने विल्सोनिया कॉलेज को हराया

- मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें मुरादाबाद मंडल की 20 से अधिक स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शुरुआत प्रधानाचार्य शकील अहमद, कॉर्डिनेटर सुशील कुमार ने किया। विल्सोनिया कॉलेज और राजेंद्र एकेडमी के मध्य खेले गए मैच में विल्सोनिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 44 रनों का लक्ष्य दिया।

जवाब में राजेन्द्र एकेडमी ने 6.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर जीत हासिल की। व्हाइट हॉल स्कूल रामपुर बनाम डायमंड पब्लिक स्कूल के बीच मैच में डायमंड पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और आठ ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए। जवाब मेंव्हाइट हॉल की टीम ने 4.2 ओवर में बिना विकेट खोए 4 रन से जीत हासिल की । वहीं एक मैच गांधी नगर पब्लिक स्कूल बनाम महाराजा अग्रसेन स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें गांधी नगर की टीम ने 3.2 ओवर बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया।


मॉडर्न पब्लिक स्कूल में क्रिकेट क्रिकेट मे प्रतियोगिता में शॉर्ट लगाता खिलाड़ी।

आखिरी मैच मॉर्निंग सन एकेडमी बनाम शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें शेमफोर्ड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और आठ ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 77 रनों का लक्ष्य दिया।

जवाब में मॉर्निंग सन एकेडमी की टीम ने 6 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य की प्राप्ति की । आयोजन सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि मंगलवार को 12 टीमों के बीच 6 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह आठ बजे होगा।

## प्रक्रिया में चयनित बच्चों को दिलाए जा रहे एडमिशन, 1400 को मिला दाखिला

# आरटीई: पहले मनमानी, अब धड़ाधड़ हो रहे प्रवेश

- धांधली पकड़ में आने के बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई के बजाय हो रही लीपापोती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में मनमानी की सारी सीमाएं तोड़ दी गईं। गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाले एडमिशन पर विभाग के अधिकारी और जिला समन्वयक कुंडली मारकर बैठ गए। सरकार के नियमों के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों के हक पर भी डाका डाल दिया गया। हर वर्ष आरटीई के तहत होने वाले एडमिशन में धांधली की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन कभी कार्रवाई नहीं हुई। अब प्रशासन की सख्ती के बाद केवल बच्चों के धड़ाधड़ एडमिशन कराए जा रहे हैं। चार दिनों में ही लगभग 14 सौ बच्चों को आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश दिला दिया गया है। लेकिन धांधली को अंजाम देने वालों को सजा देने के नाम पर लीपापोती हो रही है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 13 हजार सीटों पर आवेदन किए गए थे। तीन चरण में पूरी हुई इस प्रक्रिया में लाटरी के माध्यम से जिले भर के 728 विद्यालयों में 7,124 विद्यार्थियों को एडमिशन मिले थे। सरकार की ओर से कम फीस मिलने के कारण निजी स्कूल आरटीई के एडमिशन लेने में आनाकानी करते हैं। जिसके कारण केवल 32 विद्यार्थियों को ही प्रवेश मिला। स्कूल संचालकों की मनमानी से परेशान अभिभावक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। जब मामला शासन में पहुंचा और केवल 44 प्रतिशत एडमिशन की रिपोर्ट मिली तो सख्त आदेश दिए गए। आरटीई को लेकर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने भी जल्द से जल्द प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने और संबंधित जिला समन्वयक के निलंबन का आदेश दिया था। अधिकारियों का कहना है कि पांच बीईओ और संकुल शिक्षकों को दाखिला सुनिश्चित करवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### पिछले कई वर्षों से हो रही थी मनमानी

आरटीई के तहत होने वाले प्रवेश में पिछले कई वर्षों से मनमानी चल रही है। इस प्रकरण की लगातार शिकायत भी हुईं और मामले में पकड़ में आए थे, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण जिला समन्वयक के हौसले बढ़ते चले गए।

### जिला समन्वयक के विरुद्ध चल रही जांच

डीएम ने बीएसए को जिला समन्वयक अमित सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए थे। इसके बजाय दो सदस्यीय जांच कमेटी बना दी गई। जबकि जिला समन्वयक ने कार्य भार छोड़ने में भी एक सप्ताह का समय लगा दिया। बीएसए ने प्रशासन की सख्ती के बाद अमित कुमार को जिला समन्वयक पद से कार्यमुक्त कर नए जिला समन्वयक को पदभार ग्रहण कराया गया है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल इस प्रकरण की जांच कर रहे हैं। आरोप है कि यू-डाइस पोर्टल पर आरटीई की सीटों में छेड़छाड़ की गई है। अब देखना है कि बच्चों शिक्षा के अधिकार में धांधली करने वालों पर क्या कार्रवाई होती है।

# विपक्षी दलों को महिला सशक्तिकरण से परहेज

## भाजपा की ओर से आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में गरजे पदाधिकारी व कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा के तत्वावधान में सोमवार को बुद्धि विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं के अधिकार एवं सम्मान के समर्थन में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि विपक्षी दल महिलाओं के सशक्तिकरण से घबराते हैं और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते इसीलिए लोकसभा में यह संविधान संशोधन बिल गिराया गया। महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करती हैं, जरूरत सिर्फ उन्हें अवसर देने की है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। संसद के विशेष सत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के सरकार का प्रयास विपक्ष के विरोध के चलते सफल नहीं हो सका।


कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार व कार्यकर्ता।

- महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक: प्रभारी मंत्री

विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रश्मि रावल ने कहा कि संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने देना विपक्ष की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस बिल का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया है। विपक्ष ने इस मुद्दे का मजाक उड़ाया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है, जब महिलाएं सशक्त और निर्णय प्रक्रिया में सहभागी हों। कार्यक्रम संयोजक अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है। डॉ मीनू मेहरोत्रा ने कहा कि समय आने पर महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को करारा जवाब देंगी। संचालन भाजपा महानगर महामंत्री व नारी शक्ति वंदन अभियान के महानगर संयोजक विशाल त्यागी ने किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, शमी भटनागर, अमित शर्मा जिला महामंत्री नवीन चौधरी, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, आदेश चौधरी, अश्विनी शर्मा, दीक्षांत चौधरी अभिषेक चौबे, कपिल देव, मयूर भाटिया, सुनीता शर्मा, वनिता मेहरोत्रा, सिमरन कौर जाटव, रंजना शर्मा, रुचि चौधरी, शीतल राजपूत, कविता गुप्ता, कमला वर्मा, अशोक सैनी, रमेश सैनी, रचना अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को खलनायक साबित करने में जुटी भाजपा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन बिल पास न होने देने पर भाजपा के निशाने पर विपक्षी दल हैं। पार्टी इस मुद्दे पर विपक्ष को खलनायक साबित कर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी लीड लेने की अभी से तैयारी में है। लोकसभा में इस विषय पर लाए गए प्रस्ताव के गिरने के बाद से भाजपा कांग्रेस, सपा सहित अन्य सभी विपक्षी राजनीतिक दलों पर पूरी तरह से हमलावर है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भी इसे प्रमुख मुद्दा बनाकर पार्टी ने नारी शक्ति का सहानुभूति हासिल करने की पूरी कोशिश की। वहीं अब अगला लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में होने वाला विधान सभा चुनाव है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कार्यक्रम हो रहे हैं। पदयात्रा तो कभी विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन कर उन पर आधी आबादी के अधिकारों को छीनने का आरोप मढ़ा जा रहा है। इसके माध्यम से सपा, कांग्रेस व अन्य दलों को इस मुद्दे पर खलनायक साबित कर आगामी विधानसभा चुनाव में लीड लेने की रणनीति पर भाजपा का थिंक टैंक चल रहा है।

# उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

- जिला कृषि अधिकारी ने दी किसानों को जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जनपद में खरीफ सीजन को लेकर उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह ने दी है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में यूरिया, एनपीके, डीएपी, एमओपी और एसएसपी की पर्याप्त आपूर्ति कराई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि यूरिया के 64,334 मीट्रिक टन लक्ष्य के मुकाबले 30,660 मीट्रिक टन, एनपीके के 13,391 के सापेक्ष 14,587 मीट्रिक टन तथा डीएपी के 3,333 के सापेक्ष 6,566 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावा एमओपी और एसएसपी की भी लगभग लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।किसानों की आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों की लगातार आपूर्ति जारी है। सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित दर पर ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सख्त हिदायत दी गई है कि उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग नहीं की जाएगी और प्रत्येक दुकान पर प्रतिदिन स्टॉक व मूल्य का विवरण प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।उन्होंने विक्रेताओं को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी जोत और फसल के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाए तथा प्रत्येक बिक्री पर कैश मेमो देना अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि उर्वरक खरीदते समय किसान फार्मर आईडी या आधार कार्ड साथ रखें और पीओएस मशीन से रसीद अवश्य लें।

यदि कहीं अधिक मूल्य वसूला जा रहा है या जबरन अन्य उत्पाद दिए जा रहे हैं, तो इसकी सूचना इस व्हाट्सएप नंबर 7839882748 पर दें। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसान फसलों में उर्वरकों का उपयोग निर्धारित मात्रा में ही करें, क्योंकि अधिक प्रयोग से फसलों में रोग और कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है।

# सफाई व लाइट के हालात पर मंत्री नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सर्किट हाउस सभागार में स्थानीय जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। पिछले महीने हुई जिला प्रशासनिक समन्वय समिति (कोर कमेटी) एवं विकास/निर्माण कार्यों आदि की बैठक में दिए निर्देशों के अनुपालन का फीडबैक लिया।

प्रभारी मंत्री के चकबंदी से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा में उप संचालक चकबंदी ने बताया कि चकबंदी प्रकरणों का निस्तारण करा दिया गया है। नगर निगम में नये 19 ग्राम शामिल करने के बाद साफ-सफाई नगर निगम के द्वारा न करने और स्ट्रीट लाइटें बंद होने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई। निगम के अधिकारियों को क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर कूड़ा डालने की शिकायत पर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि कूड़ा का ढेर टाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। एमडीए में कार्यरत लेखाधिकारी की शिकायतें पर मंत्री ने जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और निगम के अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर छूटी हुई सड़कों के प्रस्ताव लें। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग नियमित है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, सदस्य विधान परिषद सतपाल सिंह सैनी, डीएम अनुज सिंह, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार।

- जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर छूटी हुई सड़कों के प्रस्ताव लेकर शामिल करें: अनिल कुमार

# लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का मुरादाबाद आने पर स्वागत किया। उनसे व्यापारी हितों की रक्षा करने की अपील की।

संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली रोड स्थित एक होटल में पहुंचने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को अशोक स्तंभ की लाट और बुके भेंटकर स्वागत किया। उनसे व्यापारी वर्ग की समस्याओं पर चर्चा कर उनके हितों की रक्षा करने का आग्रह किया। लोकसभा स्पीकर ने व्यापारियों से दिल्ली में दस मई के बाद संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहे।


लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत करते व्यापारी नेता व अन्य। ● अमृत विचार

# बिल जमा करने के बाद भी बिजली कटने पर महिलाओं का विद्युत केंद्र पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिलाओं ने बिजली विभाग के सिविल लाइन स्थित विद्युत कार्यालय सोमवार को जमकर हंगामा किया। महिलाओं का आरोप था कि बिल भुगतान करने के बाद भी बिजली कट जाती है। इसके बाद बिजली विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी फोन नहीं उठाता है। एक महिला ने बिजली कटौती के कारण बच्ची का ऑनलाइन दाखिल न हो पाने का आरोप लगाया है।

सिविल लाइन स्थित विद्युत वितरण खंड द्वितीय पर मोहल्ला मानुपर निवासी निखत परवीन मोहल्ले की बिजली आपूर्ति से परेशान कई महिलाओं के पहुंची और बिजली कटने पर हंगामा करने लगी। उसके साथ आई अन्य महिलाओं ने भी वहां मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों से बिल भुगतान करने के बाद भी बिजली कटने का कारण पूछा, बताया कि उन्होंने पूरा बिल भी जमा कर दिया उसके बावजूद भी बिजली आपूर्ति पिछले तीन दिन से बंद है। बढ़ती गर्मी के कारण छोटे बच्चे और बुजुर्गों का बुरा हाल है। महिलाओं ने विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों पर फोन न उठाने का आरोप लगााया, कहा कि 1912 पर कोई फोन नहीं उठता। उपभोक्ता बिल जमा करने के बाद भी बिजली कटौती संकट झेल रहे है।


सिविल लाइन स्थित बिजली घर में बिजली कटौती को लेकर हंगामा करते लोग।

### बिजली व्यवस्था चरमराई, कई मोहल्लों में घंटों गुल रही सप्लाई, परेशान होते रहे लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर में बिजली व्यवस्था एक बार फिर लड़खड़ा गई है। सोमवार को दीवान का बाजार, तहसील स्कूल,जामा मस्जिद, लाकड़ी बलान मोहल्लों में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं 132 केवी के तारों में हुआ फाल्ट शाम चार बजे तक सही नहीं हो पाया था। नवीन नगर,अवंतिका कॉलोनी समेत पीटीसी विद्युत केंद्र के सात फीडरों के अलावा पीली कोठी विद्युत केंद्र के उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति बाधित रही। लंबे समय के बिजली आपूर्ति गायब होने के कारण लोगों को परेशानी हुई। विद्युत केंद्र पर सुबह करीब 10 :00 बजे फॉल्ट हो गया था। हालांकि,तकनीकी खराबी को ठीक करने में बिजली विभाग को काफी समय लग गया और शाम करीब चार बजे तक भी आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी ।बिजली गुल होने से भीषण गर्मी में लोग बेहाल रहे। घरों में पंखे और कूलर बंद हो गए,वहीं पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई। व्यापारियों को भी कामकाज में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान उपभोक्ता लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन मिलाते रहे,लेकिन अधिकांश कॉल रिसीव नहीं किए गए,जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई।

> गर्मी के बढ़ते ही बिजली उपकरणों में फॉल्ट आम बात है। फॉल्ट होते ही टीम ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया था लेकिन लाइन पर लोड अधिक होने के कारण दिन में कई बार फॉल्ट होता रहा , जिसे स्थाई रूप से सही कर दिया गया है।
> **-प्रशांत कुमार**, अधीक्षण अभियंता नगरीय

> स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं के लिए आसानी है। उन्हीं उपभोक्ताओं की बिजली कट होते है जिनके रिचार्ज में पैसा माइनस दिखाता है। उपभोक्ता अपने खाते में महीने खर्च होने वाली बिजली का आकलन करें और उससे डेढ़ गुना अधिक रकम खाते में बैलेंस रखें, इससे कोई परेशानी नहीं होगी। **-अशोक कुमार चौरासिया**, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड

### स्मार्ट मीटर लगाने पर फिलहाल रोक, शिकायतों के बाद लिया निर्णय

प्रदेश सरकार ने बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर फिलहाल रोक लगा दी है। सरकार के अगले आदेश तक अब किसी भी क्षेत्र में नए स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। यह निर्णय उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के बाद लिया गया है। मुरादाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा था। इस दौरान कई स्थानों से उपभोक्ताओं ने बिजली कर्मचारियों और निजी कंपनी के स्टाफ के खिलाफ अभद्र व्यवहार की शिकायतें दर्ज कराईं। आरोप है कि मीटर लगाने पहुंचे कर्मियों ने उपभोक्ताओं से ठीक तरीके से संवाद नहीं किया और कई मामलों में जबरन मीटर बदलने का प्रयास भी किया गया। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि उन्हें स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रिचार्ज प्रक्रिया और बिलिंग सिस्टम के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई। इसके चलते कई लोग भ्रमित रहे और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हो गई। वहीं, कुछ मामलों में भुगतान करने के बावजूद बिजली आपूर्ति कई-कई दिनों तक बाधित रही, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। इन समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिकायतें प्रदेश सरकार तक पहुंचीं तो कार्य पर रोक लगाने का निर्णय लिया।

## परिचर्चा

### टीएमयू में विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का पहला दिन

# हिमालय में बर्फ पिघलना व जलवायु परिवर्तन गंभीर खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत सोमवार को हुई। मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी उत्तराखंड के पूर्व कुलपति पर्यावरणविद प्रो. एसपी सिंह ने हिमालय को थर्ड पोल की संज्ञा देते हुए कहा कि हिमालय केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, म्यांमार और अन्य एशियाई देशों के लिए भी जल, जैव विविधता और जलवायु संतुलन का प्रमुख स्रोत है। हिमालय से निकलने वाली नदियां करोड़ों लोगों के जीवन, कृषि, पेयजल और उद्योगों को सहारा देती हैं, क्योंकि यहां ध्रुवीय क्षेत्रों के बाद सबसे अधिक बर्फ और हिम भंडार है। चिंता जताई कि हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलना और जलवायु परिवर्तन गंभीर खतरे की घंटी है। यदि यह प्रक्रिया इसी तरह बढ़ती रही, तो सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र जैसी नदी प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे कृषि, जल सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता संकट में पड़ सकती है।


टीएमयू में नेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि हिमालय की जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है और इसका संरक्षण मानव सभ्यता के भविष्य के लिए अनिवार्य है। नदी सर्वेक्षण, कृषि उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और सतत संसाधन उपयोग को महत्वपूर्ण बताया।

इसके पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कांफ्रेस का आरंभ किया। इस दौरान राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिक-डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के वैज्ञानिक-डॉ. केएस कानवाल, टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट और प्रो. महेश कुमार मौजूद रहे। संचालन असिस्टेंट डीन एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सतत विकास, जल संरक्षण, जैव विविधता सुरक्षा और जलवायु न्याय के बिना विकास अधूरा है। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने इंस्टिट्यूशंस इन्नोवेशन काउंसिल की पर प्रकाश डाला। कहा कि इस काउंसिल में नवाचार, उद्यमिता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने का एक सशक्त मंच है, जो उन्हें भविष्य के कृषि नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान डॉ. आशुतोष अवस्थी, डॉ. देवेन्द्र पाल सिंह, डॉ. चारु बिष्ट, डॉ. अमित कुमार मौर्या, डॉ. शबनम ठाकुर, डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. उपासना, डॉ. नेहा, डॉ. प्रिंस साहू, डॉ. निमित कुमार आदि मौजूद रहे।

- हिमालय की जैव विविधता समृद्ध, मानव सभ्यता के लिए इसका संरक्षण अनिवार्य

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## भीषण गर्मी व लू को देखते हुए बदले समय के अनुसार हुआ सभी बोर्ड के स्कूल-कॉलेजों का संचालन

# लू के थपेड़ों ने लोगों को बेदम किया, तेज धूप से छलका पसीना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अप्रैल के आखिरी दिनों में सूरज की तपिश व लू के थपेड़े लोगों को बेदम कर रहे हैं। पूरे दिन गर्म हवा चली। इसके चलते लोगों को बहुत परेशानी हुई। दोपहर में तेज धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश में रहे। जरूरी काम से घरों से निकले लोगों ने चेहरे को गमछा व स्कार्फ से ढका तो कई लोगों ने सनग्लास लगाकर आंखों को तेज धूप से बचाने की जतन की। अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा।


धूप में मुंह ढक कर निकली महिला।

अप्रैल में तेज धूप और लू से लोग बेहाल हैं। सुबह दस बजे के बाद से धूप सहने लायक नहीं रह रही है। दोपहर में 40 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंचने पर यूं लग रहा है मानों आग का गोला बरस रहा है। सड़कों पर दोपहर के समय चहल पहल कम रही। अधिकांश लोग छांव की तलाश करते रहे।

पेड़ों की छांव में रुक कर आराम करने के बाद फिर आगे बढ़े। सोमवार को भी लू के थपेड़ों ने लोगों को बेदम कर दिया। मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। सड़कों किनारे शीतलपेय, लस्सी, शिकंजी की दुकानों पर भीड़ रही। शीतल पेय का सेवन कर लोगों ने गर्मी से राहत पाने की कोशिश की। मौसम के तेवर को देखते हुए चिकित्सक भी लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर सोमवार से सभी बोर्डों से संचालित कक्षा एक से 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज सुबह 7:30 बजे से 12:30 बजे तक चला। दोपहर में 12:30 बजे छुट्टी कर दी गई। जिससे बीच दोपहर कड़ी धूप से छात्र छात्राएं बच सकें।

### हीट वेव को लेकर अस्पताल अलर्ट वातानुकूलित कोल्ड रूम तैयार

जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए चार बेड का वातानुकूलित कोल्ड रूम व छह बेड का एयर कूल अर्थात कूलर लगा कक्ष भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन दिनों डिहाइड्रेशन के मरीज भी पहुंच रहे हैं। यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर 12 बजे से लेकर चार बजे तक घर से बाहर न निकलें। अधिक से अधिक पानी व अन्य शीतल पेय का इस्तेमाल करें। बाजार में खुले ठेलों पर बर्फ मिला शिकंजी का सेवन न करें क्योंकि दूषित बर्फ के चलते संक्रमण हो सकता है।

### भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए एडवाइजरी का हो प्रभावी पालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम विभाग के द्वारा 26-30 अप्रैल तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते छिटपुट बारिश का अनुमान जताया गया था। इसके विपरीत 26 के बाद 27 अप्रैल को भी लोगों को सूरज की किरणें झुलसा रही हैं। लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। इसे देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन ने सभी विभागों और तहसीलों को लू से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी पर प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीएम अनुज सिंह और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय के निर्देश और हीट एक्शन प्लान के अनुरूप सभी विभागों को आपसी समन्वय से लू व भीषण गर्मी से बचाव के उपाय करने के लिए कहा गया है। साथ ही लोगों से इसके अनुसार एहतियात बरतने की अपील भी की गई है।

**यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण :** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षण कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि हैं। इसे पहचानें और इस प्रकार के लक्षण की स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

**बचाव के लिए यह करें उपाय :** अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें, धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें, अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरो को गीले कपड़े से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें, यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके

पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करें। शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने के लिए इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें। कार्य करने वाले कर्मियों को सीधी सूरज की रोशनी से बचना चाहिए। अधिक श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने/कराने का प्रयास करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों व रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। - **ममता मालवीय,** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व

# परिवार के साथ सो रही बच्ची पर तेंदुए का हमला

## घायल बच्ची का अस्पताल में हो रहा इलाज, घटना की जानकारी लेने पहुंची वन विभाग की टीम, क्षेत्र में दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** छत पर अपने परिवार के साथ सो रही एक बालिका पर एक आदमखोर तेंदुए ने हमला कर दिया। जाग होने पर तेंदुआ घायल अवस्था में बच्ची को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने गांव में पिंजरा लगवाए जाने की मांग की है। लगातार हो रहे तेदुंए के हमले से लोगों में दहशत है। लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुआ को पकड़वाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम राजीपुर खादर में रिया पुत्री विजेंद्र 7 वर्ष अपनी माता किरन के साथ मायके में रह रही है। किरन का पिछले लगभग 2 वर्षों से अपने ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा है। रिया रविवार की रात्रि अपनी माता किरन एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर की छत पर सो रही थी। प्रातः काल 3:30 बजे करीब पड़ोसियों की छत से होते हुए एक तेंदुआ छत पर आ गया और उसने बालिका पर हमला बोल दिया। बालिका की चीख निकलने पर छत पर सो रहे परिवार के लोग जाग गए, शोर सुनकर ग्रामीण भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घायल अवस्था में बच्ची को छोड़कर तेंदुआ जंगल की ओर भागने में सफल हो गया। सूचना मिलने पर डिप्टी वन डेंजर प्रातः काल ही वन विभाग की टीम के साथ ग्राम राजीपुर खादर पहुंचे उन्होंने तेंदुए के पंजों के निशान से तेंदुए को खोजने का प्रयास किया। इस घटना से गांव में काफी दहशत व्याप्त है। घायल अवस्था में डिप्टी वन रेंजर एवं परिवार के सदस्य बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को सचेत रहने के लिए जागरूक किया गया है, और शीघ्र ही पिंजरा लगाए जाने की परमिशन विभागीय अधिकारियों से मांगी गई है।


अस्तपाल में भर्ती बच्ची का हाल लेते वन विभाग की टीम के लोग। ● अमृत विचार

● **लगातार हो रहे हमलों से दहशत में आसपास के गांवों के लोग**

### छह लोगों पर हमला कर चुका है तेंदुआ

कांठ क्षेत्र में तेंदुआ की दहशत बरकार है। तेंदुआ 40 दिन में छह लोगों पर हमला कर चुका है। वहीं शिकायत के बाद भी वन विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। इससे लोगों में रोष है। वहीं आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। बता दें 23 मार्च की सुबह कांठ तहसील क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर विश्नोई निवासी बाइक सवार किसान विजेंद्र सिंह पर खेत को जाते समय पास के ही गांव कोकरपुर के जंगल में रास्ते के किनारे अपने शावक के साथ छिपे बैठे तेंदुए ने अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। 30 मार्च की शाम तेंदुए ने कांठ के गांव महदूद कलमी में अकरम के घर में घुसकर आंगन में खेल रही उनकी दो साल की मासूम बेटी सिदरा पर हमला कर उसे जबड़े में दबोचकर ले जा रहा था, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया था, लेकिन सिदरा गंभीर घायल हो गई थी। 31 मार्च रात तेंदुआ कांठ के गांव मिश्रीपुर के रहने वाले अवनेश कुमार के घर में घुस गया था और यहां चारपाई पर लेटी आठ साल दीपांशी को हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था। 11 अप्रैल को तेंदुए ने कांठ के गांव दरियापुर निवासी सुनील कुमार के तीन साल के बेटे हर्ष पर भी खेत में हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था। 16 अप्रैल की शाम गांव सलेमपुर के मंझरा फजलाबाद निवासी राजीव कुमार के पांच साल के बेटे लव्यांश पर खेत में तेंदुए ने हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था। अब 27 अप्रैल सोमवार तड़के 3 :30 बजे ग्राम राजीपुर खददर में रिया पुत्री विजेंद्र उम्र 7 वर्ष अपने परिवार के साथ छत पर सो रही थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुए द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों से क्षेत्र में तेंदुओं की बाहुल्यता के कारण वन विभाग विवश नजर आ रहा है।

तेंदुआ पकड़ने के लिए पर्याप्त मात्रा में उनके पास पिंजरे मौजूद हैं। कांठ क्षेत्र में पिंजरों की डिमांड के अनुसार पिंजरे लगाए जाएंगे। गर्मी और गेहूं की कटाई के कारण क्षेत्र में उत्तराखंड से मैदानी क्षेत्र में तेंदुए आ गए हैं। जिन से बचाव के लिए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

- **अविनाश पांडेय,** डीएफओ

### बीफार्मा के छात्र की नहर में डूबने से मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी बीफार्मा के छात्र की पंजाब के फतेहगढ़ साहिब पंजाब सानीपुर गांव में नहर में डूबने से मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के वीरमपुर गांव निवासी अरबाज मलिक पंजाब की आरआईएमटी गोविंदगढ़ यूनिवर्सिटी में बीफार्मा का छात्र था। सोमवार की सुबह वह दोस्तों के साथ फतेहगढ़ साहिब पंजाब सानीपुर गांव में नहर में नहाने गया था, इस दौरान वह नहर में कूदा और तेज बहाव के साथ बह गया। इस दौरान साथियों और स्थानीय लोगों ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अरबाज के शव को बरामद किया गया, वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन और दोस्तों ने मृतक अरबाज के परिजनों को भी सूचना दे दी, इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को लेकर घर आ गए फिर देर शाम अरबाज को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

## नारी सम्मान के समर्थन में सड़कों पर उतरी भाजपा


सपा और कांग्रेस के पुतले के साथ भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नारी सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगतपुर क्षेत्र के ग्राम चांदपुर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। 'नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' के गूंजते नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जाहिर की।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला मंत्री कशिश चौहान ने किया। उनके नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने पूरे आयोजन को और प्रभावशाली बना दिया। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में महिला सम्मान की रक्षा का संकल्प दोहराया। इस दौरान मण्डल प्रभारी भजन लाल पाल, मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, मण्डल महामंत्री प्रदीप सिंह, बंटी पाल, मण्डल उपाध्यक्ष विशाल तंवर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, युवा मोर्चा के अरुण चौधरी, बूथ अध्यक्ष अजब सिंह सहित अनीता देवी और अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### नारी सम्मान के समर्थन में पद यात्रा कर विपक्ष का पुतला फूंका

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** महिलाओं एवं में नारी सम्मान एवं अधिकारों के हित के लिए भाजपा सरकार द्वारा लाया गया बिल सदन से विपक्ष द्वारा पास नहीं होने देने से महिलाओं में आक्रोश दिखाई दिया। महिलाओं ने पद यात्रा कर विपक्ष का पुतला दहन कर विरोध जताया।

मूंढापांडे में नारी सम्मान एवं अधिकारों के समर्थन में महिलाओं ने जन आक्रोश पद यात्रा की। इसी क्रम में रसूलपुर नगली में स्थित माला देवी पब्लिक स्कूल में जिला मंत्री महिला मोर्चा डॉ. अनीता यादव के नेतृत्व में विपक्ष का पुतला दहन किया गया। महिला पद यात्रा में अनीता यादव ने बताया हमारी सरकार नारी सम्मान एवं महिलाओं को तैतीस फीसदी आरक्षण देकर उन्हें आगे लाना चाहती थी। लेकिन विपक्षी दलों ने नारी सम्मान और अधिकारों के प्रतीक नारी शक्ति अधिनियम का विरोध किया। इस दौरान मिथिलेश कुमारी, मीनू, कृष्णा देवी, रिंकी देवी, पूनम, सविता, बबीता, कविता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दुष्कर्म कर हत्या के विरोध में न्याय पार्टी ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के जनपद गाज़ीपुर के थाना करंडा क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले को लेकर न्याय पार्टी ने कड़ा विरोध जताते हुए सोमवार को उपजिलाधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई।

पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि किशोरी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे, तो कुछ दबंगों द्वारा उन पर पथराव कर दिया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके साथ मौजूद कार्यकर्ता भी चोटिल हुए। ज्ञापन के माध्यम से न्याय पार्टी ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। इसके अलावा, पूर्व मंत्री पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने तथा संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। पार्टी नेताओं ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष परमात्मा शरण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा एसडीएम को ज्ञापन देते न्याय पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह फेरी लगाकर दरी चादर बेचने का काम करता है। यह बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी भी मायके गई हुई थी। 25 मार्च को रात 10 बजे उसकी 17 साल की बेटी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस का रहने वाला राजा पुत्र ताहिर घर में घुस आया और उसकी बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ गलत काम किया। इस मामले की जानकारी होने पर पंचायत की। तब तय हुआ कि बालिग होने पर किशोरी का निकाह कर दिया जाएगा। इसके बाद भी आरोपी किशोरी के साथ संबंध बनाता रहा। अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नाबालिग को ले जाने के आरोप में दो लोगों पर रिपोर्ट

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में मामा के घर रह रही 14वर्षीय किशोरी को दो भाई बहला फुसलाकर भगा ले गए। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किशोरी की बरामदगी में जुट गई है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 अप्रैल को थाना छजलैट के गांव सलवाड़ा खेड़ा निवासी भांजी कुमारी अनम (14) मेरे घर पर मेहमानदारी में आई हुई थी। शनिवार की शाम को बहनोई जमशेद के पड़ोसी नवाजिश व नूर मोहम्मद पुत्र शाहादत निवासी ग्राम सलावा खेड़ा थाना छजलैट मुरादाबाद मेरे घर पर आये और मेरी भांजी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0642634 का प्रमाण पत्र- सह-अंक पत्र खो गया है। मोहम्मद सालिम पुत्र नन्हु केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने सपा विधायक को दिया ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** प्रांतीय आह्वान पर पूर्व उत्तर प्रदेश में ग्राम रोजगार सेवक (मनरेगा कर्मी) सामूहिक कलमबंद हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। सोमवार को ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में ग्राम रोजगार सेवकों ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि अक्टूबर 2025 से मानदेय न मिलने और मानदेय बढ़ोतरी न होने के कारण प्रदेश भर के ग्राम रोजगार सेवक गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कई बार अधिकारियों और प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। प्रांतीय बैठक के बाद निर्णय लिया गया है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक प्रदेश के समस्त मनरेगा कर्मी सामूहिक कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस मौके पर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा योजना की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं की अनदेखी बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कई महीनों से मानदेय न मिलना बेहद गंभीर मामला है। आश्वासन दिया कि ग्राम रोजगार सेवकों की सभी जायज मांगों को विधानसभा सत्र में मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आनंदपाल सिंह इंद्रेश शर्मा, दिनेश सिंह, ओमकार सिंह, सईद अहमद, अरमान हुसैन, दिनेश बाबू, उमेश बाबू ,केदार सिंह, सैयदा फातिमा, महिलाल ,अमित कुमार, प्रेम पाल, हामिद हुसैन, सुशील कुमार, राजपाल सिंह, रणवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सुमन रानी, विजयवीर सिंह, प्रेम शंकर, अकरम हुसैन, विकास, पवन कुमार, प्रेमपाल सिंह, सुदेश सिंह, राजवीर सिंह, जगदीश सिंह, रिंकू सिंह, दिनेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, हंसराज सिंह, अजय कुमार सिंह, पुष्पांजलि आदि रहे।

● **सामूहिक कलमबंद हड़ताल की चेतावनी**

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कांठ रोड स्थित पुल के नीचे एक 65 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक का सर बुरी तरह कुचल गया। पास में मृतक की लाठी व चप्पल रखी हुई मिली।

● **ग्राम भटावली का रहने वाला था विजेंद्र सिंह, घटना के बाद मचा कोहराम**

काफ़ी देर बाद मृतक की पहचान बिजेंद्र सिंह पुत्र शोभा राम निवासी ग्राम भटावली के रूप में हुई हैं। मृतक सेप्टिक का मरीज था। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे खुद ही ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली हो। मृतक के घर वालों को सूचना दी गई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चुराया गैस सिलेंडर

**बिलारी, अमृत विचार:** बहोरनपुर नरौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का देर रात ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर, बच्चों के खेल -खिलौने, बैठने की चटाई आदि चोरी कर ले गए। आंगनबाड़ी केंद्र इंचार्ज सुनीता ठाकुर ने इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ,मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र इंचार्ज सुनीता ठाकुर के अनुसार वह जनगणना की ट्रेनिंग ले रही थी । तभी सहायिका वीना देवी ने उन्हें फोन कर बताया कि चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, केंद्र सहायिका बीना देवी मौके पर पहुंचे और आंगनबाड़ी केंद्र के सामान को दिखा कि कागज ब अन्य सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। वहां से गैस का भरा हुआ सिलेंडर, बच्चों के खेल- खिलौने, बैठने की चटाई, सरकारी आवश्यक कागजात व अन्य सामान गायब है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मोहल्ला लाल मस्जिद पीपलसाना निवासी मोहम्मद अनीस पुत्र बाबू की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मकान के नीचे गली में खड़ी बाईक का लाक तोड़कर चोरी कर ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। वाहन स्वामी का कहना है कि रोज की तरह रविवार की रात को भी बाईक गली में घर के दरवाजे पर खड़ी थी ।परिजन दोमंजिल पर सो रहे थे। सुबह सो कर उठे तो बाइक गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त

**सैफनी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच सैफनी सहित क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन हो या रात, बिजली की आवाजाही से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापार से लेकर बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। वृद्ध और बीमार भी बिजली कटौती के कारण गर्मी से और भी बीमार होते जा रहे हैं। मांग के अनुरूप आपूर्ति न होने और जर्जर बिजली के तारों व ओवरलोड ट्रांसफार्मरों के कारण ट्रिपिंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। अघोषित कटौती के कारण लोगों को रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग द्वारा कटौती का कोई निर्धारित समय तय नहीं है। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग से बिजली के उपकरण फुंकने का भी डर बना रहता है। एसडीओ अलंकित मिश्रा ने बताया कि शहरों में बिजली पूर्ति की जा रही है। सिस्टम फेल न हो इसलिए ग्रामीण क्षेत्र की कटौती ऊपर से हो रही है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया किसान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के गांव रहसैना निवासी व किसान सगीर अहमद सोमवार की दोपहर खेत में भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाली कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही झूलती हुई हाईटेंशन लाइन से ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली में करंट फैल गया और सगीर अहमद गंभीर रूप से झुलस गए। करंट लगने से निकली चिंगारी के कारण भूसे में आग भी लग गई। आग लगते देख मौके पर मौजूद ग्रामीण तुरंत पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से झुलसे किसान को किसी तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाहर निकाला। परिजनों ने पहले किसान को रेत में दबाकर प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे क्षेत्र के अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग से इन झूलती तारों को ठीक कराने की मांग की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी। अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही पाई जाती है। तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# 60 लाख से होगी 145 नालों की सफाई

## मानसून में जलभराव से निपटने की तैयारी, पहली बारिश में हो जाते हैं जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के नालों की सफाई पर 60 लाख रुपये खर्च होंगे। नगर पालिका परिषद के 43 वार्डों में 35 बड़े, 50 मझोले और 60 छोटे नाले हैं। बरसात की पहली बारिश में ही नगर पालिका परिषद के सामने, मिस्टन गंज, कलेक्ट्रेट के सामने राहे रजा, गांधी समाधि, पुराना गंज जलमग्न हो जाते हैं। लोगों को घुटने-घुटने पानी में निकलना पड़ता है। पालिका ने मानसून से पहले नालों की सफाई के लिए कवायद शुरू कर दी है।

बरसात के महीने में नाले उबलने लगते हैं और बरसात का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। नाले और नालियां बारिश के पानी से लबालब हो जाने के कारण नाले और नालियों की गंदगी सड़कों पर जमा पानी में तैरने लगती है। शहर में नाले नालियों के अलावा जल निकासी के लिए कोई जगह नहीं है। जिसके कारण जलभराव की स्थिति गंभीर रूप ले लेती है।


माला रोड के निकट स्थित नाले में भरा कूड़ा कचरा। • अमृत विचार

- पालिका के 43 वार्डों में 35 बड़े, 58 मझोले और 60 छोटे नाले

जलभराव की समस्या से निपटने के लिए शहर में छोटे, मझोले और बड़ें नालों की सफज़ाई पालिका 60 लाख रुपये खर्च करेगी। जिन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या आती है उन क्षेत्रों पर पालिका अधिकारियों का फोकस रहेगा।

### शहर के इन मोहल्लों में हैं बड़े नाले

थाना गंज, माल गोदाम, स्वार रोड, ज्वालानगर, शाहबाद रोड, जेल रोड, मछली बाजार, गोवन कालोनी, चीनी मिल, बरेली गेट, बाबा दीप सिंह नगर, माला रोड आदि।

> शहर के छोटे बड़े नालों की सफाई के लिए 60 रुपये खर्च किए जाएंगे। नालों की सफाई के लिए पांच पोकलेन, दो जेसीबी समेत कर्मचारियों को काम पर लगा दिया गया है। – दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

गहरे नालों में मशीनों के माध्यम से सिल्ट निकलवाई जा रही है। सबसे पहले जिले के बड़े 35 नालों को साफ कराया जा रहा है।

# खाद की ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि थोक उर्वरक विक्रेता जिले के सभी विकास खंडों के फुटकर विक्रेताओं को समान रूप से खाद उपलब्ध कराएंगे, जिससे किसानों को असुविधा नहीं हो। खाद की ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक फुटकर विक्रेता अपने बिक्री केंद्र पर स्टॉक रजिस्टर रखेगा। स्टॉक बोर्ड पर प्रतिदिन उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा एवं दर को भी लिखेगा। खाद वितरण रजिस्टर में किसानों का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। खाद की बिक्री किसानों के रकबे के अनुसार ही की जाएगी तथा केवल उन्हीं किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। चेतावनी दी कि ओवर रेटिंग, टैगिंग, कालाबाजारी एवं अवैध डायवर्जन करते पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जाएगी। शिकायत हो, तब किसान मोबाइल नंबर 7839882763 एवं 9458846182 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# 10 व 12 के विवरणों की त्रुटि को 6 मई तक कराएं संशोधित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 27 अप्रैल से खुली अभिलेख-साक्ष्य परिषद की वेबसाइट

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम 23 अप्रैल को घोषित हो गया है। यदि शैक्षणिक विवरणों में परीक्षार्थी का नाम, उसके माता या पिता के नाम की वर्तनी में त्रुटि होने, जन्म तिथि या फोटो गलत होने पर 6 मई तक संशोधित कराया जा सकता है। 27 अप्रैल से अभिलेख-साक्ष्य परिषद की वेबसाइट खुल गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि सम्बंधित स्कूल-कॉलेज के प्रधानाचार्य परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप एवं मैन्युअल को डाउनलोड कर लें। यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में संशोधन अपेक्षित होने के बावजूद पोर्टल पर आवेदन नहीं किया और प्रमाण पत्र, अंक पत्र निर्गत होने के बाद संशोधन की अपेक्षा करेंगे ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य शैक्षणिक विवरणों के संशोधन में लापरवाही नहीं बरतें। कहा कि छात्र-छात्राओं की अंक तालिकाएं परिषद के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही हैं। छात्र-छात्राओं की अंक तालिकाएं पोर्टल से डाउनलोड कर उसे प्रिंट कर उनका गहन अवलोकन करें। नाम की वर्तनी, जन्म तिथि, फोटो में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से अनुमोदन लेकर विद्यालय की आईडी से पुनः वेबसाइट पर लॉगिन करते हुए पूरित प्रारूप एवं सभी आवश्यक अभिलेख एवं साक्ष्य परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दें। वेबसाइट अभिलेख अपलोड करने के लिए 27 अप्रैल से 6 मई तक शाम 6 बजे तक अपलोड करने के लिए सक्रिय रहेगी।

# स्मार्ट मीटरों को तत्काल उतारे विद्युत विभाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शहर विधायक ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों पर लगे स्मार्ट मीटरों का स्थान अब फिर पुराने मीटर (मैन्युअल) लगेंगे। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। यह पत्र प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाने से रोक लगाने के बाद भेजा गया है।


आकाश सक्सेना।

बिजली विभाग की ओर से प्रदेशभर में उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान जारी था। इसमें तमाम शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं मीटरों में गड़बड़ी, तो कहीं रिचार्ज को लेकर दिक्कतें हो रही हैं। जिस कारण उपभोक्ताओं के घरों एवं प्रतिष्ठानों पर अंधेरा पसरा रहता है। जैसे यह मामला तूल पकड़ता देखा तो प्रदेश सरकार की ओर से सभी पुराने मीटरों को बदलने पर रोक लगा दी। साथ ही जांच के आदेश भी दे दिए। सिर्फ रामपुर की ही बात की जाए तो करीब तीन लाख बिजली उपभोक्ता हैं। जिसमें से करीब 91 हजार उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट मीटरों में बदले जा चुके हैं। ऐसे में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजा है। कहा है कि जब प्रदेश सरकार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है, तो जिन उपभोक्ताओं के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, उनके स्थान पर फिर से पुराने मीटर लगाए जाएं। शहर विधायक ने कहा है कि सरकार जनता के लिए होती है।

### कहां कितने मीटर लगे

बिलासपुर डिवीजन 15841, मिलक डिवीजन 26807, रामपुर डिवीजन 31900 और स्वार डिविजन 16663 स्मार्ट मीटर लगे।

> विधायक आकाश सक्सेना का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने स्मार्ट मीटरों के स्थान पर पुराने मीटर लगाने के लिए कहा है। हमने विधायक का सुझाव उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया है। **–सतेंद्र चौहान,** अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, रामपुर।

# भूमि स्थानांतरण को लिखे पत्र का नहीं आया जवाब

कार्यालय संवाददाता रामपुर

- मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन
- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े व्यापारियों ने की वार्ता

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रामपुर से जुड़े व्यापारी सोमवार को जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर मुरादाबाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार से मिले। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने मंडलायुक्त को रामपुर में जिला अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर 600 बेड वाले मेडिकल कॉलेज बनने को लेकर लापरवाही के बारे में बताया।


मेडिकल कॉलेज स्थापना को मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। • अमृत विचार

उन्होंने कहा कि रामपुर के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता परेशान है। बाग गुलजार ग्राम जगतपुर को कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया गया, जो उद्यान विभाग की जमीन है। इस पर 7 दिसंबर 2021 को रिपोर्ट तैयार कर ली गई, उसके बाद रिपोर्ट 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रामपुर को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। उसके बाद 14 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट सौंप दी गई। 22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद लखनऊ को एक पत्र उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण करने के लिए पत्र लिखा गया, लेकिन उस पत्र का जवाब उद्यान विभाग की ओर नहीं आया है। व्यापारी कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं। इस दौरान संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा, अब्दुल वासिक मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष बाबू खान, अब्दुल कादिर, तुफैल अहमद, अंकित शाहिद मामू, नूर अहमद, पप्पू, प्रवीण गुर्जर, नजाकत अली रयान आदि मौजूद रहे।

# परिजनों ने लगाई गुहार, 24 लाख की मदद से 4 मूकबधिर बच्चों को मिली आवाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 0 से 5 वर्ष के मूक बधिर बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट योजना वरदान बन रही है। जनता दर्शन के दौरान डीएम अजय कुमार द्विवेदी से चार मूक बधिर बच्चों के परिजनों ने मदद की गुहार लगाई थी। चारों को 24 लाख रुपये की सरकारी मदद से कॉक्लियर इम्प्लांट लगाया गया है, जिनका ऑपरेशन सफल हुआ और बच्चे अब सुनने के साथ बोल भी सकेंगे।

परिजनों की मांग के बाद डीएम ने चारों बच्चों का सफल ऑपरेशन कराया गया। प्रक्रिया में राज्य सरकार की ओर से प्रति बच्चा लगभग 6 लाख और कुल 24 लाख रुपये खर्च किए गए। अब ये चारों बच्चे न सिर्फ सुन पा रहे हैं, बल्कि बोलने भी लगे हैं। परिवारों में जश्न का माहौल है। इनमें


मां को मदद के बाद पत्र देते डीएम व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी।

- डीएम की सराहनीय पहल, बच्चों को लगा कॉक्लियर इम्प्लांट

तहसील स्वार के ग्राम ननकार सेडू की अमायरा, रायपुर चुन्नावाला के उवैश खान, मोहल्ला खास की अजवानूर और तहसील शाहबाद के ग्राम नरेन्द्रपुर निवासी निशांत शामिल है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल को पात्र बच्चों का चयन कर जल्द से जल्द इलाज कराने के निर्देश दिए। कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत 0 से 5 वर्ष तक के मूक बधिर बच्चों के लिए 6 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज का प्रावधान है। सर्जरी के बाद जब ये बच्चे दोबारा जनता दर्शन में डीएम से मिलने पहुंचे, तो वहां का नजारा बेहद भावुक और सुखद रहा। डीएम ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

# हजयात्रियों को दी जानकारी


स्वार में हज यात्रियों को संबोधित करते हुए मौलाना अय्यूब। • अमृत विचार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए दढ़ियाल रोड स्थित मदरसा जामिया अरबिया फैजुल कुरान हीरा इस्लामिया स्कूल में विशेष कैंप आयोजित किया गया। मदरसा संचालक मौलाना अयूब के निर्देशन में किया, जिसमें हज के दौरान प्रक्रियाओं, अरकान और उसकी बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

हाजियों को उमरा करने के तरीके, अहराम बांधना, हज की नियत करने का तरीका, मीना में कयाम, अराफात के मैदान में ठहराव, मुजदलफा में रात गुजारना, रमी करना, खाना-ए-काबा का तवाफ, सफा-मरवा के चक्कर लगाना, तवाफुल जियारत, तवाफुल विदा और मदीना में रोजा मुबारक की हाजिरी आदि के बारे में समझाया। मौलाना अयूब ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपना समय व्यर्थ की बातों, घूमने-फिरने और खरीदारी में न गंवाकर हरमन शरीफ में अधिक से अधिक समय इबादत में बिताएं। इस दौरान मौलाना अयूब, मौलाना तस्दीक साहब एवं खादिमुल अलहाज हाजी असलम टीपू ने संबोधित किया।

## न्यूज डायरी



### बढ़ा हाउस टैक्स वापस लेने का निर्णय पर जाहिर की खुशी

**मसवासी, अमृत विचार :** व्यापार मंडल कार्यालय पर सोमवार को एक बैठक की गई। जिसमें नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी के मुद्दे पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने बताया कि इस बढ़ोतरी का प्रदेशभर में विरोध किया गया था। बैठक में व्यापारी बोले कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के अनुरोध पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वापस लेने का निर्णय लिया है। इस फैसले पर व्यापारियों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री और प्रांतीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों से अपील की कि कोई भी व्यापारी बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जमा न करे। साथ ही, जिन व्यापारियों ने पहले ही बढ़ा हुआ टैक्स जमा कर दिया है, वह संबंधित विभाग से राशि वापस लेने की प्रक्रिया पूरी करें। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, उपाध्यक्ष अनिल दिवाकर, कासिम अंसारी, इरशाद हुसैन, राकेश मौर्य, जमीर अंसारी, सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



### भाकियू अंबावता ने बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन दिया

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को भाकियू अंबावता प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी कार्यकर्ताओं के साथ अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे। जहां किसानों ने बिजली समस्या से निजात दिलाने को लेकर अधीक्षण अभियंता तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि शासनादेशानुसार भीषण गर्मी में ट्रांसफॉर्मर फुंक रहे हैं , उन्हें तत्काल बदले जाने चाहिए। जहां लो वोल्टेज की समस्या है वहां तत्काल समाधान कराया जाए। गर्मी बहुत ज्यादा है फसल सूख रही है, किसानों को पूरी बिजली दी जाए। कहा कि किसान मजदूर व्यापारी के सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। उनको शेड्यूल के हिसाब से बिजली दी जाए। ज्ञापन देने वालों में हड़ताल सिंह यादव, शकील अहमद, महबूब अली, अशरफ अली, मोहम्मद उमर अली, गुलरेज खान, मोबिन खान, शोएब खान, बिलाल, अशरफ अली, अबरार अली गुड्डू आदि मौजूद रहे।



### हज हाउस में सांसद ने टांडा के जायरीनों का स्वागत किया

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के कस्बा व तहसील टांडा से सोमवार को करीब 80 अकीदतमंदों का जत्था हज की मुकद्दस इबादत के लिए रवाना हुआ। सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी विशेष रूप से हज हाउस, दिल्ली पहुचे। सांसद ने हज हाउस में मौजूद टांडा और रामपुर के सभी ज़ायरीन से मुलाकात की। उन्होंने हाजियों को फूलों के हार पहनाकर और मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि हज का सफर केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि खुदा की इबादत और आत्म-शुद्धि का सर्वोच्च मार्ग है। उन्होंने कहा कि मक्का और मदीना की सरज़मीं पर इबादत के दौरान अपने वतन हिंदुस्तान की खुशहाली, रामपुर जिले की तरक्की और मुल्क में कायम भाईचारे व अखंडता के लिए विशेष दुआ करें। इस मौके पर सभासद एम सागर, तस्लीम पहलवान, सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद फारूक व महबूब पाशा, असजद अली, मुबीन अहमद, रईस अहमद, हाजी अख्तर अली, और समीरूद्दीन आदि मौजूद रहे।



### आईएफए के पदाधिकारी सीएमओ से मिले

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी सोमवार को सीएमओ डॉ. दीपा से मिले। पदाधिकारियों का आरोप है कि जिला सचिव शिशपाल सैनी के मेडिकल स्टोर दो लोग पहुंचे, जो खुद को सीएमओ ऑफिस से आने की बात कह रहे थे। उसके बाद उन्हें नोटिस दे दिया। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जुनैद पाशा मामले को लेकर जिलाध्यक्ष रामपुर और पूरी टीम के साथ सीएमओ ऑफिस पहुंचे। जहां सीएमओ डॉ. दीपा को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद सीएमओ ने आश्वासन दिया कि किसी फार्मासिस्ट को परेशान नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष जमशेद पाशा, जिला महासचिव हितेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष आफाक अहमद, जिला सचिव पिंकू सैनी, जिला प्रवक्ता हसन मलिक, जिला कोषाध्यक्ष राजू, जिला सचिव शिशपाल सैनी मौजूद रहे।

**समस्या** हजरतपुर में पिछले आठ दिन से कूड़े के ढेरों से उठ रहा है धुआं, लोग परेशान

# गांधी समाधि तक पहुंचा ट्रंचिंग ग्राउंड से उठता धुआं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हजरतपुर ट्रंचिंग ग्राउंड से उठने वाला धुआं रविवार की रात 8:30 बजे से आंखों में पहुंचने से लोगों को परेशानी हुई। पिछले आठ दिन से हजरतपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े-कचरे के ढेर में आग लगने से धुआं उठ रहा है। पालिका से वर्क आर्डर मिलने पर कूड़े कचरे को साफ करने का काम शुरू होगा।

ट्रंचिंग ग्राउंड से उठने वाला धुआं हजरतपुर के बाशिंदों को परेशान करता है। रविवार की रात धुआं गांधी समाधि तक फैल गया जिसके कारण लोगों की आंखों से पानी बहना शुरू हो गया। ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े कचरे में धमाके होने से आए दिन पन्नी और प्लास्टिक बीनने वाले लोग घायल होते रहते हैं। रविवार की सुबह ट्रंचिंग ग्राउंड पर फैले कूड़े में अचानक धमाका


कूड़े-कचरे के ढेर में लगी आग और उठता धुआं। • अमृत विचार

- कूड़े में धमाके से पन्नी बीनने वाले हो रहे हैं घायल

हुआ जिसमें थाना गंज क्षेत्र के ग्राम काशीपुर निवासी पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर घायल को मेरठ रेफर कर दिया गया। पप्पू ट्रंचिंग ग्राउंड में परिवार की दो वक्त की रोटी के लिए पन्नी बीन रहा था। हजरतपुर की मार्केट में दुकानदार सौलत अली ने बताया कि कूड़े-कचरे के ढेर में आए दिन धमाके होते रहते हैं। आठ दिन पहले भी कूड़े के ढेर में पन्नी-प्लास्टिक बीनने वाला एक युवक घायल हो गया था। हजरतपुर के लोग कूड़ा कचरा हटवाने की मांग कर रहे हैं।


हजरतपुर ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा-कचरा हटवाए जाने के लिए लोग कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। पालिका अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया जा चुका है, स्थिति जस की तस है। – रेहान अहमद


ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा हटवाकर इस जगह पर पार्क बन जाना चाहिए। ताकि, लोगों को शहर में घूमने के लिए पार्क मिल जाए। बच्चों को खेलने के लिए जगह भी मिल जाएगी। – सिफ्ते अली


कूड़े में हर समय उठते धुएं के कारण मुझे टीबी हो गई थी। इलाज कराने के बाद टीबी से मुक्ति मिल गई है। लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर आबादी के बीच से ट्रंचिंग ग्राउंड हटना चाहिए। – मंगलसेन राजपूत


हमारी दुकान कूड़े के ढेर के सामने है। हर वक्त डर लगा रहता है कि कहीं कोई बड़ा धमाका होने से जान माल के लिए खतरा न हो जाए। यहां से ट्रंचिंग ग्राउंड हटना चाहिए। – गौरी शंकर

> हजरतपुर ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा कचरा हटवाने के लिए एक कंपनी को 4 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। अनुबंध के बाद वर्क आर्डर जारी कर दिया जाएगा। **– दुर्गेश्वर त्रिपाठी,** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 रामपुर

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मी को लेकर यलो अलर्ट जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** गर्मी को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है। अगले छह दिन के लिए जारी अलर्ट में तापमान बढ़ने के साथ लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। सोमवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया दोपहर में लू के थपेड़े मुंह पर लगते रहे।

अप्रैल के महीने में मई-जून जैसी गर्मी का अहसास हो रहा है। जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया तपिश बढ़ती गई लोग गर्मी और दोपहर में लू चलने के कारण जरूरी कार्यों से ही घरों से बाहर निकले। गर्मी से बचने के लिए लोगों ने बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी पीकर गर्मी से बचने का जतन किया। इसके अलावा लोग अंगोछे को सिर पर डालकर या छाता लेकर घरों से लेकर निकलें। युवतियां स्कूटी पर दुपट्टा या स्कार्फ लपेटकर निकलीं। घरों की खिड़की-दरवाजों पर पर्दे लगाकर पानी का छिड़काव कर पंखे या कूलर चलाकर घरों के भीतर का तापमान नियंत्रित रखें।

### दूर होगी परेशानी, गांवों में ही बनेंगे आधार कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज विभाग ने गांवों में ही लोगों के आधार कार्ड बनवाने की कवायद शुरू कर दी है। फिलहाल गांवों में आधार कार्ड बनवाए जाने के लिए 50 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है। सफलता मिलने पर अन्य ग्राम पंचायतों में काम शुरू होगा। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में चयनित 50 ग्राम पंचायतों के सचिवालयों में आधार सेवा केंद्र स्थापित कराए जाएंगे। आधार सेवा केंद्रों पर नए आधार कार्ड बनवाए जाने के साथ-साथ नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर को संशोधित कराया जा सकेगा। आधार कार्ड नहीं बनने और उनमें मामूली त्रुटि होने पर ग्रामीणों को शहर के कई-कई चक्कर लगाना पड़ते थे। जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

### तेज रफ्तार बाइक ने दुकानदार को मारी टक्कर

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी के गांव घोसी का मझरा फतेहगंज निवासी नवेद पुत्र शहजादे की मेन रोड पर दूध की डेरी है। रविवार रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद करने के बाद सामने स्थित दुकान से चार्जिंग पर लगा मोबाइल लेने जा रहा था। इसी दौरान बिजारखाता की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि नवेद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक और चालक को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि बाइक चालक भी घायल हुआ है। गंभीर रूप से घायल नवेद को परिजन तुरंत काशीपुर के निजी अस्पताल ले गए।

# होलीग्राफी का विकास किसने किया... देख चकराए परीक्षार्थी

## तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, जार्जिया की आधिकारिक मुद्रा क्या है जैसे प्रश्नों के उत्तर लिखने में छूटे पसीना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


**अमृत विचार :** होमगार्ड परीक्षा पहली बार हुई है और प्रश्नपत्रों में यूपीएससी की तर्ज पर सवालों के जवाब मांगे गए हैं। परीक्षा के आखिरी दिन सोमवार को प्रश्न पत्र में 12 वां प्रश्न होलीग्राफी का विकास किस वैज्ञानिक ने किया था यह सवाल प्रश्न पत्र में देखकर परीक्षार्थियों का दिमाग चकरा गया।

इसके अलावा जार्जिया की आधिकारिक मुद्रा क्या है जैसे प्रश्नों का जवाब लिखने में पसीना छूट गया। प्रश्न पत्र में यूपीएससी की तर्ज पर पूछे गए सवालों को लेकर अधिकारियों में चर्चा रही। इसके अलावा परीक्षार्थी पर प्रश्न पत्र को लेकर हैरान और परेशान रहे। होमगार्ड परीक्षा में कठिन प्रश्न देखकर परीक्षार्थियों के पसीने छूट गए। प्रश्न पत्र में जार्जिया की आधिकारिक मुद्रा क्या है, भारत में पंचवर्षीय योजना की शुरुआत किसने की। इसके अलावा इंडिया ऑफ्टर गांधी : दि हिस्ट्री ऑफ द वर्ल्डस लार्जेस्ट डेमोक्रेसी का लेखक कौन है, जो स्वतंत्रत भारत का एक व्यापक विवरण प्रस्तुत करता है।

मोहम्मद शाह प्रथम ने बहमनी साम्राज्य पर इस दौर में शासन किया। परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले पहले व्यक्ति कौन थे। कौन सा करार भारत और बांग्लादेश के बीच मित्रतापूर्ण सम्बंध बनाने का आधार है। प्रश्न पत्र में इतिहास, विज्ञान, भाषा, राजनीति, सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को खूब छकाया। परीक्षा के आखिरी दिन परीक्षार्थियों से अमृत विचार ने बातचीत की पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।



परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



तलाशी के लिए महिला अभ्यर्थियों की लगी कतार। ● अमृत विचार

### दोनों पालियों में 5,568 के सापेक्ष 4,293 ने दी होमगार्ड परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को दो पालियों में 11 परीक्षा केंद्रों पर हुई होमगार्ड परीक्षा में 5,568 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4,293 परीक्षार्थियों ने होमगार्ड परीक्षा दी। तीन दिवसीय परीक्षा के आखिरी दिन 1,275 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 11 केंद्रों पर हुई परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। होमगार्ड परीक्षा के तीसरे दिन पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। पहली पाली में 2784 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2130 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 651 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2784 के सापेक्ष 2163 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 621 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व केंद्रों पर परीक्षार्थियों की पुलिस द्वारा सघन तलाशी ली गई। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि होमगार्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। तीनों दिन की परीक्षा के लिए 16704 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 11 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई।



होमगार्ड भर्ती के लिए पहली बार परीक्षा हुई है। प्रश्न किस प्रकार के पूछे जाएंगे इसका कोई अनुमान नहीं थी। पेपर में बहुत कठिन प्रश्न पूछे गए थे।

– मनीषा चौधरी



प्रश्न पत्र में बहुत मुश्किल सवाल पूछे गए थे। जो प्रश्न आते थे उनके उत्तर दे दिए हैं बाकी अब रिजल्ट आने पर पता चलेगा कि पास हुए या फेल हो गए।

– मानसी



होमगार्ड की परीक्षा के लिए अधिकांश 10वीं पास ने आवेदन किया था। पेपर देखकर ऐसा लगा कि यूपीएसई की परीक्षा दे रहे हैं। ज्यातर बच्चे जो तैयारी करके आए थे उसमें से कुछ भी नहीं आया। पेपर कठिन था।

– वरुण चौहान



होमगार्ड की परीक्षा में उम्मीद से ज्यादा कठिन प्रश्न पूछे गए थे। तैयारी कुछ और की थी और पेपर में प्रश्न कुछ और पूछे गए थे अब देखते क्या होता है।

– विकास सिंह

# गोमाता की सेवा, सुरक्षा व सम्मान को कानून बनाएं




तहसीलदार को ज्ञापन देने जाते हिंदू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी।

संवाददाता, बिलासपुर

- विश्व हिंदू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष अरुण पाल के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को सौंपा।

ज्ञापन में गाय को ''राष्ट्रमाता'' घोषित करने समेत अनेक मांगें शामिल हैं। कहा कि संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह ज्ञापन भेजा जा रहा है। इसमें सरकार से संपूर्ण भारत में गो माता की विधिवत सेवा, पूर्ण सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने के लिए कानून बनाने और गो पालन मंत्रालय की स्थापना करने का आग्रह किया। केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए गाय को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या का दर्जा दिए जाने, केंद्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियम बनाने, गोवध पर कठोर प्रावधान करने जैसी अनेक मांगें की गई हैं। ज्ञापन देने वालों में नितिन पाल, अरुण पाल, शेखर पाल, गौरव पाल, जतिन पाल, देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शहर की डीसीबी शाखाएं होंगी वातानुकूलित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- चेयरमैन बोले- 2025-26 में बैंक को हुआ 626 लाख का लाभ
- जिला सहकारी बैंक की प्रबंध कमेटी की सभागार में बैठक

**अमृत विचारः** जिला सहकारी बैंक प्रबंध कमेटी की सोमवार को हुई बैठक में चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी में ग्राहकों की सुविधा के लिए शहरी क्षेत्र की सभी शाखाओं को वातानुकूलित बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में बैंक को 626 रुपये का लाभ होने पर हर्ष जताया गया। बैंक के निक्षेप संचय में पिछले वर्ष के सापेक्ष 1635 लाख रुपये की वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति कराए जाने का निर्णय प्रबंध कमेटी ने लिया। सचिव ने बताया कि बैंक द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान विविधीकरण ऋण योजना में 9505.01 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। जो कि पिछले वर्ष से लगभ 6875 लाख रुपये अधिक है। बैंक द्वारा पिछले वर्ष के सापेक्ष तीन गुना अधिक ऋण वितरण किया गया है। बैठक में अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43491.99 लाख रुपये का वितरण किया गया है। मार्च 2026 तक 7411.20 लाख रुपये की वसूली बैंक द्वारा की गई है। जो कुल मांग 89.60 प्रतिशत है और गत वर्ष से 1.1 प्रतिशत अधिक है। चेयरमैन ने कहा कि शहरी क्षेत्र की सभी शाखाओं को वातानुकूलित बनाया जाएगा ताकि बैंक के व्यवसाय में वृद्ध हो सके। इसके अलावा सभी शाखाओं में सोलर संयंत्र लगवाए जाएंगे। जिससे कि शाखा के बिजली खर्च में कमी आए। कहा कि जिले के किसानों को 3 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण बैंक द्वारा दिया जा रहा है। बैठक में बैंक के संचालक रविंद्र सिंह यादव, तेजपाल, हरदीप सिंह, रोहिताश, नंद किशोर, यतेंद्र कुमार, टीकम सिंह, नीलम गुप्ता, दीप गोयल, श्रीप्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।



जिला सहकारी बैंक की प्रबंध समिति की बैठक में बोलते चेयरमैन मोहन लाल सैनी।

# प्राचीन धार्मिक स्थलों का संरक्षण व विकास सरकार की प्राथमिकता

संवाददाता, बिलासपुर

- कृषि मंत्री ने किया प्राचीन मंदिर में विकास कार्यों का लोकार्पण

**अमृत विचारः** सोमवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने गांव चन्देन स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में लगभग 98 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया। राज्यमंत्री ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। राज्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि मंदिर में कराए गए विकास कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा व रोजगार में वृद्धि होगी। उन्होंने शारदा कॉलोनी में प्रस्तावित 33 केवी नवीन बिजलीघर हेतु चयनित स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ये कहा कि बेहतर, निर्बाध आपूर्ति देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, मंदिर के महंत महेश कुमार, रजनीश अग्निहोत्री, अशोक कुमार, योगेश झाम, विक्की, वरुण सक्सेना, दीप सिंह आदि मौजूद रहे।



शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

# शादी समारोह में विवाद के चलते फायरिंग, दो घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- डिबडिबा में रविवार रात का मामला, रिपोर्ट दर्ज
- घटना के बाद फार्म हाउस से बिना दुल्हन लौटी बरात

**अमृत विचारः** शादी समारोह में विवाद के बाद फायरिंग हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर घायल हो गए।

घटना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उत्तराखंड से सटे गांव डिबडिबा में रविवार रात करीब 11 बजे हुई। गांव निवासी परगट सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके फार्म हाउस पर काम करने वाली सुमन की बेटी संध्या की शादी करन पुत्र नन्हे निवासी बहेड़ी बरेली से होनी थी। बरात फार्म हाउस पहुंच गई थी। संध्या के ताऊ मुकेश निवासी बीसलपुर थाना शीशगढ़ बरेली शादी का विरोध कर रहे थे। 4-5 लोग एक बोलेरो गाड़ी से वहां पहुंचे। उनकी मुकेश से धक्का-मुक्की और कहासुनी हो गई। बोलेरो सवार व्यक्तियों में से एक ने तमंचे से फायर कर दिया। मुकेश बाल-बाल बच गए, लेकिन वहां खड़े भगवान दास और उनके भाई जसविंदर सिंह को छर्रे लग गए। दोनों गंभीर घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। हंगामे के बीच बरात बिना दुल्हन के लौट गई। पुलिस ने बताया कि लड़की की उम्र 17 साल बताई जा रही है। कम उम्र के चलते लड़की के ताऊ शादी का विरोध कर रहे हैं। मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि परगट सिंह की तहरीर पर 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पीएम गतिशक्ति योजना से मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- विकास भवन सभागार में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक

**अमृत विचारः** सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत जिले में विकास परियोजनाओं को बेहतर नियोजन, प्रभावी क्रियान्वयन एवं समन्वय स्थापित किया जाएगा। 100 करोड़ रुपये या अधिक लागत की परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित होंगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत आधुनिक तकनीक एवं जीआईएस आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा, जिससे आधारभूत संरचना के विकास को गति मिल सके। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र विकास उपागम (एरिया डेवलपमेंट अप्रोच) को अपनाया गया है। जिसके तहत किसी निर्धारित क्षेत्र में समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि होगी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि समिति के गठन से जनपद में विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा योजनाओं का लाभ आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए विकास परियोजनाओं का सटीक नियोजन, प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए, जिससे भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत की परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट रूप से आकलन किया जा सकेगा कि कोई भी प्रस्तावित परियोजना आबादी से कितनी दूरी पर स्थित है। इस पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का एकीकृत डेटा उपलब्ध रहेगा, जिससे योजनाओं का बेहतर विश्लेषण एवं समन्वित निर्णय लेना संभव होगा।

## न्यूज डायरी



### जिला अस्पताल में 343 किलोवाट के रूफटॉप सोलर प्लांट का लोकार्पण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल को निर्बाध बिजली बिजली को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सोमवार को जिला अस्पताल में लगे 343 किलोवाट ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर प्लांट का लोकार्पण किया। मुख्यातिथि ने कहा कि प्लांट के शुरू होने से अस्पताल की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में बड़ी सहायता मिलेगी, साथ ही बिजली खर्च में कमी आएगी। 3 टीबी ग्रसित मरीजों को पोषण पोटली भी उपलब्ध कराई गई मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृजेश चन्द्र सक्सेना ने बताया कि वह लगातार चिकित्सालय को आधुनिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। बताया कि बहुत जल्द ही अस्पताल में ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम भी लगेगा। इस मौके पर सीडीओ गुलाब चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह, बिजेंद्र सिंह, सौरभ, अनुभव भारद्वाज आदि मौजूद रहे। संचालन हरीश धोनी ने किया।



### दिव्यांगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** सोमवार को समिति के बैनर तले नरपत नगर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एकत्रित हुए। इसके बाद सभी लोग रामपुर पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के अनेक दिव्यांगों को अभी तक अंत्योदय राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा पात्र दिव्यांगों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि दिव्यांगजनों के लिए घोषित मुफ्त बिजली कनेक्शन योजना का लाभ भी स्थानीय स्तर पर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर पात्र लोगों को शीघ्र सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शमीम अहमद, इरफान अहमद, सरफराज, रिफाकत, शहनाज, शाहिद, राशिद और हाशिम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप, फॉगिंग कराने की मांग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गांवों में तत्काल फॉगिंग की मांग की है। क्षेत्र के गांव महेशपुरा, पंजाबनगर, मुल्लाखेड़ा, भटपुरा तारन, धावनी हसनपुर, खौदलपुर, खूंटाखेड़ा, टाह खुर्द, पिपलिया गोपाल, नरखेड़ा, मुंडिया, कुआंखेड़ा समेत आदि गांवों के मोहम्मद उमर, बंटू प्रजापति, हरजीत सिंह, नवाबगंज खां आदि ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में मच्छरों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जलजमाव और नालियों की नियमित रूप से साफ-सफाई न होने के कारण स्थिति भयावह हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक गांवों में फॉगिंग नहीं की गई है, जिसके चलते लोग मलेरिया और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मच्छरों के कारण छोटे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्ग रात भर सो नहीं पा रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि फॉगिंग और साफ-सफाई का अभियान शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### रामगंगा नदी में नहाने गए 6 युवक डूबे, चार को बचाया, एक की मौत, 1 लापता

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को रामगंगा नदी में नहाने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। एक साथ छह युवक अचानक गहरे पानी में समा गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और किसी तरह चार युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो युवक गहराई में लापता हो गए। बाद में एक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की तलाश अब भी जारी है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में डूबे युवक नन्हे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मुन्ना अभी भी लापता है। गोताखोरों की मदद ली जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर बांध निर्माण के लिए मशीनों से खुदाई से नदी की गहराई काफी बढ़ गई थी। हादसे में चार युवकों को सुरक्षित बचा लिया गया। इनमें से एक को अस्पताल भेजा गया, जबकि अन्य तीन युवक पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। लापता युवक की तलाश जारी है।

### बाइक चोरी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के आनंदनगर निवासी महेश गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह मोहल्ले में परचूनी की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि दुकान के भीतर बाइक खड़ी थी। इस दौरान चोर दुकान में खड़ी बाइक को चुरा कर ले गए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपाइयों ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी संविधान संशोधन प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा गिराए जाने के विरोध में सोमवार को भाजपा की ओर से स्वार नगर मंडल में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विरोध दर्ज कराया।

पदयात्रा मदर इंडिया कॉलेज से शुरू होकर धनौरी चौराहे तक पहुंची। जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान महिलाओं ने केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों के समर्थन में नारे लगाए और विपक्ष के रवैये के खिलाफ आक्रोश जताया। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आई थी। लेकिन विपक्ष ने इसे गिराकर अपनी हठधर्मिता दिखाई। इसी के विरोध स्वरूप यह पदयात्रा निकाली गई। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का रवैया महिलाओं के साथ अन्याय है। भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री पंकज सैनी, दिल्ली अरोड़ा, हेमलता मौर्य, उषा रानी, कमला आर्य, रिशु वाला, पूनम मौर्या, नीतू रानी, पूनम सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा, सूरज वाल्मीकि, जानकी प्रसाद, दीपक चंद्र, ओम प्रकाश राणा, हरीश मौर्य, मदनलाल मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रही।



स्वार में पदयात्रा निकालते भाजपाई। ● अमृत विचार




विरोध में प्रदर्शन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिला आरक्षण बिल पारित न होने पर जताया विरोध

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार ग्रामीण मंडल के बिजारखाता में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने देने में इन दलों की भूमिका को लेकर विरोध दर्ज कराना रहा। कार्यक्रम में भाजपा की जिला मंत्री अमृता रंधावा, वरिष्ठ कार्यकर्ता डोली रंधावा, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्वेता जैन, जिला मंत्री पवन कुमार एवं किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि विरोधी दलों ने महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी करते हुए नारी सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण अवसर को बाधित किया है। मांग की कि नारी शक्ति वंदन जल्द लागू किया जाए।

न्यूज ब्रीफ

### एसडी इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान


कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिला उपाध्यक्ष।

**सैदनगली।** एसडी इंटर कॉलेज का रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। समारोह में अभिभावकों और स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने विद्यार्थियों कड़ी मेहनत करने और कॉलेज व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीतम सिंह, स्कूल डायरेक्टर मास्टर सूरजपाल सिंह, प्रबंधक राजेंद्र सिंह तथा सपा जिला सचिव चंद्रपाल सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### उमाशंकर बने वैश्य महासभा के अध्यक्ष

**सैदनगली।** नगर पंचायत स्थित धर्मशाला में रविवार की शाम वैश्य समाज महासभा की एक चुनावी मासिक बैठक हुई जिसमें कोषाध्यक्ष ब्रजेश अग्रवाल ने गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उमा शंकर गर्ग को पुनः अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया। बैठक में पदमेश गुप्ता, अनुराग गर्ग, राकेश गुप्ता, नवनीत अग्रवाल, पुनीत चौधरी आदि रहे।

### दुकान के शटर में दौड़ा करंट, मजदूर झुलसा

**गजरौला।** दुकान के शटर में बिजली का करंट आने से मजदूर झुलस गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखकर प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी राजेश सोमवार की सुबह घर से मजदूरी के लिए शहर के मोहल्ला आजाद नगर गया था। काम करते समय वहां स्थित दुकान के शटर में अचानक करंट दौड़ गया। जिससे राजेश झुलस गया।

# थाने में युवक ने खाया जहर अस्पताल में खुल गई पोल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- मारपीट में पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचार:** थाना परिसर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में सोमवार को पारिवारिक विवाद के निस्तारण के दौरान एक युवक द्वारा जहर खाने का मामला सामने आया। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच में जहर खाने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति और परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव खालकपुर निवासी सुभाष कुमार की पुत्री नीशू का विवाह 19 अप्रैल 2024 को क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी विजयपाल सिंह के पुत्र अर्जुन से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही दंपती में अनबन शुरू हो गई। दोनों पक्षों ने अदालत में तलाक के लिए अर्जी भी दाखिल कर दी। रविवार 26 अप्रैल को भी कथित रूप से मारपीट कर नीशू को घर से निकाल दिया गया। नीशू ने थाने में पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को सोमवार को थाने पर बुलाया। समझौता वार्ता के दौरान अर्जुन अचानक बाहर चला गया, कुछ देर बाद थाने के गेट के पास गिरा मिला। पता चला कि उसने जहर खाया है। इस पर अर्जुन को पिता विजयपाल के साथ जोया रोड स्थित निजी अस्पताल भेजा गया जहां जांच में जहर खाने की पुष्टि नहीं हुई।

### केंद्रों पर पहुंचे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, परीक्षा का लिया जायजा

# आखिरी दिन 1773 अभ्यर्थियों ने छोड़ी होमगार्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में तीसरे और आखिरी दिन सोमवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच हुई। 10 परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में कुल 1773 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

सोमवार तीसरे दिन पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई। जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली में 4704 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3802 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 902 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। इस पाली में 3833 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 871 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में कुल 1773 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। डीएम नितिन गौड़ और एसपी लखन सिंह यादव ने प्रत्येक केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया।


परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### जोया रोड ओवरब्रिज पर लगा लंबा जाम


परीक्षा के बाद टीपी नगर चौराहा ओवरब्रिज पर लगा जाम।

**अमरोहा, अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा समाप्त होने के बाद सोमवार को यातायात व्यवस्था फिर चरमरा गई। परीक्षा केंद्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने के कारण मुख्य मार्गों पर भारी दबाव बढ़ गया, जिससे शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लंबा जाम लग गया। शहर के टीपी नगर चौराहे से लेकर जोया रोड ओवरब्रिज तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात यह रहे कि दोपहिया और चारपहिया वाहन रेंगते नजर आए। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति करीब एक घंटे तक बनी रही, जिससे आम लोगों के साथ-साथ परीक्षार्थियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रूट डायवर्जन के बाजूद भी मार्ग पर ई-रिक्शा घूमते दिखाई दिए। जिससे जाम की समस्या बढ़ गई।

# गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण की तैयारियां तेज डीएम ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को करेंगे प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण, अलर्ट मोड में प्रशासन

- मंगरौला में कार्यक्रम स्थल पर 5 हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अप्रैल को प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर अमरोहा प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सोमवार को जिलाधिकारी नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने तहसील हसनपुर के ग्राम मंगरौला में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर भव्य जनसभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोकार्पण समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन सकें।


कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम नितिन गौड़ व एसपी।

कार्यक्रम स्थल पर करीब 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री केपी मलिक सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। डीएम नितिन गौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, स्वच्छता और प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंडाल में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे, जो मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ेगा। इसमें अमरोहा भी प्रमुख रूप से शामिल है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अंबरीश कुमार, अधिशासी अभियंता गिरीश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी, तहसीलदार लकी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### किसानों और व्यापारियों को मिलेगा लाभ

गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से जिले के किसानों को अपने कृषि उत्पाद बड़े बाजारों तक तेजी से पहुंचाने में सुविधा होगी। परिवहन लागत और समय में कमी आने से फसलों का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। इसके अलावा मुआवजे के रूप में जिले के करीब ढाई हजार किसानों को 236 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्राप्त होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

#### औद्योगिक हब के रूप में उभरेगा मंगरौला

हसनपुर तहसील के मंगरौला गांव में एक्सप्रेसवे के किनारे करीब 140.64 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यहां औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स पार्क और होटल के निर्माण से निवेश बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

#### सुरक्षा मानकों के साथ तेज रफ्तार सफर

एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 120 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 100 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। सुरक्षा कारणों से दोपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अमरोहा जिले में एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 23.60 किमी होगी, जो 25 गांवों से होकर गुजरेगी। मंगरौला में इंटरचेंज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रदूषण के खिलाफ किसानों का धरना 128वें दिन जारी


प्रदूषण के खिलाफ गांव शहबाजपुर में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन सोमवार को 128वें दिन भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि 5 तारीख की महापंचायत में जिले के जो जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे थे, उन अधिकारियों ने किसानों से जो वादे किए थे, वे अभी तक अधूरे हैं। चेताया कि जिम्मेदार अधिकारियों ने जल्द ही अपने वादे पूरे नहीं किए तो गजरौला क्षेत्र के किसान फिर से महापंचायत बुलाकर फैक्ट्री की तालाबंदी व रोड जाम के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अमरोहा के जिलाधिकारी के साथ 28 अप्रैल को जहरीले पानी व प्रदूषण को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता करेगा। यदि कल इस समस्या का समाधान नहीं निकल पाया, तो आगे की रणनीति राष्ट्रीय कार्यकारिणी में तय की जाएगी। प्रदर्शन में प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, मंडल महासचिव आरिफ चौधरी, धन प्रभारी होमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पर्थी सिंह, गंगाराम सिंह, सानू चौधरी, अशद अली, रामप्रसाद, कालुआ, आदिल खान, सोमपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल

- तीखे हुए गर्मी के तेवर, राहगीरों को झुलसा रहे गर्म हवा के थपेड़े
- तेज धूप और गर्मी के चलते आमजन घरों में कैद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े राहगीरों को झुलसा रहे हैं, रात में उमस से राहत नहीं मिल पा रही है।

इस बार गर्मी ने कुछ पहले ही दस्तक दे दी। मार्च माह में ही लोगों को कड़ी गर्मी का अहसास होने लगा था। अप्रैल में प्रवेश करते ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए और अब स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अपैल महीने में जून जैसी गर्मी हो रही है। बीच-बीच में आई आंधी-बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि के कारण कुछ दिनों के लिए तापमान में गिरावट जरूर आई थी, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक टिक नहीं सकी। पिछले करीब दस दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सुबह सूर्योदय के साथ ही गर्मी का असर महसूस होने लगता है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है वैसे-वैसे गर्म हवाएं चलने लगती हैं। दोपहर के समय लू के थपेड़े लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोमवार को भी सुबह से ही तेज धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था।

#### 42 डिग्री सेल्सियस से तपा शहर, लोगों को हुई परेशानी

**गजरौला।** शहर में इन दिनों तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोग केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। किसानों और दिहाड़ी मजदूरों पर इस गर्मी का बुरा असर पड़ा है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है। शहर में इन दिनों आसमान से आग बरस रही है। बीते एक सप्ताह से 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचे तापमान और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को पूरी तरह थाम दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को दिन चढ़ने के साथ धूप की तीव्रता बढ़ती गई और शहर की सड़कों, गलियों एवं बाजारों में सन्नाटा पसर नजर आया। नहरों और तालाबों में पानी की कमी से पशु-पक्षी परेशान हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में और वृद्धि हो सकती है, जिससे लू का प्रकोप और तेज होगा।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**अमरोहा।** नौगावा सादात थाना क्षेत्र में फरीदी मस्जिद के पास मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कस्बे में किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान लाठी-डंडों से हमला किया गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वीडियो के आधार पर घटना में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने एक रात में बनाया चार घरों को निशाना


संवाददाता, हसनपुर

- घरवालों के जग जाने पर दो घरों से कुछ नहीं ले जा पाए चोर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चोरों ने एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाया। जहां दो घरों में लोगों के जग जाने के बाद चोर उल्टे पांव लौट गए। जबकि दो घरों से हजारों का माल साफ कर दिया। पीड़ित गृह स्वामियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच की।

घटना रविवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी की है। यहां के निवासी कासिम पुत्र हसमत के घर चोरों ने दीवार में नकब लगाया। लेकिन कामयाब नहीं हो सके क्योंकि नकब लगाने की जगह सामने बेड आ गया था। इससे चोर खाली हाथ नकब लगाकर लौट गए। जबकि दूसरी जगह शौकीन पुत्र अल्लाह दिया अपने घर में सोया हुआ था। वहां चोरों ने बाहर से कमरे का कुंडा लगा दिया और रसोई का ताला तोड़कर एक डिब्बी में रखी एक चांदी की अंगूठी उठा ले गए जबकि एक किलो घी भी चोरों ने खा लिया। वहीं तीसरी जगह चोर दीवार फांद कर चार दिवारी के अंदर घुसे जहां मोनू उर्फ अजीम पुत्र फरजान चौधरी के घर में गेट तोड़ने के लिए सबल से बार करने लगे। अंदर सो रहे मोनू ने शोर मचाया तो चोर शांत हो गए। लेकिन उसके बरामदे में ही खड़े रहे। पीड़ित ने अपने पिता को फोन किया तो चोर पीड़ित के पिता को आता देख दीवार कूदकर फरार हो गए लेकिन कोई सामान नहीं ले जा पाए। वहीं चौथी जगह गांव निवासी हफिज अहमद पुत्र इस्माइल सैफी के यहां से चोर बाग की साइड में स्थित छोटे गेट से चार दिवारी में दाखिल हुए और घर के कमरे का कुंडा खोलकर संदूक उठाकर बाग में ले गए। चोरों के द्वारा संदूक में रखी सात हजार रुपये की नकदी दो सोने की लौंग, दो चांदी की अंगूठी सहित एक बकरी को भी उठा ले गए। पीड़ित ने बकरी सहित चोरी गए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई है। चारों पीड़ितों ने सोमवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।


चोरी की जानकारी देते पीड़ित।


दीवार में लगाया नकब। ● अमृत विचार

# टप्पेबाजों ने ज्वैलरी शॉप से उड़ाए सोने के कुंडल

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र में एक ज्वैलरी की दुकान पर ग्राहक बनकर आए एक युवक और महिला ने चालाकी से सोने का कुंडल पार कर दिया। दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई और सामान बरामदगी की मांग की है। नगर पंचायत के मोहल्ला महल निवासी जफर पुत्र ओन मोहम्मद की सैदनगली में ज्वैलरी की दुकान है।

पीड़ित के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2:20 बजे एक युवक एक महिला के साथ दुकान पर आया। दोनों ने जेवर खरीदने की बात कहकर गहने दिखाने को कहा। जब दुकानदार ने उन्हें सोने के कुंडल दिखाए तो युवक ने मौका पाकर एक कुंडल अपनी महिला साथी को थमा दिया। इससे पहले कि दुकानदार कुछ समझ पाता, दोनों शातिर वहां से चकमा देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात महिला-पुरुष की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।


सीसीटीवी में कैद टप्पेबाज।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला।** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी रामकिशोर व उसका रिश्तेदार बाइक से हापुड़ जा रहे थे। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास सामने से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को सड़क से हटाया। जानकारी पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# गो-रक्षा लोगों की आस्था से जुड़ा मुद्दा

- गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गो-रक्षा परिषद का प्रदर्शन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू परिषद की गो-रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने गो संरक्षण की मांग को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। गो-वंश की रक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग उठाई और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मूसाराम थारू को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला ने कहा कि वर्तमान में गो-वंश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कहा कि गो-रक्षा केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि देश की आस्था और अस्मिता से जुड़ा मुद्दा है। ज्ञापन में परिषद ने गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गो-तस्करी और गो-वंश की हत्या में शामिल अपराधियों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, अवैध कसाईखानों को बंद करने तथा कठोर कानूनी कार्रवाई करने की अपील भी की।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गो रक्षा परिषद के लोग। ● अमृत विचार

#### गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए केंद्र सरकार

**हसनपुर।** गो-सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को तहसील क्षेत्र के गोभक्तों एवं संत समाज ने तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इसमें भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने और केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51।(9) की मूल भावना के अनुरूप देशी गोवंश का संरक्षण आवश्यक है। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के समय जो गोवंश प्रति व्यक्ति 10 था, वह अब घटकर प्रति 10 व्यक्ति पर एक रह गया है। गो भक्तों ने गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु एकीकृत केंद्रीय कानून बनाने, उत्तर प्रदेश में गो-आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की भी मांग उठाई।

# अस्पताल में प्रसूता की मौत डॉक्टर समेत तीन पर केस

संवाददाता हसनपुर

- परिजनों का गलत तरीके से ऑपरेशन करने का आरोप

**अमृत विचार :** नगर के एक निजी अस्पताल की लापरवाही सामने आई है। ऑपरेशन के बाद अत्यधिक रक्त स्राव से महिला की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने अस्पताल के चिकित्सक सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना 23 अप्रैल की रात की है गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी नेपाल सिंह ने पत्नी रजनी 28 वर्षीय को प्रसव पीड़ा होने पर नगर के बाईपास स्थित केयर 24 हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। परिजनों के अनुसार अस्पताल के डॉक्टर हरकेश राणा और उनके सहयोगी बालिया व रणवीर ने बताया कि प्रसव के लिए ऑपरेशन करना पड़ेगा। पीड़ित नेपाल सिंह का कहना है कि आरोपी बिना किसी प्रारंभिक मेडिकल जांच के रजनी को ऑपरेशन थिएटर में ले लिया। ऑपरेशन के लिए 45 हजार रुपये भी जमा कराए।

ऑपरेशन के बाद महिला ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। लेकिन रजनी की हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि गलत तरीके से किए गए ऑपरेशन के कारण अत्यधिक रक्त स्राव होने लगा जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई तो अस्पताल प्रबंधन ने महिला को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया हालांकि दूसरे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### टक्कर मार कर बाइक सवारों ने की मारपीट

**चंदौसी, अमृत विचार :** बदायूँ चुंगी निवासी अंकित पुत्र शांति स्वरूप ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर संभल एजेंसी से नई स्कूटी निकाल कर चंदौसी एजेंसी ला रहा था। जब वह चंदौसी में संभल तिराहे पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने स्कूटी में टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक शराब के नशे में बताए जा रहे थे। अंकित के विरोध करने पर बाइक सवार युवकों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। लोगों के आने पर आरोपी युवक वहां से बाइक छोड़कर भाग गए। अंकित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

### टप्पेबाजों ने होमगार्ड की पत्नी से कुंडल ठगे

**बबराला, अमृत विचार :** थाना से कुछ ही दूरी पर टप्पेबाजों ने होमगार्ड की पत्नी को भगवान के दर्शन कराने का झांसा देकर कुंडल उतारवा लिए और भाग गए। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। धनारी थाना क्षेत्र के गांव कृतिया निवासी होमगार्ड विष्णु दत्त की पत्नी प्रेमवती सोमवार सुबह करीब 11 बजे दांत दर्द के उपचार के लिए बबराला आई थीं। इंदिरा चौक पर टेंपो से उतरते ही दो अज्ञात युवक उनसे बातचीत करते हुए पास आ गए। सहानुभूति जताते हुए उन्होंने महिला का हाथ पकड़कर सड़क पार कराने का बहाना बनाया और बातों में उलझा लिया। इसी दौरान आरोपियों ने बड़ी सफाई से महिला के कानों से कुंडल उतरवाकर उन्हें रूमाल में बांधने का नाटक किया और फरार हो गए।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**संभल, अमृत विचार :** मेरठ-बदायूं हाईवे पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसा जुनावई थाना क्षेत्र के गांव बैरपुर महराजी के निकट करीब दो बजे हुआ। मृतक की पहचान अनिल कुमार (45) निवासी गांव घोंसली अनुरुद्ध के रूप में हुई है। बताया गया कि वह गुन्नौर बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# कार ने बच्चे को मारी टक्कर, 20 मीटर दूर गिरा

## सात वर्ष का था कार्तिक, मौके पर ही हो गई बच्चे की मौत, इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुराहाल

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

- हादसे के बाद कार लेकर चालक हो गया फरार, बच्चे की मौत से गांव में गम का माहौल
- रजपुरा पुलिस चौकी के पास हुआ हादसा, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने सात साल के बालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बालक उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बच्चे के परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। हादसे के बाद लोगों ने कार चालक की गिरफ्तारी की मांग की।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी संजय कुमार ईंट भट्टे पर काम करते हैं। सोमवार सुबह उनका सात साल का बेटा कार्तिक संजय के पास जाने के लिए घर से निकला। बताया जाता है कि कार्तिक सड़क किनारे खड़ा होकर सड़क पार करने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे टक्कर लगते ही कार्तिक उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। चालक बिना रुके वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। उधर परिजन और ग्रामीण घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे को गंभीर सिर और शरीर में चोटें आई थीं, जिससे उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कार्तिक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी पांच बहनें हैं। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई इस हादसे से आहत नजर आ रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप चौधरी ने बताया कि अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि वाहन की पहचान की जा सके।

### सड़क हादसे में आरएसएस के पूर्व नगर कार्यवाह की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

**बबराला, अमृत विचार :** कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बबराला-बदायूं रोड स्थित नेहरू चौक के निकट रात करीब एक बजे हुआ। मृतक की विजय शर्मा (55) मोहल्ला कॉलोनी गेट, थाना नरौरा, जनपद बुलंदशहर के रहने वाले थे। वह आरएसएस के पूर्व नगर कार्यवाह रहे हैं और वर्तमान में नगर पंचायत बबराला में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। वहीं घायल की पहचान धर्मप्रकाश (57) निवासी गांव रामनगर, थाना रामघाट, जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों चंदौसी में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेहरू चौक के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने विजय शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मप्रकाश का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे सुबह उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



विजय शर्मा।

### इकलौते बेटे की मौत पर बेसुध हुए माता-पिता

बताया जाता है कि संजय कुमार के पांच बेटियां हैं। कार्तिक इकलौता बेटा था। घर में अकेला बेटा होने के कारण माता-पिता और बहने सभी उसे बहुत प्यार करते थे। वह पढ़ाई में भी मेधावी था। कक्षा दो का छात्र था। इकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो रोकर बुराहाल है। वहीं संजय और उनकी पत्नी बेटे को याद करके बार बार रोते और बेसुध हो जाते। होश में आते ही दोनों कार्तिक को पुकारने लगते। संजय और उसकी पत्नी को लोग सांत्वना देते और चुप कराते, लेकिन उनका रोना देखकर सांत्वना देने वाला इंसान भी रोने लगता।

# ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का आरोप



डीएम कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण। • अमृत विचार

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा जयसिंह में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को गांव के कई लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि गाटा संख्या 114, जो ग्राम समाज की भूमि है और पूर्व में पट्टे पर आवंटित की गई थी, उस पर बहजोई निवासी व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने जमीन को खरीदने का दावा करते हुए वर्षों पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह रास्ता करीब 50 वर्षों से गांव के लोगों के मकानों और खेतों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग था। रास्ता बंद होने से लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे खेती-बाड़ी और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी के दस्तावेजों की जांच करने तथा अवैध कब्जा हटाकर सरकारी रास्ते को तत्काल बहाल कराने की मांग की है।

# खाने को लेकर बरातियों के दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव दबोई खुर्द में शादी समारोह उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब बारातियों के दो गुटों में खाना खाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। हालात इतने बिगड़े कि दोनों पक्ष मारपीट करते हुए मनौटा पुलिस चौकी तक पहुंच गए और वहां भी पुलिस की मौजूदगी में जमकर बवाल हुआ। इस पूरे घटनाक्रम में करीब 18 लोग घायल हो गए।

रविवार रात गांव दबोई खुर्द निवासी राजपाल सिंह की बेटी सविता की शादी थी। बरात मुरादाबाद जिले के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव आटान से चंद्रपाल के बेटे रविंद्र की आई थी। जयमाला के बाद शादी समारोह में सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन देर रात जब बराती भोजन कर रहे थे, तभी बरात पक्ष के दो गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले हल्की नोकझोंक हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला बिगड़ गया और एक पक्ष की ओर से प्लेट फेंककर मार दी गई। इसके बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए और जमकर लात-घूंसे चलने लगे। अचानक हुई इस मारपीट से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़े को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। दोनों गुट झगड़ते हुए मनौटा पुलिस चौकी पहुंच गए। यहां भी विवाद थमा नहीं और पुलिस चौकी के बाहर ही एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। चौकी के बाहर पुलिस की मौजूदगी में ही जमकर मारपीट हुई। इस दौरान महिलाओं ने भी पीछे न रहते हुए एक-दूसरे पर हाथ उठाए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि मौके पर मौजूद सिपाही अकेला होने के कारण हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। इस दौरान चौकी परिसर में हुई मारपीट के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं । मारपीट की इस घटना में करीब 18 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एक पक्ष से तीन और दूसरे पक्ष से चार लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली में मेडिकल कराया है, जबकि अन्य घायलों ने निजी चिकित्सालयों में उपचार कराया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि गांव दबोई खुर्द में विवाह समारोह के दौरान लड़का पक्ष के दो गुटों में आपसी विवाद हुआ था। दोनों पक्ष झगड़ते हुए पुलिस चौकी तक पहुंच गए, जहां दोबारा मारपीट हो गई। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस चौकी के बाहर होती मारपीट (वायरल वीडियो से लिया गया फोटो)।

- पुलिस चौकी के बाहर बरातियों भी दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कर दिया हमला

# शादी में खाना खाने के बाद कई बीमार

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा के मजरा धर्मपुर में एक शादी समारोह के दौरान दावत खाने के बाद अचानक बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए। बराती, घराती और रिश्तेदारों समेत 100 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सभी को आनन-फानन में निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी वीरपाल की बेटी की शादी थी, जिसमें गांव सिंघोला दौलत सिंह से बारात आई थी। शादी की सभी रस्में धूमधाम से संपन्न हुईं। इसके बाद देर रात दावत का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 300 से 400 लोगों ने भोजन किया। बताया जाता है कि भोजन करने के कुछ समय बाद ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। सोमवार दोपहर अचानक बड़ी संख्या में लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते एक-एक कर कई लोग बीमार पड़ गए, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। स्थिति बिगड़ने पर परिजन बीमार लोगों को निजी चिकित्सकों के यहां लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। एक साथ इतनी संख्या में लोगों के बीमार होने से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार दावत में बने भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि खाने में गड़बड़ी के चलते ही यह फूड प्वाइजनिंग हुई है। फिलहाल चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों की हालत में सुधार बताया जा रहा है और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।



घटना के बाद भोजन का सैंपल लेती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए लोगों को अस्पताल में कराया भर्ती
- घटना के बाद गांव स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिए सैंपल

# मां को आपत्तिजनक हालत में देख युवक ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

- चाचा के साथ देखा, उपचार के दौरान गई युवक की जान

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी युवक अपने चाचा के साथ खेत पर फसल की सिंचाई करने गया था। बताया जाता है कि सिंचाई के दौरान चाचा यह कहकर कुछ देर के लिए वहां से चला गया कि वह जल्द ही लौट आएगा। काफी समय बीत जाने के बाद जब चाचा वापस नहीं आया तो युवक उसे तलाशते हुए खेत की दूसरी दिशा में चला गया। कहा जा रहा है कि वहां युवक ने अपने चाचा को अपनी मां के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इस घटना से वह गहरे सदमे में आ गया और बिना कुछ कहे घर लौट आया। घर पहुंचने के बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में युवक की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को भी इस संबंध में कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है। थाना अध्यक्ष लवनीश चौधरी ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

# बुलडोजर एक्शन का डर, खुद हटाने लगे मलबा

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक सौंधन किले को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रविवार को बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की तो सोमवार को अतिक्रमण खुद तोड़ने के नाम पर कुछ लोग ईंटे हटाते नजर आये जबकि जिनके मकान टूटे थे वह अपना मलवा समेटते रहे।

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सौंधन किले का निरीक्षण किया था। डीएम ने किले को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रविवार को राजस्व विभाग की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और किले के भीतर बने खाली पड़े मकानों को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के बाद सोमवार को किले के अंदर का माहौल बदला हुआ नजर आया। जिन मकानों को तोड़ा गया, उनके स्वामी मलबा हटाने में जुटे रहे, जबकि कई अन्य लोग संभावित कार्रवाई को देखते हुए स्वयं ही अपने मकानों को धीरे-धीरे तोड़ने में लगे दिखे। लोगों में प्रशासन की आगामी कार्रवाई को लेकर आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है तो प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनका कहना है कि अचानक की जा रही कार्रवाई से वे असमंजस में हैं और परिवार के साथ रहने के लिए उन्हें दूसरी जगह की जरूरत है। सोमवार को किला परिसर में कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे क्षेत्र में अनिश्चितता का माहौल बना रहा।



बुलडोजर एक्शन के बाद सोमवार को अंदर का नजारा। • अमृत विचार

- सोमवार को अतिक्रमणकारी स्वयं ही ईंटे आदि हटाते नजर आए

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा

**चंदौसी अमृत विचारः** थाना बहजोई के गांव चिरौली भगवंतपुर निवासी कृष्ण शर्मा के अनुसार उसने अपनी बेटी अनुपम शर्मा की शादी कस्बा बहजोई के मोहल्ला धर्म बाजार निवासी सचिन शर्मा उर्फ बंटी से की थी। ससुराल वाले पुत्री को दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे। चार जुलाई को उनकी बेटी अनुपम की अस्पताल में मौत हो गई है। इस प्रकरण की सुनवाई जिला न्यायालय में की जा रही थी। मंगलवार को सचिन को लिए न्यायालय में पेश किया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम सैनी उर्फ हरीश सैनी द्वारा की जा रही थी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# लोहा व्यापारी के यहां जीएसटी टीम की कार्रवाई

संवाददाता,बहजोई

- टीम ने स्टॉक व रजिस्टर की जांच की

**अमृत विचार:** बहजोई कस्बा क्षेत्र के इस्लामनगर रोड स्थित रोहतास आयरन एंड एग्रीकल्चर स्टोर पर सोमवार को जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुरादाबाद से पहुंची टीम ने कर चोरी की आशंका में दुकान, गोदाम और आवासीय परिसर को घेरकर स्टॉक और अभिलेखों की गहन जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब दो बजे मुरादाबाद जीएसटी विभाग की टीम पांच गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने दुकान, गोदाम और संबंधित स्थानों को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है। जीएसटी टीम ने गोदाम में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन शुरू किया है, वहीं स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर और अन्य जरूरी दस्तावेजों को कब्जे में लेकर उनकी बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारी अलग-अलग टीमों में बंटकर विभिन्न हिस्सों में बैठकर कई घंटे से रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग को फुटकर दुकानदारों को की गई बिलिंग में अनियमितता की शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। टीम पिछले तीन घंटे से लगातार जांच में जुटी हुई है।

# गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** गौरक्षकों समेत अन्य लोगों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी नीतू रानी को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग की गई। इस दौरान मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया।

ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से मांग की गई कि गौ माता को संवैधानिक रूप से राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और संपूर्ण भारत में गौ-वंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए केंद्रीय कानून बने। इस अभियान में चन्दौसी के युवाओं ने 4500 लोगों के हस्ताक्षर गौ रक्षा के समर्थन में चन्दौसी तहसील में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री और राज्यपाल, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया । अभियान की रूपरेखा के अनुसार, अगला बड़ा चरण 27 जुलाई को होगा और यह सिलसिला 15 अगस्त 2028 तक जारी रहेगा जब तक कि सरकार गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित नहीं कर देती। इस दौरान मुदित शर्मा, शगुन ठाकुर, व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू, निखिल शर्मा, शुभम अग्रवाल, रजत यादव, अजय सैनी, प्रिंस ठाकुर, प्रवेश राघव, यश मदान, अमन कोरी, गोविंद ठाकुर , प्रखर काका , विजय अरोरा , वंश वार्ष्णेय,अंश वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय गौरक्षक, यश शर्मा, आशु यादव, देव कश्यप, प्रिंस शर्मा, अनमोल गौरव, कुनाल रस्तोगी, मोहित पंडित, मोहित राणा, सुमित आदि मौजूद रहे।




मांग को लेकर प्रदर्शन करते गौरव रक्षक दल के कार्यकर्ता • अमृत विचार

- चंदौसी में 4500 लोगों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिया समर्थन

### गाय को राष्ट्रमाता दर्जा देने की मांग, दिया ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार :** गो सम्मान आह्वान अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नई तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देशी गोवंश के संरक्षण, सुरक्षा और सम्मान के लिए व्यापक स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की।

भोले सिंह त्यागी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोवंश का विशेष महत्व रहा है, लेकिन वर्तमान समय में देशी गोवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है। सड़कों पर बेसहारा घूमते पशु, गो तस्करी और अवैध वध की घटनाएं समाज की आस्था को आहत कर रही हैं। कानूनी मजबूती मिल सके। गो तस्करी और गो वध जैसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

### गोमाता के संरक्षण की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बबराला, अमृत विचार :** गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर के व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर गोमाता को उत्तर प्रदेश में 'राजमाता' तथा राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में गौवंश का विशेष महत्व है। गोमाता को सदियों से पूजनीय माना जाता रहा है, ऐसे में उन्हें सम्मानजनक दर्जा प्रदान करना समय की मांग है। साथ ही गौ संरक्षण के लिए कड़े कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, अवैध वध पर पूर्ण रोक तथा निराश्रित गौवंश के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। व्यापारी नेता अनिल गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विजय वार्ष्णेय, राकेश वार्ष्णेय, अरूण कुमार डिंपल, आकाश मेडिकल, नितिन आइडिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल में दस परीक्षा केंद्रों पर आयोजित तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती परीक्षा सोमवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। अंतिम दिन भी परीक्षार्थियों की दो पालियों में परीक्षा कराई गई, ।

सोमवार को प्रथम पाली में 10 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3648 अभ्यर्थियों की परीक्षा निर्धारित थी, जिनमें से 2790 उपस्थित रहे, जबकि 858 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी 3648 अभ्यर्थियों की परीक्षा थी, जिसमें 2806 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 842 अनुपस्थित रहे। तीन दिनों तक चली इस परीक्षा का आयोजन 25, 26 और 27 अप्रैल को किया गया, जिसमें जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही दूसरे जनपदों मुरादाबाद, बिजनौर, बदायूं और रामपुर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। निर्धारित समय सुबह 9:30 बजे के बाद परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। जनपद में शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सहित हयातनगर और सिरसी क्षेत्र के कुल 10 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि तीन दिनों में कुल छह पालियों में 21,888 और एक अतिरिक्त पाली में 3,648 अभ्यर्थियों की परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई थी।



एमजीएम कालेज परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड चैक करती पुलिस कर्मी।

- आखिरी दिन 5596 ने दी परीक्षा,1700 रहे गैर हाजिर

## न्यूज ब्रीफ

### बरेली के आस्था स्थलों के विकास को 7.91 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** बरेली में आस्था के प्रमुख केंद्रों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 7.91 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाना, पर्यटन को प्रोत्साहन देना और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मीरगंज के ठाकुर जी मंदिर, फरीदपुर के पहलऊनाथ शिव मंदिर और मगनपुर के प्राचीन शिव मंदिर समेत कई स्थलों के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। आंवला में द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क और गुलड़िया गौरीशंकर मंदिर यात्री हाल के सुदृढ़ीकरण को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा शिरोही मंदिर, अहिछत्र क्षेत्र, पूर्णगिरी शिव मंदिर, आनंद आश्रम मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर और श्री सीताराम मंदिर के विकास कार्य शामिल हैं। त्रिवटीनाथ मंदिर में फसाड लाइटिंग के लिए एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### बाराबंकी में 7.02 करोड़ से मंदिर-घाटों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाराबंकी में पर्यटन विकास को लेकर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.02 करोड़ रुपये की लागत से 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनका उद्देश्य आस्था स्थलों का विकास कर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुर्सी के काली मंदिर, दरियाबाद के सर्वेश्वर महादेव मंदिर और हैदरगढ़ के ठाकुर राधाकृष्ण मंदिर समेत कई स्थलों के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। रामनगर स्थित कोटवाधाम और शिवा योगपीठ आश्रम के विकास कार्य भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा ज्वालामुखी मंदिर, नैपुरा घाट, गंगापुर घाट, कालभैरव मंदिर और बाबा टीकाराम तीर्थ स्थल के विकास कार्यों को भी मंजूरी दी गई है।

### यूपी-रेरा का 37वां एजेंट प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए उप्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी-रेरा) ने 37वें रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। चार दिवसीय यह प्रशिक्षण एनआईईटी परिसर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित हो रहा है, जिसे छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 51 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन यूपी-रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने ऑनलाइन किया, जबकि डिप्टी सचिव पंकज सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलन किया। सचिव महेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को रेरा अधिनियम के प्रावधानों और नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा होगी, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके बाद ही वे लाइसेंसधारी एजेंट के रूप में पंजीकरण के पात्र होंगे।

### अलीगढ़ मुस्लिम विवि पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सौ वर्ष (1920-2020) पूरे होने पर 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक प्रो. अब्दुल रहीम बीजापुर और प्रो. राहत अबरार है। पुस्तक के प्रकाशक डॉ. एमपी यादव हैं। सपा प्रमुख ने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्म पर तमाम जानकारियां होने के बावजूद, काफी टेबल बुक बनाया, इतिहास की जानकारी दी, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा ने कहा कि मेहनत के बाद सौ साल का कलेक्शन तैयार किया गया है, इसका विमोचन करना हमारी खुद किस्मती है।

### प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत से रूबरू हुए नेपाल के पत्रकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में नेपाल के 20 वरिष्ठ पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल 26 से 30 अप्रैल तक प्रदेश के दौरे पर है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थलों और धार्मिक परंपराओं से अवगत कराया जा रहा है। लखनऊ में पत्रकारों ने ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के साथ ही शहर के खानपान और तहजीब को भी करीब से जाना। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल अयोध्या का दौरा करेगा।

# पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त अब होगी ऑनलाइन : दयाशंकर

## परिवहन मंत्री बोले- एडीआरवी व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी होगी। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर अधिकृत डीलर (एडीआरवी) व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन होंगी।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था में पंजीकृत वाहनों



के क्रय-विक्रय से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं डिजिटल माध्यम से संपादित होंगी। इससे वाहन स्वामी, अधिकृत डीलर और परिवहन विभाग के बीच जवाबदेही तय होगी और लेनदेन अधिक सुरक्षित बनेगा।

उन्होंने कहा कि डीलरों को पंजीकरण प्राधिकारी से अधिकृत प्रमाण पत्र लेना होगा, जिसकी वैधता पांच वर्ष होगी। यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन पोर्टल से जारी होगा। वाहन स्वामी भी अपने वाहन से जुड़े दस्तावेज पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे।

नए प्रावधानों के तहत डीलर आरसी व फिटनेस नवीनीकरण, डुप्लीकेट आरसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र और स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर सकेंगे। साथ ही उन्हें सभी वाहनों का रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक इन्वेंटरी रजिस्टर में रखना होगा। उन्होंने बताया कि प्रणाली का परीक्षण पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही वाहन पोर्टल पर लागू किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल, तेज और पारदर्शी बनेगी।

# काशी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आज

## 6,322 करोड़ की सौगात देंगे पीएम मोदी, महिला पुलिसकर्मी संभालेंगी सुरक्षा व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- **भाजपा जुटा रही 50 हजार महिलाओं की भीड़, सम्मेलन की पूरी कमान महिलाओं के हाथ में**



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर वाराणसी पहुंचेंगे। शाम 5 बजे वह 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। भाजपा द्वारा बरेका ग्राउंड में आयोजित इस सम्मेलन में करीब 50 हजार महिलाओं की भागीदारी संभावित है। खास बात यह है कि आयोजन और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह महिलाओं के हाथ में रहेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री 6,322 करोड़ रुपये की 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ समेत कई वरिष्ठ नेता और मंत्री मौजूद रहेंगे।

29 अप्रैल की सुबह प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक भी कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों—बनारस-पुणे और अयोध्या-मुंबई—को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा सड़क, फ्लाईओवर, अस्पताल, शिक्षा, पेयजल, सीवरेज, खेल, पर्यटन और बिजली से जुड़ी कई परियोजनाएं भी शुरू होंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में होगा 'बौद्ध महोत्सव'

**अमृत विचार, लखनऊ:** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ में पहली मई को भव्य 'बौद्ध महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया और इंडो-श्रीलंका इंटरनेशनल बौद्धिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मूलगंध कुटी विहार में सुबह आयोजित इस कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति और शांति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान धम्म देशना, विपश्यना, परिचर्चा और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही 'विश्व शांति के प्रतीक-भगवान बुद्ध' विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें युवाओं की भागीदारी रहेगी। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को बुद्ध के विचारों से जोड़ना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है।

# जनता की शिकायतों का समय सीमा में समाधान करें अधिकारी

## जनता दर्शन में योगी बोले: भीषण गर्मी में पहले अपने जिले में अधिकारियों से मिलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले सोमवार सुबह जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समय सीमा के भीतर समाधान करना होगा।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा। कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा



लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन में महिला फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

कि क्या जिले में किसी अधिकारी से मिलकर समस्या बताई? जवाब मिला नहीं। इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जिले में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया।

# प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राज्य स्तरीय समन्वयक तेल उद्योग ने जारी किया आपूर्ति का डाटा**
- **13,168 पेट्रोल पंप और 28 डिपो से निर्बाध सप्लाई, कहीं कोई कमी नहीं**

**अमृत विचार:** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। यह दावा राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), उप्र. ने किया है।

जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश में 13,168 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) और 28 सप्लाई डिपो के माध्यम से ईंधन की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। औसतन प्रतिदिन करीब 20 हजार किलोलीटर (टीकेएल) पेट्रोल (एमएस) और 33 हजार किलोलीटर डीजल (एचएसडी) उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं और बिक्री भी सुचारु रूप से हो रही है। एलपीजी की आपूर्ति भी पूरी तरह स्थिर है। राज्य में 4,143 वितरकों और 36 बॉटलिंग प्लांट के जरिए 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवा दी जा रही है। प्रतिदिन लगभग 8 लाख सिलेंडरों की रिफिल डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। 94 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग डिजिटल माध्यम से हो रही है और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के जरिए सुरक्षित वितरण किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह संतुलित और पर्याप्त है।

### 'प्रयास' पहल से रिटायर कर्मचारियों को राहत

**अमृत विचार, लखनऊ:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने लखनऊ सहित छह जिलों में 'निधि आपके निकट 2.0' शिविर आयोजित किए। इसमें निष्क्रिय खातों की पहचान कर सदस्यों को धनराशि निकालने या स्थानांतरित करने के लिए जागरूक किया गया, साथ ही लंबित विधिक मामलों का भी निस्तारण हुआ। 'प्रयास' पहल के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवाकाल के अंतिम दिन ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किए गए। शिविरों में 77 में से 53 शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया, जबकि शेष को प्राथमिकता पर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

# खरीफ सीजन से पहले उर्वरक आपूर्ति पर सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **जमाखोरी व कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

**अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए लेकर मुख्य सचिव एसपी. गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरक आपूर्ति के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर हुई बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की किल्लत न होने दी जाए। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सब्सिडी युक्त उर्वरकों का 100 प्रतिशत वितरण केवल पीओएस मशीनों के माध्यम से ही किया जाएगा। सभी बिक्री केंद्रों पर उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को 8 हजार बढ़कर आएगा मानदेय, आदेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** बेसिक शिक्षा परिषद के तहत संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संविदा पर कार्यरत शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को इस माह से 8 हजार रुपये बढ़ा हुआ मानदेय बढ़कर आएगा। कैबिनेट के फैसले के अनुपालन का आदेश सोमवार को जारी हुआ है। सोमवार को स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा और शिक्षा निदेशक (बेसिक) को बढ़े हुए मानदेय के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान मिल सके। प्रदेश में इस समय 1,42,929 शिक्षामित्र और लगभग 24 हजार अंशकालिक अनुदेशकों को इस बार से हर माह करीब आठ-आठ हजार रुपये की बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत शिक्षामित्रों को अब 18 हजार रुपये प्रतिमाह और अंशकालिक अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पहले इनका मानदेय कम था, जिसे अब बढ़ाकर राहत दी गई है।

# गाजीपुर में सरकार के इशारे पर सपा नेताओं से दुर्व्यवहार: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि गाजीपुर में भाजपा सरकार के इशारे पर सपा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि सपा पीडीए समाज के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए, इसलिए कार्यकर्ताओं पर नई-नई धाराएं लगाई जा रही हैं।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि सरकार समाजवादियों के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय कर रही है। गाजीपुर में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की गई, जबकि असली पत्थरबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा से जुड़े लोग सोशल मीडिया पर कुछ लिखते ही उनके खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है, जबकि पार्टी के खिलाफ माहौल बनाने वालों पर कार्रवाई नहीं होती।

### गाजीपुर जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल, पीड़ित परिवार को सौंपेगा पांच लाख की आर्थिक मदद

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधिमंडल 28 अप्रैल मंगलवार को पुनः गाजीपुर जायेगा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसमें दो लाख रुपये विश्वकर्मा समाज और तीन लाख रुपये सपा की ओर से दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर के साथ विधायक जयकिशन साहू और रीता विश्वकर्मा जायेंगी। गाजीपुर अंतर्गत ग्राम कटरिया थाना करंडा निवासी सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग पुत्री की दबंगों ने बलात्कार के बाद हत्या कर शव गंगा नदी में फेंक दिया था।

# महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष नकारात्मक

## भदोही में ऊर्जा मंत्री ने किया संवाद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भदोही में महिला जन आक्रोश मार्च में शामिल होकर महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने में विपक्ष का रवैया सहयोगात्मक नहीं रहा, जिससे यह अब तक संभव नहीं हो सका।

इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर किए गए संवाद में नगर विकास मंत्री ने विश्वास जताया कि भविष्य में यह विधेयक अवश्य पारित होगा। उन्होंने कहा




भदोही में महिला जन आक्रोश रैली का नेतृत्व करते नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

कि महिलाओं के अधिकारों पर किसी भी प्रकार की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी। सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस मौके पर सांसद विनोद बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, विपुल दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सतर्कता** | प्रदेश सरकार ने बनाई योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं और डॉक्टरों से कनेक्ट होंगे स्कूल

# हीटवेव : स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एमडीएम, दवाएं और डेटा आधारित रणनीति से गर्मी से बचाव की तैयारी तेज**

**अमृत विचार:** आसमान से बरस रही आग के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में हीटवेव से स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों को केवल शिक्षा केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा और स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सरकार ने मध्याह्न भोजन (एमडीएम) को बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ते हुए इसे हीटवेव से बचाव का महत्वपूर्ण माध्यम बनाया है। स्कूलों में समयबद्ध गतिविधियां, छायादार स्थान, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश लागू कर दिए गए हैं। गर्मी के दौरान एमडीएम योजना को केवल भोजन तक सीमित न रखकर बच्चों की सेहत मजबूत करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। पौष्टिक आहार के जरिए बच्चों को हीटवेव के प्रभाव से बचाने की रणनीति अपनाई गई है।

### स्कूलों में लागू निर्देश

- दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहरी गतिविधियों पर रोक
- बच्चों के लिए पर्याप्त पानी और छायादार स्थान की व्यवस्था
- हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह
- धूप में खेलकूद से परहेज
- चक्कर, कमजोरी या उल्टी के लक्षण पर तुरंत चिकित्सीय मदद

44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचते तापमान को देखते हुए सरकार ने पहले से ही डेटा आधारित रणनीति लागू की है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत सभी जिलों में लगातार मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### दवाओं की उपलब्धता पर खास ध्यान

स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस, ग्लूकोज, इलेक्ट्रोलाइट्स और प्राथमिक उपचार किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को आयरन की पिंक गोलियां और कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को नीली गोलियां देने की व्यवस्था की गई है।

# ओबीसी छात्रों के लिए बड़ी सौगात 36 लाख से अधिक को छात्रवृत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पूर्वदशम योजना से स्कूली छात्रों को सीधा लाभ, दशमोत्तर योजना से उच्च शिक्षा को मजबूती**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 36 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की है। पूर्वदशम और दशमोत्तर योजनाओं के जरिए न सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सहारा मिला है, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल कर समावेशी विकास का संदेश भी दिया गया है।

पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजना के तहत 8,88,863 छात्रों को 219.64 करोड़ रुपये सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। इनमें 4.58 लाख छात्राएं, 4.30 लाख छात्र और 3 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इस योजना के तहत छात्रों को 150 रुपये प्रतिमाह (अधिकतम 10 माह) और 750 रुपये वार्षिक अनुदान सहित कुल 2250 रुपये तक की सहायता मिलती है। इसका उद्देश्य स्कूली स्तर पर ही आर्थिक बाधाओं को दूर करना है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत इंटरमीडिएट से लेकर बीटेक, एमबीबीएस, एमबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स तक को कवर किया गया है। वर्ष 2025-26 में 27,86,431 छात्रों को 2882.02 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं, छात्र और ट्रांसजेंडर शामिल हैं, जिससे उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान हुई है। कोर्स ग्रुप के अनुसार 12 हजार रुपये से लेकर 64 हजार रुपये तक वार्षिक छात्रवृत्ति दी जा रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

# अमृत विचार

मंगलवार, 28 अप्रैल 2026




बाहर से बड़ी-बड़ी बातें बोलकर, कोई भी काम नहीं होता।
-महाश्वेता देवी, लेखिका



## प्रतिरोध से उठे प्रश्न

अमेरिका में वाइट हाउस कॉरेसपॉन्डेंट्स एशोसिएशन के वार्षिक डिनर जैसे अत्यंत सुरक्षित और प्रतिष्ठित आयोजन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हिंसक हमले की घटना कई स्तरों पर चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है। यह मात्र सुरक्षा चूक का मामला नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतंत्रों में बढ़ती राजनीतिक कटुता, सामाजिक ध्रुवीकरण और युवा मानस के उग्र होते प्रतिकार का संकेत भी है। यह घटना युवा शक्ति के हिंसक विरोध का नमूना है, हमलावर सुशिक्षित और राजनीतिक रूप से सजग था, इसलिए यह और भी गंभीर संकेत है। शिक्षा सामान्यतः विवेक और संवाद को बढ़ावा देती है, परंतु जब वही शिक्षित युवा हिंसा का मार्ग चुनता है, तो यह बताता है कि राजनीतिक विमर्श में असहिष्णुता कितनी गहरी हो चुकी है।

लोकतंत्र में विरोध का स्थान है, पर हिंसा का नहीं। यदि असहमति का समाधान गोली से होगा, तो संस्थाओं और संवाद की पूरी संरचना ध्वस्त हो जाएगी। कमला हैरिस के समर्थन और ट्रंप-विरोध की पृष्ठभूमि इस घटना को राजनीतिक रंग देती है, परंतु इसे केवल दलगत राजनीति तक सीमित करना समस्या को छोटा करके देखना होगा। एक महत्वपूर्ण पहलू सुरक्षा का है। जब सैकड़ों पत्रकार, गणमान्य अतिथि और सीक्रेट सर्विस एजेंट मौजूद हों, तब हथियार सहित किसी हमलावर का प्रवेश गंभीर संस्थागत विफलता को दर्शाता है। अमेरिका, जो विश्व की सबसे उन्नत सुरक्षा प्रणालियों का दावा करता है, वहां ऐसी घटना यह संकेत देती है कि 'ज़ीरो-रिस्क' सुरक्षा एक मिथक है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब राष्ट्रपति ही पूरी तरह सुरक्षित नहीं, तो अन्य विदेशी नेताओं की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है। अमेरिका का 'गन कल्चर' भी शोचनीय है, हथियारों की आसान उपलब्धता लंबे समय से वहां हिंसा की घटनाओं का प्रमुख कारण रही है। बार-बार होने वाली गोलीबारी की घटनाएं यह सिद्ध करती हैं कि केवल कानून नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आवश्यक है। इस घटना को भी उसी व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। ट्रंप पर दोबारा हमले को देखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था में तकनीकी और मानव-आधारित दोनों स्तरों पर उन्नत स्कैनिंग, व्यवहार विश्लेषण और भीड़-नियंत्रण के नए मानक संबंधी सुधार आवश्यक है। ट्रंप का कहना कि इसमें ईरान का हाथ नहीं है, एक महत्वपूर्ण संकेत है। साफ है कि वे इस घटना को अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र के बजाय घरेलू असंतोष के रूप में देखना चाहते हैं। वहीं, इसे 'साजिश' बताने वाले दावे बिना ठोस प्रमाण के केवल भ्रम और अविश्वास को बढ़ाते हैं।

इतिहास में रोनाल्ड रीगन पर हुए हमले की याद दिलाती यह घटना बताती है कि लोकतंत्र में खतरे नए नहीं हैं, पर उनका स्वरूप बदल रहा है। आज का खतरा अधिक जटिल है, जहां वैचारिक ध्रुवीकरण, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत आक्रोश मिलकर हिंसा को जन्म दे रहे हैं। यह घटना केवल अमेरिका की नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतंत्रों के लिए चेतावनी है। असहमति को यदि संवाद में नहीं बदला गया, तो वह हिंसा में बदलती रहेगी। लोकतंत्र की असली परीक्षा यही है कि वह विरोध को कितनी परिपक्वता से संभाल पाता है। मुखर और विवादास्पद नेताओं को यह भी समझना होगा कि उनकी भाषा और शैली सामाजिक तनाव को किस हद तक प्रभावित करती है।

### प्रसंगवश

## फिर भी तन्हाइयों का शिकार आदमी

सुबह की शुरुआत अब चिड़ियों की चहचहाहट से कम और मोबाइल की स्क्रीन की रोशनी से अधिक होने लगी है। आंख खुलते ही हाथ तकिए के नीचे रखे फोन को टटोलता है। नोटिफिकेशन कितने आए, किसने क्या लिखा, किसने क्या पोस्ट किया। दुनिया से जुड़े रहने का यह नया तरीका इतना सहज हो गया है कि हमें इसका एहसास भी नहीं होता कि हम कब 'जुड़ते-जुड़ते' भीतर से 'कट' होते जा रहे हैं। यह बदलाव इतना धीरे-धीरे हुआ है कि हमें इसकी गंभीरता का एहसास ही नहीं हुआ।

यह एक अजीब विडंबना है कि आज हम पहले से कहीं अधिक 'कनेक्टेड' हैं, लेकिन पहले से कहीं अधिक 'अकेले' भी। डिजिटल भारत की चमकती तस्वीर के पीछे एक धुंधली परछाईं भी है— डिजिटल अकेलापन। यह अकेलापन सिर्फ बुजुर्गों या अकेले रहने वालों का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है, जो स्क्रीन के उस पार लोगों की भीड़ में होकर भी अपने भीतर एक खालीपन महसूस करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने हमें अभिव्यक्ति का एक खुला मंच दिया है। हम अपने विचार, तस्वीरें, खुशियां, दुख-सब कुछ साझा कर सकते हैं, लेकिन क्या यह साझा करना सच में संवाद है? या यह सिर्फ एकतरफा प्रसारण बनकर रह गया है? हम पोस्ट करते हैं, लाइक्स गिनते हैं, कमेंट्स पढ़ते हैं, लेकिन दिल की बात कहने और सुनने का जो सुकून आमने-सामने बैठकर मिलता है, वह कहीं खो गया है।




संध्या अग्रवाल
लेखिका


घर के एक कोने में बैठी एक वृद्ध मां को देखिए। उसके पास भी अब एक स्मार्टफोन है। बच्चे दूर शहरों में हैं, लेकिन रोज वीडियो कॉल कर लेते हैं। पहली नजर में लगता है कि तकनीक ने दूरियों को खत्म कर दिया है। पर क्या सच में? कॉल खत्म होते ही कमरे में फिर वही सन्नाटा लौट आता है। स्क्रीन पर दिखते चेहरे छूने के लिए नहीं होते और आवाजें दिल के खालीपन को पूरी तरह भर नहीं पातीं। इसी तरह एक गृहिणी है, जो दिनभर घर के कामों के बीच कुछ समय निकालकर सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करती है। दूसरों की खुशहाल तस्वीरें, घूमने-फिरने के वीडियो, सजे-धजे जीवन को देखकर उसके भीतर एक अनकहा दबाव पैदा होता है— क्या उसकी जिंदगी कम है? क्या वह कुछ खो रही है? तुलना का यह सिलसिला धीरे-धीरे उसे अपने ही जीवन से असंतुष्ट और भीतर से अकेला कर देता है।

युवा पीढ़ी की स्थिति और भी जटिल है। उनके लिए डिजिटल दुनिया सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि पहचान का हिस्सा बन चुकी है। दोस्ती अब 'फॉलो' और 'अनफॉलो' के बीच सिमट गई है। बातचीत 'चैट' में बदल गई है और भावनाएं 'इमोजी' में। वे घंटों ऑनलाइन रहते हैं, लेकिन जब वास्तविक जीवन में किसी से दिल की बात कहने का मौका आता है, तो शब्द कम पड़ जाते हैं। डिजिटल अकेलेपन का एक और पहलू है— 'अनसुना रह जाना।' जब हम अपनी कोई बात, कोई पीड़ा, कोई सवाल सोशल मीडिया पर डालते हैं और बदले में सिर्फ कुछ औपचारिक प्रतिक्रियाएं मिलती हैं, तो भीतर कहीं यह एहसास गहरा जाता है कि हमें वास्तव में कोई सुन नहीं रहा।

परिवार, जो कभी बातचीत और साथ बिताए समय की इकाई हुआ करता था, अब एक ही घर में रहते हुए भी अलग-अलग स्क्रीन में बंट गया है। डाइनिंग टेबल पर साथ बैठकर खाना खाने की जगह अब टीवी या मोबाइल के सामने अकेले-अकेले खाना आम हो गया है, लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि तकनीक ही दोषी है?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# न्यायपालिका बनाम विधायिका टकराव पर संवैधानिक प्रश्न






सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार


दिल्ली की राजनीति में हाल में उभरा जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विवाद एक बड़े संवैधानिक प्रश्न को जन्म देता है। क्या यह मामला सच में न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव है, या फिर यह संस्थाओं के बीच संतुलन और जवाबदेही की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है? यह विवाद तब चर्चा में आया जब अदालत की टिप्पणियों और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं ने सार्वजनिक विमर्श को गर्मा दिया। अदालत ने शासन के कुछ निर्णयों और प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए, जबकि राजनीतिक पक्ष ने इसे न्यायिक दखल के रूप में देखा। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम केजरीवाल विवाद को सीधे-सीधे न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव कहना अतिशयोक्ति होगी। यह लोकतंत्र के भीतर चल रही वह स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसमें संस्थाएं एक-दूसरे पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखती हैं। असल चुनौती टकराव से बचना नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन और गरिमा को बनाए रखना है, क्योंकि मजबूत लोकतंत्र वही है, जहां संस्थाएं स्वतंत्र भी हों और जिम्मेदार भी।

आखिरकार विवाद की असली जड़ क्या है? इस प्रकरण में मूल मुद्दा सीमा-निर्धारण का है। यदि न्यायपालिका नीति निर्माण में गहराई से हस्तक्षेप करे, तो विधायिका को अतिक्रमण महसूस हो सकता है। वहीं, यदि सरकार न्यायिक आदेशों या टिप्पणियों को नजरअंदाज करे, तो यह कानून के शासन को कमजोर कर सकता है। यानी, समस्या टकराव का नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने का है। लोकतंत्र के लिए क्या है संकेत? यानी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह विवाद कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। संस्थागत संवाद की आवश्यकताः टकराव के बजाय सहयोग और सम्मान जरूरी है। संवैधानिक मर्यादाः हर संस्था को अपनी सीमाओं का सम्मान करना होगा। लोकतांत्रिक परिपक्वताः सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय कानूनी प्रक्रियाओं पर भरोसा बढ़ाना चाहिए।

> न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यदि राजनीतिक नेता न्यायाधीशों के फैसलों या व्यक्तित्व पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने लगें, तो इससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है।

भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका और राजनीति के बीच संतुलन बेहद संवेदनशील विषय है। हाल ही में अरविंद केजरीवाल द्वारा जस्टिस पर की गई टिप्पणी ने इसी संतुलन को लेकर बहस छेड़ दी है। सवाल यह है कि क्या किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा न्यायाधीशों पर सार्वजनिक टिप्पणी करना उचित है? पहली बात, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल स्तंभ है। एक राजनेता होने के नाते केजरीवाल को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकारपूर्ण नहीं है- इसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब टिप्पणी न्यायपालिका जैसे संवैधानिक संस्थान पर हो, तो शब्दों का चयन और मर्यादा दोनों अहम हो जाते हैं।

दूसरी ओर, न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यदि राजनीतिक नेता न्यायाधीशों के फैसलों या व्यक्तित्व पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने लगें, तो इससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। यह स्थिति न्यायपालिका की निष्पक्षता पर अनावश्यक संदेह पैदा कर सकती है, हालांकि यह भी सच है कि न्यायपालिका आलोचना से परे नहीं है। स्वस्थ लोकतंत्र में हर संस्था की समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन यह समीक्षा तथ्यों, तर्क और संवैधानिक मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए— न कि व्यक्तिगत या भावनात्मक आरोपों के रूप में।

दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों द्वारा दायर उन अर्जियों को खारिज किया, जिनमें शराब नीति मामले की सुनवाई से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि सिर्फ इसलिए कि उनके बच्चे केंद्र सरकार के पैनल वकील हैं, यह नहीं माना जा सकता कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति कोई पूर्वाग्रह है। जज ने आगे कहा कि किसी राजनेता को न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

किसी जज की क्षमता का फैसला हाईकोर्ट करता है, न कि कोई वादी। किसी राजनेता को अपनी सीमा पार करने और न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, हो सकता है कि कोई वादी हमेशा सफल न हो और केवल हाईकोर्ट ही यह तय कर सकता है कि कोई फैसला गलत है या एकतरफा। जिला कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट सही ठहरा सकता है। यही बात हाईकोर्ट पर भी लागू होती है, जिसके फैसले को सुप्रीम कोर्ट देखता है। वादी की यह सामान्य आशंका कि शायद यह अदालत उसे राहत न दे, जज पर पूर्वाग्रह का आरोप लगाने का आधार नहीं बन सकती।

जस्टिस शर्मा ने आगे कहा कि आरोपों का सामना होने पर कोई जज अपनी न्यायिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता। उन्होंने कहा, 'कोई जज किसी वादी के मन में पूर्वाग्रह को लेकर पैदा हुए बेबुनियाद शक को दूर करने या मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर सुनवाई से खुद को अलग नहीं कर सकता... जज पर किए गए निजी हमले असल में पूरी संस्था पर किए गए हमले होते हैं... यह न केवल मुझ पर (जो कि एक जज हूं) हमला होगा, बल्कि पूरी संस्था पर भी हमला होगा। इस तरह का खतरा न केवल हाईकोर्टस तक पहुंचेगा, बल्कि जिला कोर्ट तक भी जाएगा... अगर यह अदालत सुनवाई से हटने का फैसला सुनाकर यह संदेश देती है कि किसी वादी के दबाव में आकर वह ऐसा कर सकती है तो इससे जनता के मन में यह धारणा बन जाएगी कि जज किसी राजनीतिक दल के पक्ष में काम करते हैं।'

जज ने आगे कहा कि सुनवाई से हटने की अर्जियों में जो 'कहानी' गढ़ी गई, वह पूरी तरह से 'अटकलों' पर आधारित पाई गई। इसके अलावा, सुनवाई से हटने की अर्जी के साथ कोई सबूत पेश नहीं किया गया, बल्कि उसमें जज की ईमानदारी और निष्पक्षता पर 'आक्षेप, इशारे और संदेह' ही व्यक्त किए गए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



टोंक में एक बहुरूपिया विधायक बन गया है। न तो वह टोंक का रहने वाला है और न ही राजस्थान के लिए रहने वाला है, लेकिन टोंक के भोले लोगों ने उनको टीका लगा दिया। इस विधायक की एक टांग कांग्रेस में रहती है और दूसरी कहां है, इसका किसी को पता नहीं।

-राधा मोहन दास अग्रवाल
भाजपा प्रदेश प्रभारी, राजस्थान

पायलट कांग्रेस में ही रहेंगे। सचिन पायलट सब समझ भी गए हैं और संभल भी गए हैं। उनकी दोनों टांगें कांग्रेस में ही हैं, कहीं नहीं जाएंगी। पार्टी एकजुट है, पहले उन्हें बहला-फुसला मानेसर ले गए थे, लेकिन अब ये गलती नहीं करेंगे।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



## ठंडक की चाहत में तप रही है धरती




पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार


समय से पहले अब गर्मी आना सामान्य बात हो गई है और जैसे-जैसे पारा चढ़ना शुरू होता है, देश के मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के घरों, दफ्तर और कारों, बसों में एयर कंडीशनर यानी एसी शुरू हो जाते हैं। दशकों पहले जिसे विलासिता का प्रतीक माना जाता था, वह आज भारतीय जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, लेकिन विडंबना यह है कि जो उपकरण हमें भीतर से राहत देते हैं, वे बाहर की दुनिया को और अधिक झुलसा रहे हैं। रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर ने आधुनिक दुनिया को आरामदेह बनाया है, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है और दवाओं के भंडारण को संभव किया है, लेकिन इनकी एक भारी कीमत हम 'ग्लोबल वार्मिंग' के रूप में चुका रहे हैं।

बदलती सामाजिक धारणा और मध्यम वर्ग का उदय हालिया सर्वेक्षणों ने उस पुरानी धारणा को ध्वस्त कर दिया है कि एसी केवल अमीरों की जागीर है। आज भारत के एक बड़े मध्यम और निम्न-मध्यम आय वर्ग के परिवारों में एसी की पहुंच तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोई 6.7 करोड़ एसी घरों या दफ्तरों में हैं। इसके अलावा साढ़े पांच करोड़ कारों और लाखों बसों-ट्रकों में भी अब एसी लग गए हैं। यह सरकारी आंकड़ा है कि हर साल डेढ़ करोड़ नए एसी बिक रहे हैं। यह बढ़ता बाजार आर्थिक समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन पर्यावरणीय दृष्टि से एक बड़ी चेतावनी भी।

> जो उपकरण हमें भीतर से राहत देते हैं, वे बाहर की दुनिया को और अधिक झुलसा रहे हैं। इसकी भारी कीमत हम 'ग्लोबल वार्मिंग' के रूप में चुका रहे हैं।

यह जान लें कि एसी 'ठंडक पैदा' नहीं करता, बल्कि वह आपके कमरे के अंदर की गर्मी को सोखकर उसे बाहर के वातावरण में छोड़ देता है। एसी के अंदर एक 'रेफ्रिजरेंट' गैस होती है जो अंदर की गर्मी को सोखती है। फिर बाहर लगी यूनिट उस गर्मी को पंखे के जरिए बाहर की हवा में छोड़ देती है। यदि एक ही इमारत या गली में दर्जनों एसी चल रहे हों, तो उस क्षेत्र का स्थानीय तापमान सामान्य से 1-2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसे शहरों में 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव कहा जाता है।

यही नहीं एसी के भीतर जो गैस (रेफ्रिजरेंट) घूमती है, वह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। खतरनाक गैसेंः आधुनिक एसी में अक्सर हाइड्रोफ्लोरोकार्बन जैसी गैसों का उपयोग होता है। ये गैसें कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वातावरण को गर्म करने में 1,000 से 3,000 गुना अधिक शक्तिशाली होती हैं। 'ग्लोबल वार्मिंग पोटेंशियल' एक पैमाना है, जो बताता है कि कोई गैस कितनी गर्मी सोखती है। कार्बन डाइऑक्साइड का जीडब्लूपी एक माना जाता है। इसके मुकाबले, एसी में इस्तेमाल होने वाली गैसों का जीडब्लूपी अक्सर 1,000 से 2,000 के बीच होता है। इसका मतलब है कि अगर आपके एसी से एक किलो गैस लीक होती है, तो वह वातावरण को उतनी ही गर्मी प्रदान करती है जितनी 2,000 किलो कार्बन डाइऑक्साइड करेगी।

भारत में एसी के रखरखाव और गुणवत्ता को लेकर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। तकनीकी रूप से एक एसी को पांच साल में केवल एक बार गैस रिफिलिंग की आवश्यकता होनी चाहिए, लेकिन भारत में हकीकत इसके उलट है। यहां लगभग 40 प्रतिशत एसी को हर साल रिफिल किया जाता है। पांच साल से अधिक पुराने 80 प्रतिशत एसी हर साल गैस मांगते हैं और चिंता की बात यह है कि एक तिहाई नए एसी (5 साल से कम पुराने) को भी रिफिलिंग की जरूरत पड़ रही है। यह अनावश्यक रिफिलिंग न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि आम आदमी की जेब पर भी भारी प्रहार है।

वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत के एसी ने कुल 32 मिलियन किलोग्राम रेफ्रिजरेंट की खपत की। औसतन 2,200 रुपये प्रति रिफिल की दर से भारतीय परिवारों ने केवल गैस भरवाने पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। यदि इस लीकेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो 2035 तक यह बिल चार गुना बढ़कर 27,500 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। यह पैसा सीधे तौर पर जनता की बचत से निकलकर उस लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है, जिसे बेहतर निर्माण और सेवा गुणवत्ता से रोका जा सकता था।

कार बनाम एसीः जब हम उत्सर्जन की बात करते हैं, तो अक्सर हमारा ध्यान सड़कों पर दौड़ती गाड़ियों की ओर जाता है, लेकिन एयर कंडीशनरों से होने वाला प्रदूषण अब उससे कम नहीं रह गया है। बिजली की खपत और गैस रिसाव को मिलाकर, 2024 में भारत के एसी से होने वाला कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 156 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह भारत की सभी यात्री कारों से होने वाले कुल उत्सर्जन के लगभग बराबर है। सरल शब्दों में कहें तो, आपके घर की दीवार पर लगा वह एसी जो हर दो साल में गैस रिफिल मांग रहा है, वह साल भर में पर्यावरण को उतना ही नुकसान पहुंचा रहा है, जितना कि एक कार। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रघु फिर नहीं आए...

रघु राय से मेरा पहला परिचय 1974-75 में हुआ जब जेपी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी की सरकार के समय लोकतंत्र हनन के खिलाफ जनआंदोलन चल रहा था। चारों ओर पचास सौ निहत्थे प्रदर्शनकारियों के लिए भी भारी सशस्त्र पुलिस बंदोबस्त, हर समय कुछ घट जाने का अंदेशा रहता था कि कभी भी जेल, पुलिस से पिटाई, घायल हो जाना हमारे लिए सामान्य बात हो चुकी थी। रघु राय तब शायद स्टेट्समैन नाम के प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी अखबार के फोटोग्राफ़र थे! इंडियन एक्सप्रेस के छायाकार आरके जैन होते थे और भगवान सिंह, अनिल त्यागी आदि अन्य अखबारों के।




रामा शंकर सिंह
समाजवादी चिंतक


फोटोग्राफर्स में होड़ रहती थी कि किसका फोटो अच्छा आएगा, लेकिन ऊंची क़द काठी के रघु राय अपनी विलक्षण कैमरा दृष्टि से बाजी मार ले जाते थे। जेपी पर पुलिस के लाठी प्रहार की ऐतिहासिक फोटो भी रघुराज की सटीक टायमिंग का फोटो था। उसी शाम को ही सरकार ने खंडन किया कि जेपी पर कैसा भी लाठीचार्ज नहीं किया और अगली सुबह रघुराय का चित्र छपा, जिसका कैप्शन कुछ ऐसा था camera never tells a lie. सरकारी झूठ का विलक्षण प्रतिकार था एक चित्र। कालांतर में रघु राय दुनियाभर में ख्याति पाए।

सुंदरता के प्रतिमान ताजमहल पर उनकी सीरीज ऐसी अद्भुत कि दुनिया के सातवें आश्चर्य को शर्मिंदा कर दिया। एक ग्रामीण अल्हड़ स्त्री के सिर पर रखे छलकते मटके से शरीर पर पानी गिरने के बाद ताजमहल की पृष्ठभूमि में मानवीय सौंदर्य का अनगढ़ चित्र पेश कर दिया रघु रॉय ने। शास्त्रीय संगीतकारों के चित्रों की श्रृंखला भी कमाल की थी।

आज आदि दशक बीत गए। 2023 में रघु राय ग्वालियर आए। आईटीएम यूनिवर्सिटी में चाक्षुष कला श्रेणी में डीलिट की मानद उपाधि लेने। तीन-चार दिन रहे और रोज हल्के ठंडे मौसम की खिली धूप में घास पर दरी-चादर बिछवाकर दोपहर को भोजन के बाद घंटों सोते रहते। कहा था कि मैंने ऐसा आराम कम ही किया है!

रघु राय ने लौट कर आने का वायदा किया था और एक ख़ास प्रयोजन के लिए मैं आपके परिसर में बिखरे कला शिल्पों के चित्र खींचूंगा। विवि के अधिकारियों को कहां फुर्सत और समझ कि वे फिर उन्हें बुलाते! रह गई बात। रघु राय चले गए 85 बरस से ज्यादा का ही सक्रिय सृजनात्मक जीवन जिया और खूब मस्ती से भी जिया!

अलविदा रघु रॉय!

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## युवा भारत की चुनौती बन गई है बेरोजगारी

भारत को दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में गिना जाता है, लेकिन यही युवा शक्ति आज बेरोजगारी की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। देश के बड़े शहरों की चमकदार सड़कों से लेकर छोटे कस्बों और तंग गलियों तक, काम की तलाश में भटकते युवा मिल जाएंगे। यह स्थिति केवल आर्थिक चिंता नहीं है, बल्कि सामाजिक असंतुलन और भविष्य की अनिश्चितता का संकेत भी है। बेरोजगारी का सवाल अब व्यक्तिगत समस्या से बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन चुका है।

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़े इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। विभिन्न श्रम सर्वेक्षणों और आर्थिक आकलनों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर पिछले कुछ वर्षों में सात से आठ प्रतिशत तक चली गई है, जबकि 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में यह दर 15 से 20 प्रतिशत तक पहुंच रही है। राज्य स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक दिखाई देती है। राजस्थान, बिहार और यूपी जैसे राज्यों में युवा बेरोजगारी दर कई बार 20-25% के आसपास तक दर्ज की गई है। यह अंतर बताता है कि क्षेत्रीय असमानताएं इस समस्या को और गहरा बना रही हैं।




अमित शर्मा
एक्टिविस्ट


बेरोजगारी को अक्सर केवल नौकरियों की कमी के रूप में देखा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक बहुआयामी समस्या है। इसमें शिक्षा व्यवस्था की खामियां, कौशल और उद्योग की जरूरतों के बीच असंतुलन, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और सामाजिक-आर्थिक विषमताएं शामिल हैं। देश में हर साल लाखों युवा डिग्री लेकर निकलते हैं, लेकिन उनमें से एक बड़ा हिस्सा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से वंचित होता है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में केवल 40-50 प्रतिशत स्नातक ही 'रोज़गार योग्य' माने जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि भारत की शिक्षा प्रणाली अभी भी रोजगार के अनुरूप खुद को ढालने में पीछे है।

इसके साथ ही, बेरोजगारी का एक बड़ा कारण अवसरों का असमान वितरण भी है। शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर सीमित और प्रतिस्पर्धा अत्यधिक है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। छोटे शहरों और बस्तियों में रहने वाले युवाओं के पास न तो पर्याप्त संसाधन होते हैं और न ही मार्गदर्शन, जिसके कारण वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए महंगी कोचिंग, उच्च शिक्षा और नेटवर्किंग के अवसर लगभग पहुंच से बाहर होते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है।

इस संकट के बीच एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति स्वरोजगार और कौशल आधारित कार्यों की ओर झुकाव के रूप में उभर रही है। जब औपचारिक रोजगार के अवसर सीमित होते हैं, तब लोग अपने स्तर पर छोटे व्यवसाय, हस्तशिल्प, सेवा कार्य और घरेलू उद्योगों के माध्यम से आजीविका के रास्ते तलाशते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बन सकती है। इसके बावजूद, स्वरोज़गार को अभी भी पर्याप्त संस्थागत समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

भारत में महिला श्रम भागीदारी दर अभी भी लगभग 25 से 30 प्रतिशत के बीच है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। सामाजिक बंधन, सुरक्षा की चिंता और घरेलू जिम्मेदारियां महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को सीमित करती हैं। यदि उन्हें कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्य वातावरण और लचीले रोजगार के अवसर मिलें, तो वे न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती हैं

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# ज्येष्ठ के मंगल
## आस्था और सेवा का संगम

सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। वैशाख पूर्णिमा के बाद ज्येष्ठ माह की शुरुआत होती है। हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष महत्व माना जाता है। इस माह के मंगलवार को 'बड़ा मंगल' कहा जाता है, जो भगवान हनुमान की पूजा के लिए अत्यंत शुभ होता है। इस साल ज्येष्ठ माह का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि इस बार अधिकमास का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसी वजह से सामान्य चार या पांच की बजाय पूरे आठ बड़े मंगल पड़ रहे हैं, जो अपने आप में बेहद खास हैं। खास बात यह है कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) की वजह से आठ बड़े मंगल का विशेष संयोग मिलेगा, जो सामान्य वर्षों की तुलना में दोगुना है। इसकी वजह से हनुमान जी की उपासना का दोहरा अवसर प्राप्त होगा। इनमें पहले और अंतिम मंगल का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन भक्त सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। मान्यता है कि यदि कोई व्यक्ति लगातार 40 दिनों तक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करता है, तो उसे हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

### क्यों है ज्येष्ठ माह के मंगल की मान्यता

इस वर्ष ज्येष्ठ माह की शुरुआत 2 मई से होकर 29 जून तक रहेगी। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ महीने का पहला बड़ा मंगल 5 मई को पड़ रहा है। यह दिन हनुमान भक्तों के लिए बेहद खास माना जाता है, क्योंकि इसी के साथ बड़े मंगल के पावन पर्व की शुरुआत होती है और भक्त पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ बजरंगबली की पूजा-अर्चना करते हैं।

रामायण की कथा के अनुसार जब प्रभु श्रीराम माता सीता की खोज कर रहे थे, तो हनुमान जी पहली बार राम जी से मिले थे। हनुमान जी ने राम जी और लक्ष्मण जी की सच्चाई जानने के लिए एक पुरोहित का रूप बनाया हुआ था। जब हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण जी की सच्चाई जानी, तो उन्होंने प्रभु श्रीराम को प्रणाम किया। हनुमान जी और प्रभु श्रीराम का मिलन पहली बार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हुआ था, इसलिए इस ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़ा मंगलवार के नाम से जाना गया।

श्रद्धा और उपासना का पावन दिन ज्येष्ठ माह के 'बड़े मंगल' पर हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस दिन पवनपुत्र को सिंदूर और चोला अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करना भक्तों के लिए विशेष फलदायी और मानसिक शांति देने वाला माना जाता है। निःस्वार्थ सेवा की अनूठी परंपरा का प्रतीक यह पर्व केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा का एक जीवंत उदाहरण है। जगह-जगह आयोजित होने वाले विशाल भंडारे इस दिन की पहचान हैं, जहां समाज का हर वर्ग एक साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण करता है। बड़े मंगल पर जगह-जगह प्याऊ (ठंडा पानी) लगवाने और शरबत-प्रसाद वितरित करने का विधान है, जो हनुमान जी की कृपा पाने के लिए उत्तम माना जाता है।



### व्रत और उपायों का विशेष फल

ज्येष्ठ माह में किए गए व्रत और उपायों का विशेष फल मिलता है, क्योंकि इस समय सूर्य की प्रखरता अधिक होती है और यह ऊर्जा के स्तर को प्रभावित करता है। इस माह में की गई पूजा और तपस्या से पुण्य प्राप्ति होती है।

### पूजा विधि

सुबह जल्दी स्नान कर लाल वस्त्र पहनें। हनुमान जी को सिंदूर का चोला और चमेली का तेल अर्पित करें। भोग में बूंदी के लड्डू या गुड़-चना चढ़ाएं। ॐ हं हनुमते नमः मंत्र का जाप करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

### बड़े मंगल व्रत के लाभ

- **संकटों से मुक्ति :** हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है। बड़ा मंगल का व्रत करने से जीवन की बड़ी से बड़ी बाधाएं दूर हो जाती हैं।
- **मंगल दोष का निवारण :** जिनकी कुंडली में मंगल भारी है, उनके लिए ये 8 मंगलवार सेवा और दान के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- **इच्छा पूर्ति :** सच्चे मन से सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करने से साधक की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- **सेवा और दान :** इस दिन जगह-जगह भंडारे और पानी पिलाने की व्यवस्था करने की परंपरा है।

# भक्ति का आनंद

भक्ति क्या है? भक्ति में आनंद कैसे आता है? भक्तों के सदा खुश रहने का कारण क्या है? भक्ति एक समर्पण है , जहां पर भक्त की नहीं, भगवान की चलती है, भक्ति मार्ग पर आपको खुद अपने को तराशना और परखना है कि तलवार के जैसे मार्ग पर आप चल पाएंगे, कहीं आप साधना की कठिनाइयों से घबरा तो नहीं जाएंगे? आपकी इसी दृढ़ इच्छा शक्ति को परखने लिए बार-बार गुरु और भगवान परीक्षा लेते हैं, इसीलिए यह सब तो वह ही बता सकता है, जिसने भक्ति की हो या खुद भक्ति करके जानो।



भक्ति का आनंद भक्ति करके ही पाया जा सकता है। भक्त के खुश रहने का कारण यह है कि वह अपना सबकुछ यानी सुख-दुःख सब अपने भगवान को अर्पित कर देता है, उनकी इच्छा पर सबकुछ छोड़ देता है।

यही कारण है कि उसको सुख, दुःख, धूप, छांहों नहीं हरा पाती और वह हर हाल में सदा खुश रहता है, क्योंकि वह हर चीज के पीछे भगवान की इच्छा मानता है। यह निष्काम स्थिति तब आती है, जब भक्त पूर्ण रूप से कामना रहित हो जाता है, उसके मन में किसी तरह की कोई कामना नहीं रहती, जब मन से कामनाओं का अंत हो जाता है। तब ही भगवान का साक्षात्कार हो जाता है।

भगवान खुद अपने भक्त का ध्यान रखने लगते हैं, जिस तरह एक मां अपने बच्चे का ध्यान रखती है, वह उसको एक पल के लिए अकेला नहीं छोड़ती, लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता जाता है, वह खुद सारे निर्णय लेने लगता है, धीरे-धीरे मां उसे उसके हाल पर छोड़कर निश्चिंत हो जाती है और बच्चा अपने भले बुरे के लिए खुद जिम्मेदार होता है। उसी तरह जब हम भगवान का साथ छोड़ देते हैं, तो भगवान भी हमारा साथ छोड़ देते हैं।

इसलिए भगवान के सामने सदैव बच्चा बने रहो, इसी में हमारा फायदा है। भगवान पर पूरी तरह अपना बिश्वास बनाएं रखो, अपने विश्वास को किसी भी स्थिति में कमजोर मत पड़ने दो, यकीन रखो वह जो करेगा, अच्छा ही करेगा, यही भरोसा आपको कहीं कमजोर नहीं पड़ने देगा।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

## पौराणिक कथा



### जहां भाव, वहां भगवान

बहुत समय पहले वृंदावन में कृष्णदास नाम के एक बाबा रहते थे। एक बार उन्होंने किसी ग्रंथ में पढ़ा कि यदि कोई सेवा बिना नागा किए लगातार बारह वर्ष तक की जाए, तो साधक को मनचाहा फल अवश्य मिलता है। बाबा ने निश्चय किया कि वे बारह वर्ष तक प्रतिदिन ठाकुर जी को माला पहनाएंगे और फलस्वरूप बस यही चाहेंगे कि तेरहवें वर्ष के पहले दिन स्वयं ठाकुर जी उनकी कुटिया पर आकर उनसे माला ग्रहण करें।

उस दिन से बाबा की सेवा आरंभ हो गई। वे प्रतिदिन मंदिर जाते, प्रेम से माला पहनाते और मुस्कुराकर कहते-"लाला, अब इतने दिन हो गए, बस इतने दिन और।" समय बीतता गया और देखते-देखते बारह वर्ष पूर्ण होने को आए। अंतिम दिन बाबा ने बड़े विश्वास से कहा-"मेरी सेवा पूर्ण हुई, अब कल आपको मेरी कुटिया पर आना ही होगा। मैं छप्पन भोग सजाकर प्रतीक्षा करूंगा।"

अगले दिन बाबा भोर में उठे, स्नान किया, कुटिया सजाई और छप्पन भोग तैयार कर दिए। फिर वे पूरे दिन ठाकुर जी की राह देखते रहे। समय बीतता गया- दोपहर, संध्या, फिर रात्रि यहां तक कि मंदिर में शयन आरती भी हो गई, पर ठाकुर जी नहीं आए। अब बाबा का हृदय टूट गया। वे क्रोध और वेदना में भर उठे- "मेरी ही भूल थी, मैं किसी और की आराधना करता तो अच्छा होता।" क्रोध में उन्होंने कुटिया उजाड़ दी, उपवन नष्ट कर दिया और छप्पन भोग की पोटली बांधकर चल पड़े। चलते-चलते उन्होंने सोचा-"बारह वर्ष कृष्ण को दिए, अब बारह दिन श्रीजी को देकर देखता हूं।" यह सोचकर वे बरसाना की ओर बढ़ चले। मार्ग में अचानक गायों का विशाल झुंड आ गया। बाबा किनारे खड़े हो गए। समय बीतता गया, पर गायों का अंत न हुआ। तभी एक नन्हा ग्वाला दिखाई दिया। बाबा ने पूछा- "ये किसकी गायें हैं?" ग्वाले ने हंसकर कहा- "नंद भवन की हैं, पूरी नौ लाख। अभी देर लगेगी, आप बैठ जाइए।" बाबा थके और भूखे थे। ग्वाले ने उनकी पोटली से आती सुगंध पाकर कहा- "मुझे भी थोड़ा खाने को दे दो।" बाबा ने पोटली खोली। ग्वाले ने कहा- "मेरे हाथ गंदे हैं, आप अपने हाथ से खिला दीजिए।" जैसे ही बाबा ने पहला कौर उसके मुख में रखा, उसकी आंखें भर आईं। बाबा ने पूछा-"क्या हुआ?" ग्वाला बोला-"आज सुबह से प्रतीक्षा कर रहा था, किसी ने मुझे माला नहीं पहनाई।" इतना सुनते ही बाबा चौंक उठे- "अरे, कन्हैया तू!" और वे उसे गले से लगा बैठे। ठाकुर जी ने अपना दिव्य रूप प्रकट किया। बाबा भाव-विभोर हुए, पर अगले ही क्षण बोले- "अब समझा, आज तू क्यों आया है। जब तेरी ओर से हटकर मैंने श्रीजी की ओर कदम बढ़ाया, तब तू दौड़ा चला आया। जब एक कदम पर तू मिल गया, तो यदि मैं उनके चरणों में ही समर्पित हो जाऊं, तो क्या होगा!" यह कहकर बाबा बरसाना की ओर दौड़ पड़े। ठाकुर जी उन्हें रोकने के लिए पीछे-पीछे भागे। अंततः बाबा ने शेष जीवन श्रीजी के चरणों में समर्पित कर दिया और कृष्णदास से किशोरीदास बन गए।

-प्रमोद श्रीवास्तव


## बोध कथा

### खाली कटोरे का सच

एक छोटे से गांव में हरिदास नाम का एक वृद्ध संत रहते थे। लोग दूर-दूर से उसके पास अपनी समस्याएं लेकर आते और संत उन्हें सरल शब्दों में जीवन का मार्ग दिखाते। एक दिन एक धनवान व्यापारी उसके पास आया। वह बहुत चिंतित और असंतुष्ट दिख रहा था। व्यापारी बोला, "गुरुदेव, मेरे पास धन-दौलत, बड़ा घर, परिवार सब कुछ है, फिर भी मन में शांति नहीं है। मुझे हर समय किसी न किसी बात की चिंता रहती है। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए।" संत हरिदास मुस्कुराए और बोले- "पहले तुम मेरे लिए एक काम करो। सामने रखे इस कटोरे में पानी भरकर ले आओ।"

व्यापारी ने कटोरा उठाया और पास के कुएं से पानी भरकर ले आया। संत ने कटोरे को देखा और बोले, "अब इसमें थोड़ा और पानी भरो।" व्यापारी ने कहा, "गुरुदेव, यह कटोरा तो पहले ही पूरा भर चुका है, अब इसमें और पानी नहीं आ सकता।" संत ने शांत स्वर में कहा, "यही तुम्हारे मन की स्थिति है। तुमने अपने मन को इच्छाओं, चिंताओं और लालच से इतना भर लिया है कि उसमें शांति के लिए कोई जगह ही नहीं बची।"

व्यापारी चुप हो गया। संत ने आगे कहा- "जब तक तुम अपने मन के इस कटोरे को खाली नहीं करोगे, तब तक उसमें सुकून नहीं भर सकता। तुम्हें अपनी अनावश्यक इच्छाओं को त्यागना होगा और जो है, उसमें संतोष करना सीखना होगा।" व्यापारी ने विनम्रता से पूछा, "गुरुदेव, यह कैसे संभव है?" संत ने उत्तर दिया, "हर दिन कुछ समय अपने लिए निकालो। अपनी उपलब्धियों के लिए आभार प्रकट करो और उन चीजों को छोड़ना सीखो, जो तुम्हें भीतर से बोझिल बनाती हैं। धीरे-धीरे तुम्हारा मन हल्का होने लगेगा और शांति अपने आप उसमें स्थान बना लेगी।" व्यापारी ने संत के चरणों में झुककर प्रणाम किया। उस दिन के बाद उसने अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने शुरू किए। समय के साथ उसकी चिंताएं कम होने लगीं और वह पहले से अधिक संतुष्ट और शांत रहने लगा। कथा की सीख है कि जब तक मन इच्छाओं और चिंताओं से भरा रहेगा, तब तक उसमें शांति के लिए स्थान नहीं बन सकता।



# अद्वैतभाव का व्यक्त स्वरूप रासलीला

रासलीला एक दिव्य प्रेम सुधा रस का समुद्र है। उसकी दो धाराएं हैं। दो ओर से आती हैं। टकराती हैं और एक हो जाती हैं। पहली लहर दूसरी हो जाती है। दूसरी लहर पहली हो जाती है। इस प्रकार प्रेमी-प्रियतम, प्रियतम-प्रेमी के अन्यतम मिलन की यह अनंत धारा चलती रहती है। नया मिलन, नया रूप, नया रस, नई प्सास और नई तृप्ति। यही प्रेम रस का अद्वैत स्वरूप है। इसी का नाम रास है। एक कृष्ण, एक वृत्ति की अद्वैत रसभावना से ओत-प्रोत हृदय के रंगमंच पर संधिस्थानीय श्याम-ब्रह्म और तदाकार-वृत्तियों की धारा के रूप में गोपियों का नृत्य ही रासलीला है। रास में साहित्य, संगीत और कला (नृत्य) का समन्वय होता है। सत्यं शिवम सुंदरम् की यही पहचान है। इस रासलीला में काम (वासना) अंशमात्र भी नहीं है। देव, गंधर्व, किन्नर तथा नारद आदि भी आकाश से एवं श्रीमहादेव जी ने स्वयं गोपी बनकर गोपीश्वर महादेव के रूप में वंशीवट पर वृंदावन में रासलीला में प्रवेश कर महारास को अपने तीनों नेत्रों से निहारा करते हैं। आज भी श्रीगोपेश्वर महादेव के रूप में निहार रहे हैं।



एक बात स्पष्ट समझ लेनी चाहिए कि रासलीला में गोपी के शरीर के साथ कोई लेना-देना नहीं है। यह साधारण स्त्री व पुरुष का नहीं, जीव और ब्रह्म का मिलन है। शुद्ध जीव का ब्रह्म के साथ विलास ही रास है। शुद्ध जीव का अर्थ है- माया के आवरण से रहित जीव। ऐसे जीव का ही ब्रह्म से मिलन होता है। इसीलिए गोपियों के साथ श्रीकृष्ण ने महारास से पूर्व चीरहरण लीला की थी। चीरहरण लीला में जब बाहरी आवरण उपाधि नष्ट हुई तो रासलीला हुई। जीव और ब्रह्म का तादात्म्य हुआ। जिस प्रकार वस्त्र देह ढकता है, उसी प्रकार वासना और अज्ञान आत्मा को ढक देते हैं और परमात्मा को दूर करते हैं। जब तक अज्ञान और वासना का आच्छादन दूर नहीं हो जाता, तब तक शिव से मिलन नहीं हो पाता। वस्त्र हरण लीला बुद्धिगत वासना, बुद्धिगत अज्ञान को उड़ा ले जाने की लीला है। वासना और अज्ञान रूपी वस्त्र प्रभु मिलन में बाधक हैं। इन्द्रियों के काम को हटाना सरल है, किंतु बुद्धिगत काम को निकाल बाहर करना बड़ा कठिन है। श्रीकृष्ण ने गोपियों के वासना रूपी आवरण को हटा दिया। शुद्ध-बुद्ध गोपियों के साथ महारस किया।

श्रीधरस्वामी के अनुसार पंच्चाध्यायी (भागवत में रास के 5 अध्याय) रासलीला निवृत्ति धर्म का परम फल है। रासलीला के 5 अध्याय पंच प्राणों के सूचक प्रतीत होते हैं। पंच प्राणों का ईश्वर के साथ रमण ही रास है। वेणुगीत की बांसुरी तो केवल पशु-पक्षियों को ही नहीं सबको सुनाई देती है। किंतु रासलीला की बांसुरी तो ईश्वर से मिलनातुर अधिकारी जीव गोपी को ही सुनाई देती है।

रासलीला कोई साधारण स्त्री की नहीं, देह-मान भूली हुई, देहाध्यास से मुक्त स्त्री की कथा है। देहाध्यास नष्ट होने पर प्रभु की चिन्मयी लीला में प्रवेश मिलता है। अंतर्मुखी दृष्टि करके जीव जब भगवान के पास पहुंचता है, तब वे पूछते हैं- मेरे पास क्यों आया है? गोपियों से भी पूछा था- मेरे पास क्यों आई हो? पति सेवा तथा संतान सेवा करो, रात्रि में मिलन उचित नहीं। जीव को परमात्मा सहज नहीं मिलते हैं। जीव को भ्रांति होती है। संसार में रत रहो, वहीं तुमको सुख मिलेगा। मै सुख नहीं, केवल आनंद ही दे सकता हूं।

ब्रह्म जीव को संसार में लौटाता है, प्रलोभन देता है। माया जाल में फंसाता है। नटवर नागर श्रीकृष्ण के इतना कहने पर गोपियां कहती हैं- 'पादौ पदं न चलतस्तव पादमूलाद यामः कथं व्रजमधो करवाम किं वा।। (श्रीमदभागवत 10/29/34)। अर्थात हे गोविन्द! हमारे पांव आपके चरण कमलों को छोड़कर एक पग भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। हम ब्रज को लौटें तो कैसे? और यदि हम लौटें भी तो मन के बिना वहां हम क्या करें? हमारा मन आप में ही रमा हुआ है। हम भी आपके स्वरूप से तदाकार होना चाहती हैं। प्रभु ने सोचा कि इन गोपियों का प्रेम सच्चा है। जीव शुद्ध भाव से मुझसे मिलने आया है, तो उसे अपना लिया। श्रीकृष्ण ने एक साथ अनेक स्वरूप धारण किए। जितनी गोपियां थीं, उतने स्वरूप बना लिए और प्रत्येक गोपी के साथ एक-एक स्वरूप रखकर रासलीला आरंभ की। हजारों जन्मों का विरही जीव आज प्रभु के सम्मुख उपस्थित हो सका है। जीव आज ईश्वरमय हो गया। वे दोनों एक हो गए। इस मिलन से जीव और ईश्वर दोनों को अति आनंद हुआ। गोपियां श्रीकृष्णमय तथा भगवन्मय हो गईं। सभी हाथों से हाथ मिलाकर नृत्य करने लगीं। यह तो ब्रह्म से जीव का मिलन हुआ है। इस प्रकार अद्वैत सिद्धांत के आचार्य श्रीशुकदेवजी ने रासलीला में अद्वैत का वर्णन किया है।

महारास देखते-देखते ब्रह्माजी सोचने लगे कि कृष्ण और गोपियां निष्काम तो हैं, फिर भी देहभान भूलकर इस प्रकार पराई नारी से लीला करना शास्त्र मर्यादा का उल्लंघन ही है। ब्रह्माजी सशंकित हुए। ब्रह्माजी यह नहीं जानते थे कि यह रासलीला धर्म नहीं धर्म का फल है। श्रीकृष्ण ने एक और खेल रचा- उन्होंने सभी गोपियों को अपना स्वरूप दे दिया। अब तो सर्वत्र कृष्ण ही कृष्ण दिखाई दे रहे थे। गोपियां थी ही नहीं। सभी पीतांबरी कृष्ण हैं और एक दूसरे से रास खेल रहे हैं। ब्रह्माजी ने मान लिया कि यह स्त्री-पुरूष का मिलन नहीं है। श्रीकृष्ण गोपीरूप हो गए हैं। ब्रह्माजी ने श्रीकृष्ण को साष्टांग प्रणाम किया। यह विजातीय तत्व का स्त्रीत्व और पुरुषत्व का मिलन नहीं अंश और अंशी का मिलन है। गोपियां श्रीकृष्णमय हो गईं, प्रभुरूप बन गईं। ब्रह्मरूप हो जाने के बाद जीव का स्वत्व कहां रहा?

शास्त्र कहता है कि श्रीकृष्णस्तु भगवान स्वयं। तब यह बात अपने आप स्पष्ट हो जाती है कि कृष्ण कामी नहीं, भोगी नहीं, बल्कि निष्काम कर्म के अधिष्ठाता एवं स्वयं योगेश्वर हैं। जिस प्रकार उन्होंने ब्रह्माजी का गर्व गो-वत्स हरण लीला करके, अग्नि का गर्व दावानल पान लीला करके और इन्द्र का गर्व गोवर्धन धारण लीला करके नष्ट किया, उसी प्रकार उन्होंने रासलीला करके कामदेव का गर्व भी नष्ट किया। इन लीला प्रसंगों में यह बात स्पष्ट हो जाती है कि रासलीला महालीला है। अद्वैतभाव का व्यक्त स्वरूप है। अंश का अंशी में परम मिलन है। भेदबुद्धि रूप लौकिक दृष्टि का निरसन कर अभेदबुद्धि रूप आध्यात्मिक यथार्थ तत्व का महिमामंडित स्वरूप है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,303.63 | 24,092.70 |
| बढ़त | 639.42 | 194.75 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.81 |

सोना 1,56,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### दिलीप कुमार बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने सोमवार को भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनके पास ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक के रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें पूर्व मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक और बिहार के नालंदा में हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक का पद शामिल है। सेल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कई नवाचारों जैसे पूर्व मध्य रेलवे की पहली आईएसओ 9001 प्रमाणित ट्रेन, वैगन में आसानी से पहिया बदलने की तकनीक की शुरुआत करने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित मधुबनी रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण परियोजना के श्रेय श्री कुमार के नाम ही दर्ज हैं।

### एसबीआई कार्ड का लाभ 14% बढ़कर 609 करोड़

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 609 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 534 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। एसबीआई ने बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,187 करोड़ रुपये हो गई जो गत वर्ष की समान तिमाही में 4,832 करोड़ रुपये थी। हालांकि ब्याज आय घटकर 2,382 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,415 करोड़ रुपये थी।

### निप्पॉन का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 384 .48 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 298 .32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 705 .20 करोड़ रुपये हो गई।

### मोबिक्विक को मिला एनबीएफसी लाइसेंस

**नई दिल्ली।** वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने सोमवार को कहा कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बताया कि लाइसेंस के तहत वह अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई मोबिक्विक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए कर्ज देने का नया कारोबार शुरू करेगी।

# शेयर बाजार में तीन दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा

## ईरान-अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों से रुकी तीन दिन से चल रही गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक यानी 0.83 प्रतिशत उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81% बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख था।

इससे घरेलू बाजारों को भी समर्थन मिला। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत बढ़कर 107.9 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 8,827.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 999.79 अंक टूटकर 76,664.21 अंक और निफ्टी 275.10 अंक की गिरावट के साथ 23,897.95 अंक पर बंद हुए थे।



### स्मॉलकैप 2 और मिडकैप में रही 1.35 % की तेजी

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक दो प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.35 प्रतिशत की तेजी पर रहा। बाजार में चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इसकी अगुवाई जन केंद्रित सेवाओं ने 2.50 प्रतिशत तेजी के साथ की जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.43 प्रतिशत और फोकस आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,075 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,288 शेयरों में गिरावट रही और 193 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### दबाव ग्रस्त शेयरों में सुधार से आई तेजी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि यह तेजी मुख्य रूप से विभिन्न क्षेत्र के दबावग्रस्त शेयरों, खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज में आए सुधार की उपज रही। वैश्विक अधिग्रहण से जुड़ी खबरों के बाद दवा कंपनियों में तेज खरीदारी देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों का ऊंचे स्तर पर बने रहना बाजार के लिए एक जोखिम कारक बना हुआ है। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच संभावित तनाव घटने की खबरों से वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

### इन शेयरों में रही तेजी

सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टीसीएस बढ़त में रहे।

### इनमें रही गिरावट

एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता समझें किसको होगा कितना फायदा

## कई क्षेत्रों में पहुंच के साथ 5,000 भारतीय पेशेवरों को मिलेगा वीजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और न्यूजीलैंड वस्तुओं एवं सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किये गये। इस एफटीए पर भारत और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किये। समझौता दोनों पक्षों द्वारा सहमत वास्तविक तय तारीख से लागू होगा।

### 118 क्षेत्रों में मिलेगी पहुंच

सेवाओं के क्षेत्र में भारत को कंप्यूटर, दूरसंचार, वित्त, शिक्षा, पर्यटन और पेशेवर सेवाओं सहित 118 क्षेत्रों में बाजार पहुंच मिलेगी, जबकि 139 उप-क्षेत्रों में 'सर्वाधिक तरजीही देश' (एमएफएन) का प्रावधान होगा। समझौते में भारतीय पेशेवरों के लिए 5,000 वीजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, योग और अन्य कुशल क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### पढ़ाई के बाद वर्क वीजा

साथ ही, न्यूजीलैंड ने पहली बार छात्रों के लिए विशेष आवाजाही सिद्धांत और अध्ययन के बाद कामकाजी वीजा देने का भी प्रावधान किया है।




वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात 71.11 करोड़ डॉलर और आयात 58.71 करोड़ डॉलर रहा। वहीं, 2024 में वस्तु एवं सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर रहा, जिसमें केवल सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर रहा।

### ये करेंगे निर्यात-आयात

न्यूजीलैंड को होने वाले भारत के प्रमुख निर्यातों में विमानन ईंधन, दवाएं, मोटर वाहन, पेट्रोलियम उत्पाद, रेडीमेड परिधान और मशीनरी शामिल हैं। वहीं आयात में लकड़ी एवं लकड़ी उत्पाद, लोहा-इस्पात, कच्चा ऊन, डेयरी उत्पाद, धातु स्क्रैप, कोयला और कृषि से जुड़े उत्पाद शामिल हैं।

इस समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का दौर दिसंबर, 2025 में पूरा हुआ था।

एफटीए पर हस्ताक्षर के समय गोयल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 38 विकसित देशों को समाहित करने वाला यह भारत का नौवां व्यापार समझौता है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते का केंद्रबिंदु निर्यात को बढ़ावा देना, कृषि उत्पादकता में सुधार, छात्र गतिशीलता, कौशल विकास, निवेश और सेवाओं को सशक्त करना है।

न्यूजीलैंड में इस समझौते को लेकर कुछ राजनीतिक विरोध भी सामने आया है, हालांकि लक्सन सरकार ने संसद में इसे पारित कराने के लिए पर्याप्त समर्थन होने का भरोसा जताया है।

न्यूजीलैंड प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे मैक्ले ने कहा कि इससे व्यापार में बाधाएं कम होंगी, स्पष्ट नियम बनेंगे।

### क्या होता है एफटीए

मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), दो या अधिक देशों के बीच एक आर्थिक व्यवस्था है जिसमें वे आपस में व्यापार होने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने या काफी हद तक कम करने पर सहमत होते हैं। इसके साथ ही वे उन बाधाओं को भी कम करते हैं जो दोतरफा व्यापार एवं निवेश को प्रभावित कर सकती हैं।

# खरीफ सत्र में यूरिया, अन्य उर्वरक आयात करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने सोमवार को कहा कि इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया और 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बनायी जा रही है। यह खरीद योजना ऐसे समय बन रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं।

पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के प्रभाव पर अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि यूरिया और डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी और खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) वही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यूरिया अभी भी 266.50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम के बैग और डीएपी 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम के बैग के हिसाब से बेचा जा रहा है। नियोजित आयात में से, संकट शुरू होने के बाद से 9.4 लाख टन यूरिया पहले ही प्राप्त हो चुका है। फरवरी में एक वैश्विक निविदा के माध्यम से 13.07 लाख टन और सुरक्षित किया गया था, जबकि 25 लाख टन और उर्वरकों के लिए निविदा जारी की गई है और इसके मई में आने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि अधिकांश आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से हो रहे हैं। मार्च में गैस की डिलीवरी बाधित होने के कारण उत्पादन 60-65 प्रतिशत तक घट गया था। यूरिया इकाइयों के लिए गैस की उपलब्धता अब 97 प्रतिशत हो गई है। इसलिए उसके बाद हमारा यूरिया उत्पादन बहुत अच्छा रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट : चावल निर्यातकों ने की निर्यात शुल्क पर सरकारी हस्तक्षेप की मांग

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

बासमती चावल किसान एवं निर्यातक विकास मंच (बीआरएफईडीएफ) ने सरकार से कुछ निर्यात शुल्क पर तत्काल हस्तक्षेप करने का सोमवार को आग्रह किया। बीआरएफईडीएफ ने इन शुल्क को मनमाना और अपारदर्शी करार दिया जिससे कई व्यापारियों के लिए निर्यात व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य हो गया है।

मंच के अनुसार, युद्ध-जोखिम अधिभार 800 डॉलर से 6,000 डॉलर प्रति कंटेनर तक रहा है, जो अक्सर बिना पूर्व सूचना के लगाया जाता है या माल भेजे जाने के बाद संशोधित किया जाता है। कुछ मामलों में कुल शुल्क माल के मूल्य के 60 से 70 प्रतिशत तक होता है। बीआरएफईडीएफ की चेयरपर्सन



प्रियंका मित्तल ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों से उन परिस्थितियों के लिए असीमित वित्तीय बोझ उठाने को कहा जा रहा है जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग कंपनियों ने एकतरफा रूप से माल को जेबेल अली (संयुक्त अरब अमीरात), सोहर तथा सलालाह (ओमान) जैसे बंदरगाहों की ओर मोड़ दिया है। कंटेनर को 'ट्रांसशिपमेंट' केंद्रों पर आगे की आवाजाही की स्पष्टता के बिना रोक दिया है और कुछ मामलों में उन्हें मूल बंदरगाहों पर वापस भेज दिया है। निर्यातकों का कहना है कि इन फैसलों की पूरी वित्तीय लागत उन्हें ही उठानी पड़ रही है जबकि इन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।

बीआरएफईडीएफ ने मांग की कि मंत्रालय शुल्क को केवल दी गई सेवाओं से जोड़े, शिपिंग कंपनियों को विवादित शुल्क से जोड़कर कंटेनर रोकने के बजाय उन्हें जारी करने के लिए बाध्य करे और भू-राजनीतिक व्यवधानों के दौरान माल ढुलाई के लिए स्पष्ट नियामकीय दिशानिर्देश बनाए।

मंच ने स्वीकार किया कि भारत के महानिदेशालय शिपिंग ने निर्यातकों की शिकायतों को औपचारिक रूप से दर्ज किया है और उन्हें अंतर-मंत्रालयी समूह को भेजने के लिए 'ट्रैकिंग नंबर' दिए हैं लेकिन जमीनी स्थिति अब भी बेहद चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

# बिजली संयंत्र में विस्फोट दु:खद घटना : अग्रवाल

- संचालन और रखरखाव का जिम्मा एनटीपीसी-जीई के पास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के बिजली संयंत्र में हुआ विस्फोट एक दुःखद घटना है और उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। घटना के लगभग दो सप्ताह बाद उन्होंने यह भी कहा कि संयंत्र के संचालन एवं रख-रखाव (ओएंडएम) की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी और जीई की संयुक्त उद्यम एनजीएसएल को सौंपी गई थी।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारे एथेना संयंत्र में हमने सुरक्षा के उच्चतम मानक लागू किए थे। संचालन एवं रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी एनजीएसएल को दी गई थी जो एनटीपीसी एवं जीई के बीच साझेदारी है और भारत की सबसे भरोसेमंद संस्थाओं में एक मानी जाती है। ठेकेदार, दल और तकनीकी विशेषज्ञता...सभी उन्हीं के थे। इसी भरोसे पर हमने संयंत्र का संचालन और रखरखाव उन्हें सौंपा था। फिर भी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

उन्होंने वाहन मालिक के भरोसेमंद चालक को गाड़ी सौंपने से तुलना करते हुए कहा कि कभी-कभी सभी सावधानियों के बावजूद हादसे हो जाते हैं।गौरतलब है कि 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सिंहितराई गांव स्थित वेदांता के बिजली संयंत्र में बॉयलर की स्टील ट्यूब में विस्फोट हुआ था। इसमें 25 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। वेदांता ने मृतकों के परिजन को 35 लाख रुपये एवं रोजगार तथा घायलों को 15 लाख रुपये देने की घोषणा कर दी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# अमित शाह ने किया रोड शो, बोले- दीदी के गुंडों से डरे बिना करें मतदान

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद कम से कम दो महीने तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। शाह ने मतदाताओं से कहा कि वे अंतिम चरण में 'दीदी के गुंडों' के डर के बिना मतदान करें।

उनकी यह टिप्पणी चुनाव के बाद संभावित हिंसा रोकने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता का संकेत देती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने ये बातें कहीं। इससे पहले शाह ने बेहला में एक रोड शो किया, जहां बुधवार को मतदान होगा।

पश्चिम बंगाल की 294-सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण के चुनाव में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर मतदान हुआ था। पहले चरण में रिकॉर्ड 93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वोटों की गिनती चार मई को होगी।

शाह ने कहा-भाइयो और बहनो, 29 तारीख को जाकर वोट डालिए, दीदी (ममता बनर्जी) के गुंडों की चिंता मत कीजिए। निर्वाचन आयोग ने हर जगह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को तैनात कर रखा है, और मैं आपको बता रहा हूं कि भले ही चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आ जाए, केंद्रीय बल अगले 60 दिनों तक यहां मौजूद रहेंगे।' यह रोड शो बेहला पूर्व और बेहला पश्चिम सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के अंतिम दिन आयोजित किया गया, जिससे दक्षिण कोलकाता का यह इलाका भगवा रंग में रंग गया।



प. बंगाल के बेहाला पश्चिम में रोड शो करते गृह मंत्री अमित शाह। **फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती**

# दूसरे चरण के चुनाव के दौरान समूह में बाइक यात्रा पर रोक

- हाईकोर्ट ने कहा-मतदान से दो दिन पहले और 29 अप्रैल को कैसी भी मोटरसाइकिल रैली या समूह में बाइक चलाना प्रतिबंधित रहेगा

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समूह में बाइक यात्रा करने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। न्यायमूर्ति शंपा सरकार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के 20 अप्रैल के आदेश में संशोधन करते हुए इसमें "समूह में बाइक यात्रा करने पर रोक" को शामिल कर दिया।

खंडपीठ ने निर्देश दिया कि मतदान से दो दिन पहले और 29 अप्रैल को मतदान के दिन किसी भी तरह की मोटरसाइकिल रैली या समूह में बाइक चलाना प्रतिबंधित रहेगा। उसने स्पष्ट किया कि एकल पीठ के आदेश का बाकी हिस्सा अपरिवर्तित रहेगा। एकल पीठ ने आदेश दिया था कि मतदान के दिन से 12 घंटे पहले चिकित्सा आपात स्थिति/पारिवारिक समारोह या स्कूल के बच्चों को छोड़ने/लेने जैसे अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर, मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर सवारी करने की अनुमति नहीं होगी। एकल पीठ ने यह भी कहा था कि मतदान के उद्देश्य से और चिकित्सा आपातकाल या पारिवारिक समारोह आदि जैसे अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक मोटरसाइकिल पर परिवार के सदस्यों को पीछे बैठाकर यात्रा करने की अनुमति होगी।

# ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता में किया रोड शो, मांगा जनसमर्थन

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार दोपहर को दक्षिण कोलकाता में रोड शो किया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के साथ पार्टी की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष और टॉलीगंज और रासबिहारी से उम्मीदवार क्रमशः अरूप बिस्वास और देबाशीष कुमार भी थे। सड़क किनारे, छतों और बालकनी में इंतजार कर रहे लोगों ने बनर्जी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया, जिन्होंने हाथ जोड़कर उनका जवाब किया और तेजी से आगे बढ़ती रहीं, जिससे उनकी पार्टी के साथियों को उनके साथ कदम मिलाकर चलने में मुश्किल हो रही थी। मुख्यमंत्री भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जहां उनका मुकाबला भाजपा के उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी शुभेंदु अधिकारी से है, जिन्होंने 2021 के चुनावों में नंदीग्राम में उन्हें हराया था। इसके बाद बनर्जी भवानीपुर से उपचुनाव में निर्वाचित हुईं।यादवपुर क्षेत्र के सुकांत सेतु से शुरू हुआ यह रोड शो, उनके कालीघाट स्थित आवास के पास से गुजरते हुए गोपालनगर चौराहे पर समाप्त होना था। सड़कें तृणमूल कांग्रेस के झंडे, बनर्जी के कटआउट से पटी थीं।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता रोड शो कर मांगा समर्थन। **फोटो : अमृत विचार**

# शुभेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

कोलकाता,एजेंसी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की गई थी।

पश्चिम बंगाल की इस सीट पर दूसरे चरण में 29 अप्रैल को मतदान होना है। भवानीपुर सीट पर अधिकारी का मुकाबला मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि अधिकारी ने कुछ ऐसी टिप्पणियां की हैं जो देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे के खिलाफ हैं, इसलिए उनकी उम्मीदवारी रद्द की जानी चाहिए।

हालांकि, अदालत के इस सवाल पर याचिकाकर्ता कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका कि संविधान के किस प्रावधान के तहत उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करने से इनकार करते हुए खारिज कर दिया।

अधिकारी के वकील बिल्वादल भट्टाचार्य ने दावा किया कि यह याचिका राजनीतिक उद्देश्य से दायर की गई है, ताकि भवानीपुर से अधिकारी की उम्मीदवारी को प्रभावित किया जा सके।

# प्रचार के साथ थम गया आरोप-प्रत्यारोप और वादों का दौर

- भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत
- 152 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान, 4 मई को होगी मतगणना

**कोलकाता,एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम थम गया।

इस दौरान मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), घुसपैठ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए तथा मतदाताओं से कई लुभावने वादे किए। दूसरे चरण में राज्य के 142 विधानसभा क्षेत्रों में 29 अप्रैल को मतदान होगा, जिसमें 1,64,35,627 पुरुष, 1,57,37,418 महिलाओं और 792 तृतीय-लिंग के मतदाताओं समेत कुल 3,21,73,837 मतदाता मतदान के पात्र हैं। पहले चरण में 152 सीट पर चुनाव के लिए मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जिसमें रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। दूसरे चरण के लिए धुआंधार प्रचार अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों का अड्डा बनाने का आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा विभाजनकारी राजनीति में लिप्त है। वह राज्य को बांटने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान कानून-व्यवस्था में कथित गिरावट, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और भ्रष्टाचार को लेकर तृणमूल को घेरा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अगले महीने नेपाल का दौरा कर सकते हैं विदेश सचिव मिसरी

**काठमांडू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले महीने नेपाल की यात्रा पर जा सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मार्च में बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह दौरा मई के पहले पखवाड़े में होने की उम्मीद है। मिसरी की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और भारत द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा एजेंडा में शामिल होगी। इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस में नेपाली समकक्ष शिशिर खनाल से मुलाकात की, जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग पर चर्चा की थी।

### दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को सोमवार को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की कोशिशों के बीच त्रिवेदी की नियुक्ति का फैसला लिया गया है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि त्रिवेदी जल्द ही कार्यभार संभालेंगे। वह प्रणय वर्मा का स्थान लेंगे जिन्हें बेल्जियम और यूरोपीय संघ में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन और यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई थी।

### मादक पदार्थों तस्करी के शक नौका पर हमला, तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के संदेह में पूर्वी प्रशांत महासागर में एक नौका पर गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रंप प्रशासन ने लातिनी अमेरिकी जल क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पिछले साल सितंबर में अभियान शुरू किया था और इसके तहत अब तक 186 लोग मारे गए हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें एक नौका विस्फोट से पहले पानी में तेजी से बढ़ती हुई दिख रही है और फिर वह आग की लपटों में घिर जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि लातिनी अमेरिका क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल गिरोहों के खिलाफ अमेरिका सख्त कार्रवाई करता रहेगा।

# उठ रहे हैं सवाल... हमला ट्रंप की गिरती लोकप्रियता को बचाने का प्रयोग तो नहीं

## हमले को अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से प्रायोजित होने का शक जता रहे हैं विरोधी, सोशल मीडिया पर भी गूंज रहे हैं साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

व्हाइट हाउस की ओर से पत्रकारों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान 25 अप्रैल को चली गोलियां हत्या की एक कोशिश थी या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरती साख को बढ़ाने के लिए किया गया एक प्रायोजित प्रयास, इसको लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सबसे गंभीर सवाल यह है कि सुरक्षा घेरे को तोड़ने के बाद हमलावर अंदर कैसे घुसा, इसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

जांचकर्ताओं का कहना है कि हमलावर 31 वर्षीय कोल टॉमस एलेन होटल में एक मेहमान के रूप में रह रहा था, जिससे उसे होटल के सामान्य बाहरी घेरे को पार करने की अनुमति मिल गई। बार कार्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले पास के एक स्टोरेज रूम से निकला और शॉटगन, एक सेमी-ऑटोमैटिक हैंडगन और कई चाकुओं के साथ



सीक्रेट सर्विस चेकपॉइंट की ओर झपटा। एलेन ने एक सीक्रेट सर्विस एजेंट पर गोली चलाई जिसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। सुरक्षाकर्मियों ने एलेन पर काबू पा लिया, इस दौरान उसके घुटने में चोट भी आई। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। इसी लिहाज से ट्रंप के कुछ विरोधी इसे ट्रंप प्रशासन की घटती लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए एक प्रायोजित हमला करार दे रहे हैं।

अप्रैल की रेटिंग ट्रंप की लोकप्रियता को उनके पिछले कार्यकाल की तुलना में कम बताती है, जो वर्तमान में ईरान युद्ध और महंगाई के कारण 30 से 37 प्रतिशत के बीच रह गई है। सहानुभूति बटोरने या व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए समर्थन जुटाने के लिए हमले के प्रायोजित होने का दावा करने वाले षड्यंत्र के सिद्धांत भी सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगे हैं। हालांकि, एफबीआई और न्याय विभाग सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस घटना की जांच राजनीतिक हिंसा के कृत्य के रूप में कर रही हैं। प्रारंभिक जांच के बाद बताया गया है कि हमलावर का इरादा ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना था। एलेन के नाम से लिखे गए घोषणापत्र सहित अन्य लेखों में ट्रंप प्रशासन की नीतियों की आलोचना की गई थी। हालांकि अधिकारी षड्यंत्र के सिद्धांत को खारिज कर चुके हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावर होटल में एक पंजीकृत मेहमान के रूप में रह था।

### इस बार नहीं रुकी लोकप्रियता में गिरावट, महंगाई और ईरान युद्ध भारी

आंकड़ा बताता है कि उनकी रेटिंग को नीचे खींचने वाले मुद्दे विशेष रूप से अमेरिका–ईरान युद्ध और घरेलू महंगाई उनकी लोकप्रियता पर ज्यादा भारी पड़ रहे हैं। अप्रैल के मध्य के हमले से पहले के पोल उनकी स्वीकृति को 30 और 37 प्रतिशत के बीच दिखा रहे थे, सार्वजनिक अस्वीकृति हाल ही में 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि, 2024 की घटना के उलट वर्तमान रेटिंग से पता चलता है कि ताजा हमले के बाद भी ट्रंप की लोकप्रियता में कोई उछाल नहीं आया है।

- **2024 के हमले के बाद बढ़ी थी लोकप्रियता**

2024 के हत्या के प्रयास के बाद, ट्रंप ने अपने मतदान और रेटिंग में महत्वपूर्ण उछाल का अनुभव किया था। एबीसी न्यूज के एक पोल के अनुसार, 2024 की शूटिंग के बाद के सप्ताह में ट्रंप की लोकप्रियता बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई थी, जो 30 प्रतिशत से एक महत्वपूर्ण छलांग थी। यह चार साल में उनकी सबसे ऊंची रेटिंग थी।

### बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए हमले को कैश करने की कोशिश

ट्रंप ने इस घटना का इस्तेमाल अपने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए दबाव बनाने के लिए भी किया है। ट्रंप ने कहा कि यही वजह है कि अमेरिकी सेना, सीक्रेट सर्विस और 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति मांग कर रहे हैं कि व्हाइट हाउस के मैदान में सुरक्षित बॉलरूम बनाया जाए।

# जस्टिस स्वर्णकांता की अदालत में पेश होने से केजरीवाल का इन्कार

## आबकारी मामले की सुनवाई से नहीं हटने पर आप प्रमुख का जवाबी फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने आबकारी मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष पेश होने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि वह उनके समक्ष न तो व्यक्तिगत रूप से पेश होंगे और न ही वकील की मार्फत। केजरीवाल ने चार पन्नों के इस पत्र में न्याय न मिलने की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर उनकी गंभीर चिंताएं हैं। केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो संदेश भी पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि सही और गलत के बारे में है।

केजरीवाल ने यह भी कहा कि वह इस मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की ओर से पूर्व में दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, लोग मुझसे पूछ सकते हैं कि यदि मैं मामले की सुनवाई से खुद को अलग नहीं करने संबंधी उनके आदेश से खुश नहीं हूं तो मैं सुप्रीम कोर्ट क्यों नहीं जाता। मैं उसके लिए तैयारी कर रहा हूं, यह बहुत संवेदनशील मामला है। केजरीवाल ने कहा, कानून, सम्मान और न्यायपालिका में जनता के भरोसे को ध्यान में रखते हुए, मैं एक बार में एक ही कदम उठा रहा हूं। मैं यह कदम अहंकार, विद्रोह या न्यायपालिका के अपमान के तौर पर नहीं हूं। उन्होंने पत्र में लिखा, मैंने तय किया है कि इस मामले में आगे की कार्यवाही में मैं भाग नहीं लूंगा।

केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को लिखा है, न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। यह सिद्धांत लोकतंत्र में न्यायालय की नागरिकों को सबसे मूलभूत गारंटियों में से एक है। महात्मा गांधी के दिखाए रास्तों और सत्याग्रह के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनका मकसद न्यायपालिका को मजबूत करना और उसे कमजोर होने से बचाना है। आप प्रमुख ने कहा कि न्यायमूर्ति शर्मा को मामले की सुनवाई से अलग किए जाने संबंधी उनकी याचिका को व्यक्तिगत हमले के रूप में लिया गया। उन्होंने लिखा, इस फैसले के बाद मुझे यह दुखद एहसास हुआ कि जिसे मैंने आशंका की एक वैध कानूनी दलील के रूप में रखा था, उसे माननीय न्यायाधीश महोदया पर व्यक्तिगत हमले और संस्था पर आक्रमण के रूप में देखा गया।





### शक... इस अदालत में निष्पक्ष सुनवाई असंभव

केजरीवाल ने पत्र में कहा कि अब न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत में निष्पक्ष सुनवाई होना असंभव हो गया है। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा को सुनवाई से अलग करने संबंधी याचिका में पहले बताए गए दो आधार को भी दोहराया। उन्होंने लिखा, पहला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के मंच पर बार–बार सार्वजनिक रूप से भागीदारी का मुद्दा। इसके साथ केजरीवाल ने यह भी रेखांकित किया कि न्यायमूर्ति शर्मा की संतान केंद्र सरकार के कई अधिवक्ता पैनल में पेशेवर रूप से जुड़े हुए हैं। कार्यवाही के दौरान के अपने व्यक्तिगत अनुभव को याद करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका में जनता के भरोसे पर इस मामले के व्यापक असर को लेकर चिंता जताई और साथ ही यह भी कहा कि वह न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं।

### बोले- अंतरात्मा की आवाज पर फैसला नतीजे के लिए तैयार

केजरीवाल ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया है और वह इसके नतीजे भुगतने को तैयार हैं। उन्होंने लिखा, हो सकता है कि इससे मेरे अपने कानूनी हितों को नुकसान पहुंचे। मुझे पता है कि इस अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखने का मौका मैं गंवा सकता हूं और गंभीर अंजाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने लिखा, मेरी आपत्ति उच्च न्यायालय या व्यापक न्यायिक व्यवस्था से नहीं है। आपत्ति केवल इस बात से है कि यह मामला न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष ऐसे हालात में जारी है जहां गंभीर और अनसुलझे सवाल और परिस्थितियां उनके निष्पक्ष न्याय कर सकने पर जनता में गहरा संदेह पैदा कर रही हैं।

## कनाडा में सिख पर हमला, कहा- मेरे देश से निकल जाओ

**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा- मेरे देश से बाहर निकल जाओ। इस घटना के बाद पुलिस ने इसे घृणा से प्रेरित हमला मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

वुडस्टॉक पुलिस के मुताबिक घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक में हुई। बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे तभी एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। युवक ने पीड़ित को उनकी नस्लीय पहचान के आधार पर निशाना बनाया और टिप्पणियां की व अपशब्द कहे। जांच में पाया गया कि युवक ने बिना किसी उकसावे के बुजुर्ग पर हमला किया। हमले के बाद युवक टर्टल आइलैंड स्कूल की बाड़ फांदकर परिसर में घुस गया और फिर वहां से निकल भागा। पुलिस ने बताया, जांच के बाद घृणा से प्रेरित हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। जमानत सुनवाई तक उसे हिरासत में रखा गया है।

# जिहादियों के हमले में मारे गए माली के रक्षा मंत्री

**डाकार (सेनेगल), एजेंसी**

माली में जिहादियों और विद्रोहियों के एक बड़े और सुनियोजित हमले में देश के रक्षा मंत्री जनरल सादियो कमारा की मौत हो गई। विद्रोहियों ने कई शहरों और सैन्य अड्डों पर कब्जा कर लिया। यह जुंटा के शासन वाले इस देश में हिंसा की ताजा घटना है। माली लंबे समय से अल-कायदा और इस्लामी स्टेट से जुड़े आतंकवादियों के साथ-साथ उत्तर में अलगाववादी विद्रोह से जूझ रहा है।

माली सरकार ने रक्षा मंत्रालय के फेसबुक पेज पर एक पोस्ट करके रक्षा मंत्री के मारे जाने की पुष्टि की और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई। शनिवार को माली की राजधानी बमाको और कई अन्य शहरों पर एक साथ हमला हुआ जो देश की सेना पर अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक था। इस हमले ने माली के सुरक्षा साझेदार रूस को भी चुनौती दी, जिसके सैनिक इस पश्चिम अफ्रीकी देश में तैनात हैं।



- **विद्रोहियों ने अलग-अलग इलाकों में हमला कर कई शहरों और सैन्य अड्डों पर किया कब्जा**

सरकार ने शनिवार के हमलों में मारे गए लोगों की संख्या अभी तक नहीं बताई है। पहले केवल यह कहा गया था कि 16 लोग घायल हुए हैं। सरकार ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, शनिवार को कमारा के आवास को आत्मघाती कार बम हमलावर और अन्य हमलावरों ने निशाना बनाया। उन्होंने हमलावरों से लोहा लिया और कुछ को मार गिराया। भीषण हमले में वह घायल हो गए और जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 जुलाई तक होंगे

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य , शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान-इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई तक की जा सकती है।

प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन या सिफारिशें भेजने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई हैं। नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार पोर्टल पर केवल ऑनलाइन की जा सकती हैं। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों में से ऐसे लोगों की पहचान के प्रयास किए जा सकते हैं जिनकी उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं।

# कैसी है पाताल की दुनिया

### समुद्र का काला कोना जहां घुटने टेक देता है विज्ञान

हम अक्सर अंतरिक्ष की बात करते हैं, लेकिन यह कम ही लोगों को पता है कि हमारे अपने पैरों के नीचे यानी समुद्र की गहराइयों में एक अलग ही ब्रह्मांड बसता है।




यह समुद्र का वह काला कोना है जहां विज्ञान भी घुटने टेक देता है। सामान्य भाषा में हम इसे पाताल के नाम से जानते हैं जिसे किसी ने नहीं देखा है और जहां सूरज की रोशनी भी जाने से डरती है। असल में, पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी ही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने मंगल और चंद्रमा का नक्शा समुद्र के तल से कहीं बेहतर बनाया है। समुद्र का 80 प्रतिशत हिस्सा आज भी अनकहा और अनसुना है।



### पाताल में रहने वाले एलियंस

- गहरे समुद्र में रहने वाले जीव किसी दूसरी दुनिया के प्राणियों जैसे दिखते हैं। चूंकि वहां 24 घंटे अंधेरा रहता है, इसलिए प्रकृति ने उन्हें अजीबोगरीब शक्तियां दी हैं।
- यहां जीव खुद अपनी रोशनी पैदा करते हैं। कुछ तरह की मछलियां अपने सिर पर कुदरती लालटेन लेकर चलती हैं तो कुछ अंधेरे में नीली रोशनी से चमकती हैं।
- कई जीव कांच की तरह पारदर्शी होते हैं ताकि शिकारियों को दिखाई न दें। कुछ जीवों की आंखें ही नहीं होतीं, वे सिर्फ कंपन और रसायनों से शिकार का पता लगाते हैं।



### दबाव ऐसा कि लोहा भी पिचक जाए

जैसे–जैसे आप नीचे जाते हैं, पानी का वजन आप पर बढ़ता जाता है। समुद्र के सबसे गहरे बिंदु को मारियाना ट्रेंच के नाम से जाना जाता है जहां इतना अधिक दबाव होता है जो एक इंसान के ऊपर 50 जंबो जेट विमान रखने के बराबर है। वहां एक साधारण पनडुब्बी भी डिब्बे की तरह पिचक सकती है।

### अनसुलझे रहस्य

**समुद्र की अनंत गहराई में केवल जीव नहीं, ऐसी आवाजें और घटनाएं भी कैद हैं जिनका जवाब आज तक किसी वैज्ञानिक के पास नहीं है।**

- द ब्लूप... 1997 में समुद्र के भीतर एक ऐसी शक्तिशाली आवाज रिकॉर्ड की गई जो हजारों किलोमीटर दूर तक सुनी गई। वैज्ञानिकों का मानना था कि यह किसी विशाल जीव की आवाज है, जो ब्लू व्हेल से भी कई गुना बड़ा हो सकता है। हालांकि बाद में इसे बर्फ के टूटने की आवाज कहा गया, लेकिन कई लोग आज भी मानते हैं कि नीचे कुछ बहुत विशाल और जीवित छिपा है।

### पाताल की नदियां और ज्वालामुखी

- सुनने में अजीब लगता है, लेकिन वैज्ञानिक अनुमान है कि समुद्र के तल पर भी नदियां और झीलें होती हैं। इनका पानी इतना खारा और घना होता है कि यह बाकी समुद्री पानी में नहीं मिलता और नीचे अपनी अलग धारा बनाता है।
- समुद्र के फर्श पर ऐसी दरारें हैं जहां से उबलता हुआ जहरीला पानी और रसायनों का धुआं निकलता है। जहां जीवन नामुमकिन होना चाहिए, वहां बैक्टीरिया और केकड़े पनपते हैं जो रोशनी के बिना केवल रसायनों से ऊर्जा बनाते हैं।

### गायब होते जहाज और शहर

द्वारका से अटलांटिस तक ऐसी कई प्राचीन सभ्यताओं के अवशेष आज भी समुद्र की गोद में दबे हैं। अनुमान है कि गहराई में रहने वाले जीवों ने इनमें अपना घर बना लिया होगा।

**एक पूरी परग्रही दुनिया हमारे ठीक नीचे मौजूद है। वैज्ञानिक अंतरिक्ष की अनंतता तो माप रहे हैं, लेकिन इस रहस्यमयी नीले अंधेरे को पूरी तरह नहीं जान पाए।**

## पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस ने जताई गहरी चिंता

**मास्को।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती होड़ पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर एट लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है।

बेलौसोव के अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही हिमस्खलन जैसी वृद्धि में बदल सकता है। एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक सोमवार से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। बेलौसोव ने कहा, गैर परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों और विस्तारित या अग्रिम परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रूसी राजनयिक ने यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को मान–सम्मान प्राप्त होगा।

**तुला** – आज काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से अधिक मेलजोल न रखें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृष** – आज आपकी मन:स्थिति कुछ विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाएंगे। अपने खानपान को संयमित रखें।

**वृश्चिक** – आज दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। उच्च अधिकारी आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज आप अत्यंत निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु** – आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज दिनचर्या में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहेगा। विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी।

**मकर** – आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। कारोबार में बड़ा लाभ प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा।

**सिंह** – आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए।


**कुंभ** – आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कन्या** – आज पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा।

**मीन** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन में नए–नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– वैशाख, पक्ष–शुक्ल पक्ष, द्वादशी 18.51 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**–उत्तर, **ऋतु**– ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**– मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**–उत्तराफाल्गुनी 22.36 तक तत्पश्चात हस्त।

### सुडोकू - 132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |

### सुडोकू -133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

## एम्स दिल्ली के अंतरिम निदेशक बने डॉ. निखिल टंडन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रमुख एवं डीन (अकादमिक) डॉ. निखिल टंडन को तत्काल प्रभाव से संस्थान का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया है।

डॉ. एम. श्रीनिवास के नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद यह व्यवस्था 6 महीने या नियमित नियुक्ति होने तक लागू रहेगी। डॉ. टंडन तब तक अंतरिम निदेशक के रूप में कार्य करते रहेंगे जब तक इस पद पर किसी नियमित व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो जाती। यह व्यवस्था एम्स नियम, 2019 के नियम 9(4) के तहत है।

**ऐतिहासिक पहल** | दोनों ने मुलाकात में जताया संकल्प, जटिल मतभेद दूर करने के प्रयास जारी रखेंगे

# कल्पना से परे... कैंटरबरी की आर्चबिशप से मिले पोप लियो

**वेटिकन सिटी, एजेंसी**

पोप लियो 14वें ने सोमवार को वेटिकन में कैंटरबरी की आर्कबिशप सारा मुलाली के साथ प्रार्थना की और संकल्प जताया कि मतभेद चाहे कितने ही जटिल क्यों न हों, उन्हें दूर करने के प्रयास जारी रहेंगे। यह मुलाकात ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि सारा मुलाली चर्च ऑफ इंग्लैंड की पहली महिला प्रमुख और वैश्विक एंग्लिकन कम्यूनियन की आध्यात्मिक नेता हैं।

ईसाई धर्म के इन दो प्रमुख धार्मिक नेताओं के बीच यह मुलाकात कुछ वर्ष पहले तक कल्पना से परे मानी जाती थी, खासकर महिलाओं के शीर्ष पद पर अभिषेक और मुलाली की नियुक्ति को लेकर दोनों चर्चों के बीच मतभेदों के कारण। पोप ने स्वीकार किया कि दोनों चर्चों के संबंधों में नए मुद्दे जुड़ गए हैं, जो पहले से मौजूद ऐतिहासिक मतभेदों के साथ जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद उन्होंने पूर्व पोप परंपरा को जारी रखते हुए चर्चों के एकीकरण के प्रयास जारी रखने का वादा किया। एंग्लिकन चर्च 1534 में हेनरी अष्टम के समय रोम से अलग हो गया था, जब उनके विवाह को निरस्त करने से इन्कार कर दिया गया था। 1960 के दशक से औपचारिक धर्मशास्त्रीय संवाद शुरू होने के बावजूद, महिलाओं को पादरी बनाने जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं।

रोमन कैथोलिक चर्च में यह पद केवल पुरुषों के लिए आरक्षित है। लियो ने पोप फ्रांसिस का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतभेदों के कारण वे अपने साझा उद्देश्य मसीह का संदेश फैलाने को पूरा नहीं करते तो यह गलत होगा। उन्होंने कहा, मेरी ओर से मैं जोड़ना चाहूंगा कि यदि हम अपने मतभेदों को दूर करने के लिए प्रयास जारी नहीं रखते तो यह भी गलत होगा, चाहे वे कितने ही कठिन क्यों न हों। मुलाली की नियुक्ति से पहले से विभाजित एंग्लिकन समुदाय में और मतभेद उभरे हैं। वह पिछले महीने पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर वेटिकन पहुंचीं। उन्होंने स्वागत के लिए पोप का आभार जताया। दोनों धर्मगुरुओं ने पोप के पुस्तकालय में मुलाकात के बाद एपोस्टोलिक पैलेस के अर्बन आठवें चैपल में संयुक्त प्रार्थना की। वेटिकन के अनुसार यह प्रार्थना का विशेष क्षण था।



कैंटरबरी की आर्चबिशप सारा मुलाली के साथ पोप लियो।

> अमानवीय हिंसा, गहरे विभाजन और तेज सामाजिक बदलाव के बीच हमें एक आशा से भरी कहानी सुनानी होगी कि हर मानव जीवन अनमोल है और हम सभी ईश्वर की संतान हैं। हमें साझा भलाई के लिए हमेशा पुल बनाते हुए मिलकर काम करना चाहिए, न कि दीवारें बनाना चाहिए।
> – सारा मुलाली



चोटों से जूझने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान के भारत के लिए पदार्पण करने के बीच फिटनेस ही एकमात्र रुकावट है। जब भी वह मेडन ओवर डालता है तो हमेशा बल्लेबाज का विकेट लेने में कामयाब रहता है।

-इरफान पठान


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

पंजाब किंग्स

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## आरसीबी ने तूफानी प्रदर्शन कर दिल्ली कैपिटल्स की बखिया उधेड़ी

### आईपीएल-2026 : सिर्फ 75 रनों पर समेटने के बाद 6.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

भुवनेश्वर कुमार (तीन ओवर में पांच रन पर तीन विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर चार विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टीम ने आठ मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है। आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन के साथ अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है। टीम के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा डेविड मिलर (19) और काइल जैमीसन (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। हेजलवुड और भुवनेश्वर की टेस्ट मैच जैसी ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंदों का कैपिटल्स के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और टीम ने शुरुआती तीन ओवर में नौ रन तक छह विकेट गंवा दिए। पावरप्ले के बाद कैपिटल्स का स्कोर छह विकेट पर 13 रन था। यह आईपीएल में पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स ने 2009 में आरसीबी के खिलाफ दो विकेट पर 14 रन बनाए थे। सुयश शर्मा ने चार ओवर में सिर्फ सात रन देकर एक सफलता हासिल की। रसिख सलाम और कृणाल पंड्या को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जैकब बेथेल (20) ने पारी की पहली ही गेंद पर जैमीसन के खिलाफ चौका जड़ा और फिर इस गेंदबाज के दूसरे ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। कोहली ने छठे ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर आईपीएल में अपने 9000 रन पूरे किए।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साहिल पारख को खाता खोले बिना बोल्ड किया, तो वहीं हेजलवुड ने शुरुआती दो गेंदों पर शानदार लय में चल रहे लोकेश राहुल (एक) और समीर रिजवी को आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स (पांच) ने हेजलवुड के खिलाफ चौका जड़कर उन्हें हैट्रिक पूरी करने से रोका, लेकिन भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज और फिर कप्तान अक्षर पटेल (शून्य) को आउट कर सात रन तक कैपिटल्स की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया। कैपिटल्स को इसके बाद तीसरे ओवर में ही इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करना पड़ा, जब पारख की जगह पोरेल बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन हेजलवुड ने पडिक्कल के हाथों नीतीश राणा (एक) को कैच कराया, जिससे टीम ने आठ रन तक छह विकेट गंवा दिए।



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को आउट करने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार। एजेंसी

**दिल्ली कैपिटल्स**

**75/10** (16.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| साहिल पारख बो भुवनेश्वर | 00 |
| लोकेश राहुल का जितेश बो हेजलवुड | 01 |
| नीतीश राणा का पडिक्कल बो हेजलवुड | 01 |
| समीर रिजवी का जितेश बो हेजलवुड | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 05 |
| अक्षर पटेल का जितेश बो भुवनेश्वर | 00 |
| अभिषेक पोरेल बो हेजलवुड | 30 |
| डेविड मिलर का जितेश बो सलाम | 19 |
| काइल जैमिसन पगबाधा पंड्या | 12 |
| कुलदीप यादव पगबाधा सुयश | 03 |
| दुष्मंता चमीरा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 04, विकेट पतन : 1-0, 2-2, 3-2, 4-7, 5-7, 6-8, 7-43, 8-62, 9-71

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-5-3, हेजलवुड 3.3-0-12-4, सलाम 2-0-21-1, शेफर्ड 2-0-21-0, सुयश 4-0-7-1, कृणाल 2-0-9-1

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**77/1** (6.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथल का नटराजन बो जैमीसन | 20 |
| विराट कोहली नाबाद | 23 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 34 |

**अतिरिक्त** : 00, विकेट पतन : 1-26,

**गेंदबाजी** : जैमीसन 3-0-42-1, चमीरा 2-0-18-0, अक्षर 1-0-5-0, नटराजन 0.3-12-0

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -380 रन
- केएल राहुल दिल्ली-358 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-357 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार राजस्थान-14 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई -14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद-14 विकेट

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### हमें ब्रेक चाहिए और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी : रिषभ पंत

**लखनऊ।** लखनऊ सुजर जायंट्स के कप्तान रिषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मिली लगातार पांचवीं हार के बाद कहा कि हमें ब्रेक की जरूरत है और हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को उतार-चढ़ाव भरे मैच के सुपर ओवर में मिली हार के बाद पंत ने कहा देखिए, मुझे लगता है कि हमें निश्चित तौर पर एक ब्रेक चाहिए। हम ख़ुद को तरोताजा करेंगे। दबाव तो हमेशा रहेगा, और यह हमेशा दबाव वाला खेल रहेगा। लेकिन साथ ही हमें जवाब बाहर नहीं, अपने भीतर ढूंढ़ने होंगे। चीजों को सरल रखना होगा। हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। यह एक या दो खिलाड़ियों की बात नहीं हो सकती, पूरी टीम की बात है। और बहुत से लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे, इसमें कोई शक नहीं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक चिंता निकोलस पूरन की फॉर्म भी रही है, जिन्होंने अब तक सिर्फ़ 82 रन बनाए हैं, औसत 10.25 और स्ट्राइक रेट 81.18 रहा है। इसके बावजूद एलएसजी ने सुपर ओवर में पूरन और पंत को बल्लेबाजी के लिए भेजा। पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एलएसजी कुल तीन गेंद ही खेल सकी। अन्य बल्लेबाज एडन मारक्रम भी बिना खाता खोले आउट हो गए। पंत ने कहा हमने टीम के रूप में चर्चा की थी और जो नाम सामने आया, वह पूरन का था। हो सकता है वह इस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में न हों, लेकिन मुश्किल समय में आपको अपने खिलाड़ी पर भरोसा करना होता है।



**हाईलाइट**

### एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं चोटिल मीराबाई चानू

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं। भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।

### अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का लगा 20 प्रतिशत जुर्माना

**लखनऊ।** नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर ऑब्स्ट्रक्शन ऑफ द फील्ड (क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाना) दिए जाने के बाद गुस्सा दिखाने के कारण उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ा गया है। रघुवंशी को रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने दोषी पाया गया। उन्होंने केकेआर की पारी के पांचवें ओवर में घटी घटना के बाद पवेलियन लौटते समय गुस्से में सीमा रेखा पर अपने बल्ला मारा था और डग आउट में अपना हेलमेट फेंका था।

### ऑस्ट्रेलिया को हरा भारत थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा। पेरिस ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

## भारत को हराकर दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज में कब्जा किया

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

कप्तान लॉरा वोलवार्ट के नाबाद अर्धशतक के बाद नोनकुलुलेको मलाबा और नेदिन डि क्लर्क की धारदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां भारत को 23 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज 4-1 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मलाबा (15 रन पर दो विकेट) और डि क्लर्क (26 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। एलिज मारी मार्क्स, क्लो ट्रायोन और अयाबोंगा खाका ने भी एक-एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से भारत फुलमाली ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा ऋचा घोष (नाबाद 25) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाईं।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

- **कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली**

दक्षिण अफ्रीका की धारदार गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी।

दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले बेहतरीन फॉर्म में चल रही वोलवार्ट की नाबाद 92 रन की पारी से छह विकेट पर 155 रन बनाए। शुरुआती चार मैच में एक शतक और दो अर्धशतक जड़ चुकी वोलवार्ट ने 26 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए लेकिन वोलवार्ट एक छोर पर डटी रहीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने चौथे ओवर तक ही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (04) और जेमिमा रोड्रिग्स (01) के विकेट गंवा दिए। शेफाली को मार्क्स ने पवेलियन भेजा जबकि जेमिमा की पारी का अंत खाका ने किया। दोनों बल्लेबाजों के कैच ट्रायोन ने लपके। सलामी बल्लेबाज अनुष्का शर्मा (17) भी इसके बाद डि क्लर्क की गेंद पर ट्रायोन को कैच दे बैठीं जिससे भारत का स्कोर आठवें ओवर में तीन विकेट 38 रन हो गया। भारती और हरमनप्रीत ने चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहीं। मलाबा ने हरमनप्रीत को वोलवार्ट के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

## पंजाब को रोकना आसान नहीं होगा राजस्थान के लिए

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

विराट कोहली ने वर्षों तक अपनी शानदार निरंतरता के दम पर ''लक्ष्य का पीछा करने में माहिर यानी चेज़-मास्टर' का तमगा अपने नाम किया था और अब अय्यर भी उसी राह पर हैं।

कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है।



अभ्यास के दौरान राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### फील्डिंग पर ध्यान देना होगा सनराइजर्स को

राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने मजबूत स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। उसकी फील्डिंग काफी खराब रही और सनराइजर्स ने 239 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया। पराग ने कहा मुझे लगता है कि हर दिन अलग-अलग मैदान, अलग-अलग मैच और उनसे निपटने के अलग-अलग तरीके होते हैं। अभी हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि उन्होंने दिल्ली में बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था लेकिन चंडीगढ़ एक नया मैदान है, नई पिच है, नई मिट्टी है। इसलिए उम्मीद है कि मैच उस स्थिति तक नहीं जाएगा। पंजाब किंग्स ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पिछले मैच में 254 रन बनाए थे और उसके बल्लेबाज अपना शानदार प्रदर्शन जारीरखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

- **इस सीजन में अब तक अजेय रहा है पंजाब किंग्स**

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश।

**राजस्थान रॉयल्स :** शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

**सफलता का राज**

**ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह ने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने के पीछे की मेहनत को बयां किया**

## पदक की चाह में हर साल करीब 50,000 निशाने साधे

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह ने अपना करियर हिम्मत, कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर बनाया है और उन्हें पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के रूप में बड़ी सफलता मिली। उनका कहना है कि यह सफलता कोई संयोग नहीं थी बल्कि यह हर साल करीब 50,000 'क्ले टारगेट' पर निशाना साधने और हर तरह के मौसम में लगातार ट्रेनिंग करने का नतीजा थी। इस चैंपियन ट्रैप निशानेबाज ने कहा मैंने यह सब और इससे भी अधिक किया है।

उन्होंने बताया कि उनके इस सफर में हर साल करीब 45,000 से 50,000 कारतूसों का इस्तेमाल करना पड़ा। दिग्गज निशानेबाजों करणी सिंह और मानवजीत सिंह संधू के बाद 48 साल के जोरावर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले सिर्फ तीसरे भारतीय ट्रैप निशानेबाज बने। इससे पहले 2006 में क्रोएशिया के जागरेब में मानवजीत ने स्वर्ण पदक जीता था। जोरावर के लिए पिछले साल एथेंस में मिला यह बहुप्रतीक्षित पदक तीन दशकों से भी अधिक लंबे उनके पेशेवर निशानेबाजी करियर में की गई सारी मेहनत का नतीजा था।



### चयन तय करना राष्ट्रीय महासंघ का काम

जोरावर ने कहा एशियाई खेलों में चयन तय करना राष्ट्रीय महासंघ का काम है—उनकी चयन नीति क्या है और वे अंततः किसे चुनते हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर हमें उसका पालन करना होता है। जोरावर को मई में कजाखस्तान के अल्माटी में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और जुलाई में लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए 'जीरो' निशानेबाज के तौर पर शामिल किया गया है जिसका मतलब है कि वह बिना पदक के लिए पात्र हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के 75 साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जोरावर ने कहा मैं 2022 से ही इस काम में जुटा हुआ हूं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेलों के बाद मेरी योजना एकदम साफ थी कि फाइनल में जगह बनानी है। मैंने अपने लिए एकदम सटीक लक्ष्य तय किए थे क्योंकि मुझे पता था कि फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुझे कड़ी टक्कर वाले मुकाबलों में शूट-ऑफ से गुजरना पड़ेगा। जोरावर ने कहा क्योंकि तभी पदक जीतना मुमकिन हो पाता।

मेरा पहला लक्ष्य सिर्फ फाइनल तक पहुंचना था और उसके बाद मेरा ध्यान सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करने और नतीजों की चिंता नहीं करने पर था... और देखिए आज हम यहां हैं। अब जोरावर का अगला लक्ष्य 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। क्वालीफिकेशन की प्रक्रिया इसी साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से शुरू होगी।

जोरावर ने कहा अभी विश्व चैंपियनशिप होनी है, उसके बाद अगला साल भी काफी व्यस्त और मुश्किल भरा रहने वाला है। साथ ही निशानेबाजी के नियमों में भी कई बदलाव हुए हैं जिन्हें हमें अच्छी तरह समझना होगा।

दिल्ली के इस निशानेबाज ने कहा जाहिर है जो कम समय में सबसे अच्छी तरह से ढल जाएगा वही सफल होगा। इस साल सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल भी होने हैं लेकिन इस बात की संभावना कम है कि यह चैंपियन निशानेबाज भारतीय दल में शामिल होगा।

## ग्रुप में दबदबा बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीटी टीम

लंदन, एजेंसी

**विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप**

भारत की पुरुष और महिला टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रही 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उम्मीद और दबाव के जाने-पहचाने मेल के साथ उतरेंगी। मानव ठक्कर (विश्व रैंकिंग 38), जी साथियान (42), मानुष शाह (51), हरमीत देसाई (80) और पायस जैन (127) की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ग्रुप सात में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी।

कागज पर रैंकिंग भारत के पक्ष में दिखती है, विशेषकर लुबोमीर पिस्टेज (149) और यांग वांग (184) की अगुवाई वाली स्लोवाकिया की टीम के खिलाफ। फिर भी अब संन्यास ले चुके शरत कमल के अनुभव की कमी करीबी मुकाबलों में खल सकती है।

महिला टीम ग्रुप छह में यूक्रेन, युगांडा और रवांडा के साथ है। मनिका बत्रा (49) की अगुवाई वाली भारतीय टीम में यशस्विनी घोरपड़े (88), दीया चितले (92), सुतीर्था मुखर्जी (120) और सिंड्रेला दास (175) भी शामिल हैं। सिंड्रेला 16 साल की उम्र में इस चैंपियनशिप में खेलने वाली देश की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। मार्गरीटा पेसोत्स्का (51) की अगुवाई वाली यूक्रेन की टीम भारत को ठोस चुनौती पेश करेगी जिससे पुरुषों के ग्रुप की तुलना में महिला वर्ग में अधिक कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। बुसान में हुए 2024 टूर्नामेंट में भारत की दोनों टीम नॉकआउट चरण तक पहुंचीं थी लेकिन राउंड ऑफ 32 में बाहर हो गईं। लंदन में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का प्रारूप मुकाबले को और भी रोमांचक बना देता है। सिर्फ ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम को ही मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिलेगा। दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को मुश्किल क्वालीफिकेशन का सामना करना पड़ेगा। पुरुषों के लिए टीम की गहराई अब भी एक मजबूत पक्ष है। साथियान और ठक्कर टीम में निरंतरता लाते हैं जबकि शाह का लगातार बेहतर होता प्रदर्शन टीम की ताकत को और बढ़ाता है।